

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 301, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 40.5° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 15 सूर्यास्त 07 :03

अयोध्या, रविवार, 15 जून 2025




ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित...14

**नीट यूजी 2025 रिजल्ट जारी**

# राजस्थान के महेश टॉपर, मप्र के उत्कर्ष को दूसरी रैंक

## लड़कियों में दिल्ली की अविका अव्वल, 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख उत्तीर्ण, यूपी के 1.70 लाख अभ्यर्थी हुए सफल

नई दिल्ली, एजेंसी

राजस्थान के महेश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट-यूजी) में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा स्थान हासिल किया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल कुल 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। हालांकि यह संख्या पिछले वर्ष के 13.15 लाख उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से कम है। पिछले वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या भी 23.33 लाख से अधिक थी। इस वर्ष उत्तीर्ण उम्मीदवारों में 7.2 लाख से अधिक छात्राएं हैं, जबकि 5.14 लाख से अधिक छात्र हैं। इनमें से 529 अभ्यर्थी विदेशी नागरिक, 405 एनआरआई (गैर निवासी भारतीय) और 606 ओसीआई (प्रवासी भारतीय नागरिक) कार्ड धारक हैं। महाराष्ट्र के कृषांग जोशी और दिल्ली के मृणाल किशोर झा क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। लड़कियों में दिल्ली की अविका अग्रवाल शीर्ष पर रहीं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया।

अधिकतम उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश (1.70 लाख से अधिक) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र (1.25 लाख से अधिक) और राजस्थान (1.19 लाख से अधिक) का स्थान है। कुल 73 अभ्यर्थियों ने 720 में से 651 से 686 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 1,259 अभ्यर्थियों ने 601 से 650 के बीच अंक प्राप्त किए हैं। नीट-स्नातक में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के संदर्भ में देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। एनटीए हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करती है। एमबीएसएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीटें उपलब्ध हैं जिनमें सरकारी अस्पतालों में लगभग 56,000 और निजी कॉलेजों में लगभग 52,000 सीटें हैं।


महेश कुमार


उत्कर्ष अवधिया

### प्रदेश में पांचवें स्थान पर बरेली के यशस्वी

**बरेली।** नीट में बरेली के यशस्वी कुमार ने पांचवां स्थान हासिल किया है। यशस्वी ने 650 अंक हासिल किए हैं और उनकी आल इंडिया रैंक 75 है। सीबीगंज निवासी यशस्वी दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र हैं और उनके पिता डॉ. राजेश कुमार राजश्री मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उनकी सफलता पर उनके परिजनों और स्कूल वालों ने बधाई दी।


यशस्वी कुमार

# राम की पैड़ी की तर्ज पर मथुरा वृंदावन में बनेगी श्रीकृष्ण पैड़ी

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- 100 करोड़ रुपये की लागत से पैड़ी का होगा निर्माण

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में वृन्दावन में प्रस्तावित बांकेबिहारी कॉरिडोर के सामने अयोध्या की राम की पैड़ी की तर्ज पर एक सौ करोड़ रुपये की लागत से कृष्ण की पैड़ी का निर्माण कराया जाएगा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग को इसके लिए धनराशि तय कर उसी के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या में राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है, जो धार्मिक महत्व के लिए जानी जाती है।

सिंह ने बताया कि परिक्रमा क्षेत्र में डेढ़ किमी लम्बे यमुना घाटों का पुनरुद्धार किया जाएगा, जिससे वृन्दावन में यमुना के घाटों का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा।

# मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के दो निदेशकों ने दिया इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने निकाले 15 निदेशक पद के लिए विज्ञापन

**अमृत विचारः** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के दो निदेशकों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस बीच, शासन ने 15 निदेशकों के रिक्त पद के लिए विज्ञापन के जरिये आवेदन मांगें हैं। इसमें मध्यांचल निगम के इस्तीफा देने वाले निदेशकों के पद भी शामिल हैं। भीषण गर्मी व निजीकरण प्रक्रिया के बीच अचानक इस्तीफे से सवाल खड़े हो गए हैं।

इस्तीफा देने वालों में मध्यांचल निगम के निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन विकास चन्द्र अग्रवाल व निदेशक वित्त एमके बंसल शामिल हैं। दोनों निदेशकों ने अपने इस्तीफा निगमों के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल को भेजा है। सूत्रों के अनुसार अभी इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है। इस पर विचार-विमर्श के बाद कॉरपोरेशन इसे शासन को भेजगा। इस बीच, कॉरपोरेशन की ओर से 15 निदेशकों का विज्ञापन निकाला गया है। इसमें मध्यांचल निगम के दोनों निदेशकों के पद के अलावा पावर कॉरपोरेशन के लिए निदेशक वित्त, निदेशक कॉरपोरेट प्लानिंग, निदेशक आईटी, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के लिए निदेशक वित्त, निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन, पूर्वांचल निगम के लिए निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन, निदेशक वित्त, मध्यांचल निगम के निदेशक वाणिज्य, उत्पादन निगम के लिए निदेशक तकनीकी, निदेशक वित्त, पारेषण निगम के लिए निदेशक ऑपरेशन, निदेशक एसएलडीसी, निदेशक वाणिज्य एवं योजना शामिल हैं। मालूम हो कि कॉरपोरेशन में निदेशक वित्त व दक्षिणांचल निगम के निदेशक वित्त का चयन पूर्व में किया गया, पर दोनों ने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। ऐसे में निदेशकों के विज्ञापन को लेकर कई तरह की चर्चा शुरू हो गई है। उधर, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मुख्यमंत्री से इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

# एनआईए ने मप्र-राजस्थान में छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

एनआईए ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) की आतंकी साजिश की जांच के लिए शनिवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत भोपाल में तीन और राजस्थान के झालावाड़ में दो स्थान पर छापे मारे। यह छापेमारी एनआईए द्वारा दर्ज किए गए एक मामले के तहत की गई है।

बता दें कि एनआईए ने भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी समूह और संगठनों को खत्म करने के अपने प्रयासों के तहत मामला दर्ज किया था, जो संवेदनशील मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने की एचयूटी की साजिश से संबंधित है।

# कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर मिलेगा 1 लाख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- यह सुविधा सिर्फ यूपी के लोगों को, योगी सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल ने दी मंजूरी

**अमृत विचारः** श्री कैलाश मानसरोवर की तीर्थ यात्रा पर जाने वालों को योगी सरकार एक लाख रुपये आर्थिक सहायता देगी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद धर्मार्थ कार्य विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार यात्रा पूर्ण करने के 90 दिन के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यह सुविधा केवल यूपी के मूल निवासियों के लिए है। विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार भारत सरकार की ओर से आयोजित की जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा में शामिल होने वालों के अलावा जो अपने व्यक्तिगत श्रोतों से और प्राइवेट ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से भी यात्रा पूरा करेंगे वे सभी एक लाख रुपये अनुदान के पात्र होंगे। शर्त यह होगी कि यात्रा पूरा करके लौटने के बाद 90 दिन के भीतर वेबसाइट www.updharmarthkarya.in पर हर हाल में आवेदन करना होगा। आवेदन में अपनी फोटो, आधार कार्ड, पैनकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट व वीजा, बैंक खाते का विवरण, यात्रा पूर्ण करने का प्रमाण पत्र समेत अन्य अभिलेख अपलोड करना होगा। कोई भी आवेदन भौतिक रूप से स्वीकार नहीं होंगे। आवेदन पत्र का परीक्षण धर्मार्थ कार्य निदेशालय लखनऊ करेगा। सब सही पाए जाने पर अनुदान राशि सीधे बैंक खाते भेज दी जाएगी। जीवन काल में एकबार ही अनुदान मिलेगा। किसी की मृत्यु होने की दशा में पत्नी-पति या आश्रित के आवेदन की जांच-पड़ताल के बाद अनुदान की प्रतिपूर्ति दी जाएगी।


### यात्रा भवन के लिए 73.58 लाख दिए

गाजियाबाद के इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन के संचालन और उपकरणों को क्रियाशील करने के लिए कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम को 73 लाख 58 हजार 205 रुपये का बजट दिया गया है। आधी धनराशि पहले ही दी गई थी, शेष 36 लाख 79 हजार 102 रुपये की धनराशि शासन ने मंजूर की है।


ADMISSIONS OPEN 2025

VIT® BHOPAL
www.vitbhopal.ac.in

THE FUTURE IS YOURS...
It's time to AI
APPLY IMMEDIATELY



GET THE VIT BHOPAL EDGE
World-Class Faculty with Doctoral Expertise
Collaborative & Active Learning (CALTech™) Pedagogy
300+ Acre Green Campus
70+ MoUs with leading Global Universities
Diverse Cultural Environment with students from 32 States / Union Territories

PLACEMENT STATISTICS
₹52 LPA Highest CTC*
730+ Super Dream & Dream Offers*
Microsoft Placements 6 years in a row
CENTRALIZED PLACEMENT THROUGH VIT VELLORE

FUTURE READY 5-YEAR INTEGRATED M.TECH PROGRAMMES
(Admission after 10+2 | No Entrance Exam)
- M.Tech Artificial Intelligence
- M.Tech CSE (Computational & Data Science)
- M.Tech CSE (Cyber Security) ■ M.Tech AI & Bioinformatics

ARCHITECTURE PROGRAMME
B.Arch - 5 years (Approved by COA)
Eligibility: Students with a valid score of NATA

UG PROGRAMME - B.B.A.
Regular (3 Years); Honours (4 Years);
Honours with Research (4 Years) as per NEP norms

FUTURE READY 2-YEAR PG PROGRAMMES
- M.Tech CSE (Cyber Security & Digital Forensics)
- M.Tech Artificial Intelligence & Data Science
- M.Tech VLSI Design ■ M.B.A. ■ M.C.A.

RESEARCH PROGRAMME - Ph.D
■ Engineering ■ Sciences ■ Business Studies ■ Humanities

VIT Bhopal University
Bhopal-Indore Highway, Kothrikalan, Sehore, Madhya Pradesh 466 114.
admissions@vitbhopal.ac.in

Admission Helpline:
70241 81822
07560-350900 / 901 / 902

To interact and know more type "VIT" and WhatsApp to +91 70242 40878

Scan to interact and know more

# नजूल भूमि पर बनेगा आधुनिक व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

## नगरवासी चौक क्षेत्र में विश्वस्तरीय खरीदारी का करेंगे अनुभव, अयोध्या विकास प्राधिकरण को सौंपी गयी जिम्मेदारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** नगर के हृदय स्थल चौक क्षेत्र में नजूल की 9275.23 वर्ग मीटर भूमि पर एक भव्य व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, पार्किंग सुविधा और फूड कोर्ट के निर्माण की महत्वाकांक्षी परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना की जिम्मेदारी अयोध्या विकास प्राधिकरण को सौंपी गई है। यह परियोजना शहर की यातायात व्यवस्था, शहरी सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित व्यावसायिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। प्रस्तावित योजना के तहत दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए आधुनिक पार्किंग सुविधा, भू-तल, प्रथम और द्वितीय तल पर 200 से अधिक दुकानों का निर्माण और शीर्ष तल पर फूड कोर्ट की व्यवस्था होगी। यह कॉम्प्लेक्स स्थानीय व्यापारियों को नए अवसर प्रदान करेगा। शहर वासियों को विश्वस्तरीय खरीदारी का अनुभव देगा। चौक बाजार की पार्किंग समस्या का स्थायी समाधान होगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण, नजूल विभाग और नगर निगम के संयुक्त सर्वे में 189 प्रभावित संपत्तियों की पहचान की गई। जिनमें दुकानें, चबूतरे और आवास शामिल हैं। 12 जून को नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस और प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने नजूल भूमि पर मौजूद नगर निगम के जर्जर और अस्थायी ढांचों के साथ-साथ नौ जर्जर दुकानों को सुरक्षित तरीके से ध्वस्त किया। परियोजना से प्रभावित दुकानदारों के लिए पुनर्वास की व्यापक योजना बनाई गई है। चिन्हित दुकानदारों को नवनिर्मित व्यावसायिक काम्प्लेक्स में दुकानें आवंटित की जाएंगी। निर्माण कार्य के दौरान व्यवसायिक गतिविधियों के लिए परियोजना स्थल के समीप अस्थायी व्यवस्था की जाएगी। आवासीय संरचनाओं को पुनर्वास के बाद ही हटाया जाएगा, जिससे प्रभावित लोगों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक जिला प्रशासन संग हुई बैठक में सभी फैसलों को अंतिम रूप दिया गया। यह परियोजना अयोध्या के शहरी विकास व आर्थिक समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित लोगों का पुनर्वास सुचारू रूप से हो और परियोजना समयबद्ध पूरी हो।



चौक पुरानी सब्जी मंडी के पीड़ित लोगों से मिलते आप के जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति।

### पुरानी सब्जी मंडी के पीड़ितों को मिले न्याय : अनिल

**अयोध्या, अमृत विचार** : आप नेताओं का प्रतिनिधिमण्डल शनिवार को जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति के नेतृत्व में चौक के पास ध्वस्त सब्ज़ी मंडी के पीड़ितों से मिला। जिलाध्यक्ष ने कहा हर हाल में पीड़ित लोगों को न्याय मिलना चाहिए। इस चिलचिलाती गर्मी में बजाए कुछ मदद करने के उनके आशियाने छीन लिये। शीघ्र डीएम से मिलकर उचित रास्ता निकालने का प्रयास करेगी। प्रतिनिधि मंडल गायत्री मिश्रा, यूके द्विवेदी, मोहम्मद इजराइल, कैप्टन इरशाद हसन, शारजाह मास्टर, गुड़िया रानी, रघुनाथ प्रताप, निलेश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।



महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसु राज गुलकर का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसु राज गुलकर शनिवार को अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर संघ के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद बाईपास स्थित एक होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

इस मौके पर वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, प्रदेश महामंत्री उमाशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष दंगल सिंह, जिला संयोजक अलोकेश रंजन, चंद्रशेखर सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुंह पर सिगरेट का धुआं फेंकने पर मारपीट, एक की हालत गंभीर

## कालिका हवेली की घटना, तीन नामजद समेत अज्ञात पर केस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** थाना कैंट अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कालिका हवेली रेस्टोरेंट पर गुरुवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एसयूवी सवार आठ-दस लोगों ने एक युवक को लोहे की रॉड व हॉकी से जमकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तीन को नामजद करते हुए अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

कुलदीप निवासी घाटमपुर थाना कैंट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की रात करीब 11:30 बजे उसका भाई सूरज रेस्टोरेंट पर आइसक्रीम खाने गया था। इस दौरान एसयूवी पर सवार अमित कुमार निवासी पहाड़गंज, शशिकांत निवासी गंजा तथा अशोक कुमार निवासी नाका मकबरा समेत आठ-दस लोग आए और उनके पास सिगरेट पीने लगे। इनमें से एक ने सिगरेट का धुआं उनके ऊपर छोड़ना शुरू किया, जब उसने इसका विरोध किया तो सभी ने एसयूवी से हॉकी व लोहे की रॉड निकालकर सूरज के ऊपर हमला कर दिया व पीट पीटकर बेहोश कर दिया। यह देख होटल के स्टाफ दौड़े तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। बताया कि उनके भाई का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। उधर, घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। थाना प्रभारी कैंट पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अमित, शशिकांत व अशोक समेत अज्ञात पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# विकसित भारत का सपना हो रहा साकार : विधायक

**पूराबाजार, अयोध्याः** पूराबाजार ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी के मंडल स्तर की विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन शनिवार देर शाम किया गया। जिसमें मंडल के समस्त पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठ और मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत में अहमदाबाद में हुई एयरक्राफ्ट दुर्घटना में मृतकों के प्रति दो मिनट में मौन व श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि देश एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है और विकसित भारत का सपना अब साकार होता दिख रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह जन-जन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेंद्र सिंह ने युवाओं की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को विकास का वाहक बनना होगा और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निष्ठापूर्वक कार्य करना होगा। जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल ने कहा यह संकल्प सभा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने की।

# निविदा संविदाकर्मियों पर केस दर्ज कराने की साजिश : रघुवंश मिश्रा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : विद्युत मजदूर पंचायत के बैनर तले शनिवार को मुख्य अभियंता कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना जारी रहा। यहां आयोजित विरोध सभा में प्रांतीय उप मंत्री रघुवंश मिश्रा ने कहा कि मुख्य अभियंता वितरण धरना दे रहे कर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कराने की साजिश कर रहे हैं। आरोप लगाया कि चौकी सिविल लाइन इंचार्ज को भेजा गया और उन्होंने वीडियो व फोटो बनाए।

उन्होंने कहा कि अगर समय रहते हुए समस्या का समाधान न किया गया तो इससे उत्पन्न होने वाली औद्योगिक अशांति की संपूर्ण जिम्मेदारी मुख्य अभियंता की होगी। वह कर्मचारी समस्याओं का समाधान करने के बजाए अपनी कमियों को छुपाने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। संचालन संगठन के अध्यक्ष जय गोविन्द ने किया। धरने को प्राविधिक संघ के नेता विजय प्रताप सिंह ने संबोधित किया। धरने में बड़ी संख्या में निविदा संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।




मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना देते निविदा संविदा कर्मचारी। अमृत विचार

# लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने से मिलती सफलता

- परमहंस महाविद्यालय में 10वीं व 12वीं के 50 मेधावी हुए सम्मानित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : लक्ष्य निर्धारित करके परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है। इसके लिए अनुशासन व शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन को समाहित करना भी जरूरी है। ये बातें पूर्व महापौर व श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण पीजी कॉलेज के प्रबंधक ऋषिकेश उपाध्याय ने कहीं। वह शनिवार को महाविद्यालय में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर हुई। कार्यक्रम में यूपी व सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर के टॉपर सहित 50 से अधिक मेधावियों को महाविद्यालय के प्रबंधक व वंदना उपाध्याय ने मेडल पहनाकर, उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

वंदना उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति को किसी भी क्षेत्र में शिखर पर पहुंचा सकता है। कार्यक्रम में यूपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड के जिन छात्रों ने जिले में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, उन्हें क्रमशः 11 हजार, 5100 एवं 2100 रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य मेधावियों को 500 रुपये व बैग किट देकर सम्मानित किया गया। नाका हनुमान गढ़ी के महंत रामदास महाराज, भाजपा महानगर महामंत्री परमानंद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, कमलेश श्रीवास्तव ने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य डॉ. सुनील तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विष्णु तिवारी, रोहित पांडेय, सुभाष चंद्र त्रिपाठी, डॉ. अमरजीत पांडेय रहे।




परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में मेधावीओं के साथ अतिथिगण। अमृत विचार

### अज्ञात युवक का मिला शव हत्या की जताई आशंका

**सोहावल, अयोध्या** : रौनाही थाना क्षेत्र के रसूलपुर डगरा स्थित मदरसा से चंद कदम की दूरी पर सड़क किनारे झाड़ियों में अज्ञात युवक का शव मिला। शरीर पर चोट के कई निशान होने से संभावना जताई जा रही है कि हत्या कर शव यहां फेंका गया है। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी हुई है। रसूलपुर डगरा के ग्रामीणों ने मदरसे के पास शनिवार सुबह झाड़ियों में युवक का शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंचे रौनाही थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतीत होता है कि किसी दुर्घटना या मारपीट में घायल होने से युवक की मौत हुई है। शव की शिनाख्त के लिए आसपास लापता युवकों की फोटो से मिलान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# और पुख्ता होगी अयोध्या की सुरक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** रामनगरी को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अयोध्या नगर निगम ने योगी सरकार की स्मार्ट सिटी पहल के तहत एक महत्वाकांक्षी मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके अंतर्गत इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर (आईसीसीसी) स्थापित किया जाएगा।

इस परियोजना के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या और फैजाबाद में 1000 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। नियोजन विभाग ने इस योजना को मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। पुलिस विभाग के सहयोग से शहर के संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर ये कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। योगी सरकार की इस पहल के तहत सिविल लाइन्स में नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के संयुक्त कार्यालय में एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। नगर निगम के निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पुनीत ओझा ने बताया कि शासन से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद इस परियोजना पर तेजी से काम शुरू होगा।

## सार-संक्षेप

### पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटका मिला किशोरी का शव

**हैदरगंज, अयोध्या/अमृत विचार** : थाना हैदरगंज क्षेत्र के सराय मनोधर गनेशपुर गांव में शनिवार सुबह गुड़िया (17) पुत्री राजकुमार निषाद का शव गांव के एक बाग में कटहल के पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घरवालों के अनुसार मृतका एक साल से मानसिक बीमारी से पीड़ित थी। इसी के चलते कुछ दिनों से अवसाद में चल रही थी। थाना प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

### रेल ट्रैक पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

**बड़ागांव, अयोध्या/अमृत विचार** : अयोध्या-लखनऊ रेल प्रखंड पर स्थित देवराकोट रेलवे स्टेशन के पश्चिमी ओर रेल ट्रैक पर शुक्रवार देर रात एक अज्ञात युवक का शव दो टुकड़ों में मिला। जीआरपी प्रभारी समर सिंह ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। बताया कि 19616 डाउन एक्सप्रेस रात लगभग एक बजे बनारस की ओर जा रही थी। इसके चालक ने शव पड़ा होने की सूचना स्टेशन अधीक्षक देवरकोट को दी। युवक की उम्र 25 वर्ष के आसपास लग रही है। संभावना है वह ट्रेन से गिर गया होगा।

### प्राथमिक शिक्षक संघ से तीन पदाधिकारी निलंबित

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तीन पदाधिकारी निलंबित कर दिए गए हैं। जिला महामंत्री प्रेम कुमार वर्मा ने बताया निलम्बित किए गए शिक्षकों में अवधेश कुमार यादव सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय डेरा मूसी सोहावल, ब्लॉक रुदौली के मंत्री रहे अशोक कुमार वर्मा और फूलचंद सरोज कोषाध्यक्ष ब्लॉक रुदौली को संगठन विरोधी गतिविधियों के कारण संगठन ने 6 वर्षों के लिए संगठन की सदस्यता से निलंबित करने का निर्णय लिया है। निलंबित सदस्यों को अपने पक्ष में स्पष्टीकरण देने के लिए 15 दोनों का समय दिया गया है। यदि इस समय में उनके द्वारा संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है तो उन्हें संगठन से छह वर्षों के लिए पूरी तरीके से निष्कासित माना जाएगा।

### निर्माणाधीन नाले में अनियमितता की शिकायत

**रुदौली, अयोध्या/अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद के बीर अब्दुल हामिद वार्ड के निर्माणाधीन नाले में अनियमितता किए जाने की शिकायत जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के सदस्य सरफराज नसरुल्लाह ने जिलाधिकारी से की है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि रुदौली नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड संख्या 20 वीर अब्दुल हमीद मोहल्ला पूरे खान में कराया जा रहा नाला आदि निर्माण कार्य मानक के विपरीत पीली ईंट व घटिया सामग्री से कराया जा रहा है। आरोप लगाया कि यह कार्य नगर पालिका परिषद के अधिकृत ठेकेदार से न कराकर नियम विरुद्ध किसी दूसरे अनिधिकृत व्यक्ति द्वारा करवाया जा रहा है। बताया कि नाला निर्माण कार्य की गति धीमी होने के कारण नाले के साइड के रहने वाले निवासियों के आवागमन व पड़ रही भीषण गर्मी में जलापूर्ति की विकट समस्या जूझना पड़ रहा है।

### गायत्री परिवार ने निकाली ज्योति कलश रथयात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार** : अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के निर्देशानुसार गायत्री शक्तिपीठ रामकोट के नेतृत्व में लता मंगेशकर चौक से ज्योति कलश रथयात्रा निकाली गई। जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी ने बताया शांतिकुज हरिद्वार में पंडित आचार्य श्रीराम शर्मा के हाथों प्रज्वलित किए गए। अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने व माता भगवती शर्मा तथा पंडित श्रीराम शर्मा के आध्यात्मिक जीवन का शताब्दी वर्ष होने के उपलक्ष्य में यात्रा निकाली गई। मीडिया प्रभारी नीलम मिश्रा ने बताया आरती पूजन कर लता मंगेशकर चौक से यात्रा शुरू हुई। इस दौरान संजय चतुर्वेदी, विनोद सिंह, मधु सिंह, उषा तिवारी, विनीत पांडे समेत अन्य मौजूद रहे।

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 301, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

अयोध्या, रविवार, 15 जून 2025



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



**आज का मौसम** 40.5° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 :03

ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप...14



आईएमए में शनिवार को भव्य पासिंग आउट परेड में जेंटलमैन कैडेट्स।

## देश को मिले 419 जांबाज अफसर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आईएमए देहरादून में भव्य पासिंग आउट परेड संपन्न, नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए

**अमृत विचार:** भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश की सेना के अंग बन गए। साथ ही नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी।

सुबह 6:38 बजे मार्कर्स कॉल के साथ परेड का शुभारंभ हुआ। इसके बाद कंपनी सार्जेंट मेजरों ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह संभाली। 6:42 बजे एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी ने हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस बार की पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसंबर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

## मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 4 नक्सली मारे गए

बालाघाट (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश के बालाघाट में पुलिस के साथ मुठभेड़, ग्रेनेड लॉन्चर समेत अन्य हथियार बरामद

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शनिवार को बालाघाट जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली मारे गएघटनास्थल से ग्रेनेड लांचर, एक एसएलआर, दो .315 बोर राइफल, अन्य हथियार और सामग्री भी बरामद की गयी है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राज्य ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। एक पुरुष एवं तीन महिला सशस्त्र नक्सलियों को पचामादादर एवं कटेझिरिया के जंगल में हॉकफोर्स, जिला बल एवं सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में मार गिराया गया है। उन्होंने नक्सलियों के सफाये के लिए पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि तलाशी अभियान अब भी जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान लगे हुए हैं।

### एक नजर

#### सुहास शेट्टी हत्याकांड की जांच एनआईए के हवाले

**मंगलुरु।** एनआईए की एक टीम हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने के लिए शनिवार को यहां पहुंची। शेट्टी की एक मई को दक्षिणी कन्नड जिले के मंगलुरु शहर के बाजपे इलाके में हत्या कर दी गई थी। एनआईए के पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया है। मंगलुरु पुलिस ने एनआईए टीम के आगमन की पुष्टि की और कहा कि प्रारंभिक जानकारी नगर अपराध शाखा (सीसीबी) के अधिकारियों के साथ साझा की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाल ही में यह मामला एनआईए को सौंपा था।

#### प्रधानमंत्री 20 को तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को ओडिशा में भाजपा की पहली सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने से पहले तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे और एक रोड शो करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की सरकार ने यद्यपि 12 जून को अपना एक वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन प्रशासन एक सप्ताह तक जश्न मना रहा है, जिसका समापन 20 जून को प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ होगा। मोदी पिछले साल ओडिशा में माझी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे।

## विमान हादसे की जांच को उच्चस्तरीय समिति गठित, 11 शव के डीएनए मैच

### मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच की

- ब्रिटेन ने अहमदाबाद में सहायता केंद्र किया स्थापित

अहमदाबाद/नई दिल्ली, एजेंसी



अहमदाबाद में विमान के मलवे की जांच करती टीम। ● एजेंसी

अहमदाबाद में लंदन जा रही एयर इंडिया की विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 280 हो गई। इसी बीच, केंद्र सरकार ने हादसे के कारणों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बहु-विषयक समिति गठित की है। जांचकर्ता बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर (एआई171) के गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच कर रहे हैं। वहीं अब तक 11 शव के डीएनए का उनके परिजन के डीएनए से मिलान हो गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा के स्वामित्व वाली विमान कंपनी के बोइंग 787 श्रृंखला के विमानों की विस्तारित निगरानी के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की एक बार की सुरक्षा जांच की है और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशानुसार शेष 24 ऐसे विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में अग्रसर है। एअर इंडिया के बेड़े में अब 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। एक बार की सुरक्षा जांच से तात्पर्य किसी विशेष कार्यक्रम या गतिविधि से पहले किसी चीज के सुरक्षित होने और संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किए गए विशिष्ट निरीक्षण या मूल्यांकन से है। नायडू ने कहा कि देश में विमानन सुरक्षा के बहुत सख्त मानक और मजबूत प्रोटोकॉल हैं तथा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली केंद्रीय समिति भविष्य में अहमदाबाद दुर्घटना जैसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी सुझाएगी। इसकी पहली बैठक सोमवार को होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगी। वहीं, एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए अब तक 11 लोगों के शव के डीएनए का मिलान उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए से हो चुका है। मेडिकल कॉलेज के एक वरिष्ठ सरकारी चिकित्सक ने बताया कि कई शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं या क्षतिग्रस्त हो चुके हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है इसलिए डीएनए जांच कर रहे हैं। आठ शवों की पहचान उनके रिश्तेदारों ने कर ली थी और जिनके डीएनए की जांच की जरूरत नहीं है, वे पहले ही उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

### एअर इंडिया, एआई एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का नहीं करेंगी इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** घातक दुर्घटना के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का इस्तेमाल नहीं करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे। उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 171 का संचालन कर रहा था। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह एक आम चलन है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग करना बंद कर देती हैं।

## तेल अवीव पर मिसाइलों की बौछार, 3 की मौत, 60 घायल

दुबई, एजेंसी

- परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की

ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल पर जवाबी हमले करते हुए मिसाइल और ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके सशस्त्र बलों पर इजराइल के कई हमलों के बाद हुआ है।

अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने प्रमुख प्रतिष्ठानों पर हमला करने तथा शीर्ष जनरलों और वैज्ञानिकों को मारने के लिए लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। संयुक्त राष्ट्र के लिए ईरान के राजदूत ने कहा कि हमलों में 80 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी, जिसके विस्फोटों से यरुशलम और तेल अवीव के ऊपर रात के आसमान में रोशनी हो गई। इजराइली सेना ने नागरिकों से सुरक्षित स्थानों में रहने का आग्रह किया है। इजराइल और ईरान दोनों ने कहा कि उनके हमले जारी रहेंगे, जिससे पश्चिम एशिया में लंबे समय तक एक और संघर्ष के जारी रहने की आशंका बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका उद्देश्य इजराइल के लिए किसी भी ईरानी खतरे को खत्म करना है, साथ ही उन्होंने ईरान के नागरिकों से अपने नेताओं के खिलाफ उठ खड़े होने का भी आग्रह किया। इजराइल के हमलों से अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर आगे की बातचीत भी संदेह के घेरे में आ गई है। दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में वार्ता होनी थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ आगामी परमाणु वार्ता निरर्थक है।



इजराइल के तेल अवीव में धमाके से लगी आग।

### इजराइल ने कहा- ईरान ने अब मिसाइल दागी तो तेहरान हो जाएगा तबाह

**दुबई।** इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी कि अगर उसने मिसाइलें दागना जारी रखा तो तेहरान तबाह हो जाएगा। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब शुक्रवार सुबह ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजराइल के हमले के बाद ईरान ने शनिवार रात इजराइल पर जवाबी हमले शुरू किये। ईरान ने रात से अब तक कई बार किए गए हमले में इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

## 60,244 सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देंगे शाह

- अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आज सबसे बड़ी व सफल पुलिस भर्ती को पहुंचाएंगे अंजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी और सफल पुलिस भर्ती को अंजाम तक पहुंचाएंगे। रविवार को दोपहर 12 बजे आवास विकास परिषद की अवध विहार योजना के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस में भर्ती 60,244 अभ्यर्थियों का आना शुरू हो गया है।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते योगी।

सुरक्षा से लेकर यातायात व्यवस्था को लेकर कड़े प्रबंध किए गए हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती है। मुख्यमंत्री ने पुलिस-शासन के शीर्ष अधिकारियों ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा करके व्यवस्थाएं परखी। गर्मी से बचाव के लिए पंडाल, पेयजल, कूलर, पंखे, स्वास्थ्य कर्मी-दवाएं समेत जगह-जगह हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।

### लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन

कार्यक्रम को देखते हुए लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। कानपुर नगर, रायबरेली, सुलतानपुर, फतेहपुर, सीतापुर, महोबा, उन्नाव, अमेठी, बस्ती व जालौन में यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर कोई भी भारी वाहन लखनऊ नहीं आ सकेगा।

## एक्सिओम मिशन अब 19 को होगा प्रक्षेपित

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स द्वारा अपने फाल्कन-9 रॉकेट में तरल ऑक्सीजन रिसाव को सफलतापूर्वक ठीक कर लिए जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य के अब 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने की उम्मीद है। इसरो ने यह जानकारी दी। मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन पहले स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन के रिसाव के कारण और फिर आईएसएस के रूसी खंड में रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। एक्सिओम स्पेस ने अब एक्स-04 मिशन के प्रक्षेपण के लिए 19 जून, 2025 का लक्ष्य तय किया है।

## दक्षिण अफ्रीका बना डब्ल्यूटीसी का नया चैंपियन




**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका ने लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी का खिताब अपने नाम। साथ ही आईसीसी खिताब जीतने का 27 साल का सूखा समाप्त कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को फाइनल के चौथे दिन जीत के लिए सिर्फ 69 रन की जरूरत थी। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी। टीम ने पांच विकेट पर 282 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। यह लॉर्ड्स के 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है।

## बिजली संकट : 32 हजार मेगावाट पहुंची मांग

### ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके बिजली संकट की चपेट में, जनता बेहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थमने का नाम नहीं ले रही है। बिजली कटौती से लोग बेहाल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके भी बिजली संकट की चपेट में हैं। बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पर पहुंचने के आसार बन गए हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 31,214 मेगावाट दर्ज की गई। शाम के वक्त प्रदेश में औसतन 30 हजार मेगावाट मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 7148 मेगावाट बिजली उपलब्ध हो रही थी, जबकि मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात की जा रही थी। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब पांच सौ मेगावाट आपात बिजली कटौती की जाती रही।

### इकाइयां ठप होने से 4361 मेगावाट उत्पादन घटा

सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों उत्पादन निगम की आठ इकाइयां तकनीकी खराबी के कारण ठप हो गई हैं। इनमें अनपरा लैंको की 600 मेगावाट, अनपरा की 500 मेगावाट, ललितपुर की 660 मेगावाट, टांडा की 110 मेगावाट, घाटमपुर व जवाहरपुर की 660 मेगावाट की एक-एक और ओबरा सी की 660 मेगावाट की दो इकाइयां शामिल हैं। इन इकाइयों के ठप होने से कुल 4361 मेगावाट उत्पादन घट गया है। इससे आपात बिजली कटौती की जा रही हैं। हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात बढ़ाकर स्थिति काबू करने का प्रयास जारी है। दूसरी ओर, स्थानीय खराबियों के कारण राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप होने व घंटो गायब रहने का सिलसिला जारी है। गर्मी में बिजली न होने से लोग बेहाल हो रहे हैं।



## अमेरिकी सांसदों को घर में घुसकर मारी गोली, दो की मौत

**अमेरिका।** अमेरिका के मिनेसोटा के दो डेमोक्रेटिक सांसदों को उनके घरों में गोली मार दी गई। पहली घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट रिप्रेजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क की मौत हो गई है। दूसरी घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी येवेट को कई गोलियां मारी गई हैं। दोनों घायल हैं। दोनों की सर्जरी हुई है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि वे बच जाएंगे। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने घटना को लेकर कहा, दोनों सांसदों पर हमला राजनीति से प्रेरित लग रहा है। मेलिसा एक शानदार जनसेवक थीं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता।

## धोखाधड़ी के आरोप में सुपरटेक, प्रवर्तक आरके अरोड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला
- सीबीआई ने पांच स्थानों पर चलाया तलाशी अभियान, 28.5 लाख बरामद

सीबीआई ने आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में नोएडा स्थित निर्माण कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और उसके प्रवर्तक आर के अरोड़ा सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एफआईआर में अरोड़ा के साथ-साथ नोएडा स्थित कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों संगीता अरोड़ा, मोहित अरोड़ा, पारुल अरोड़ा, विकास कंसल, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार शर्मा और अनिल कुमार जैन का भी नाम है। शनिवार को सीबीआई ने मामले के सिलसिले में आरोपियों से जुड़े पांच स्थानों पर समन्वित तलाशी अभियान चलाया, जिसमें नोएडा और गाजियाबाद में आधिकारिक और आवासीय परिसर शामिल हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि छापेमारी के दौरान एजेंसी के अधिकारियों ने 28.5 लाख रुपये की नकदी जब्त की। यह मामला आईडीबीआई बैंक की शिकायत के बाद शुरू किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी से स्वीकृत ऋण राशि का दुरुपयोग करने की साजिश रची थी। एफआईआर के अनुसार, बैंक ने आरोप लगाया कि कंपनी और उसके निदेशकों ने झूठे बहाने के तहत ऋण सुविधाएं हासिल करने के लिए जाली दस्तावेज पेश किए। सीबीआई ने कहा कि ऋण खाते को बाद में जानबूझकर चूक करने वाला घोषित कर दिया गया और धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को कथित तौर पर 126.07 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।




## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने व हल्की वर्षा होने की संभावना है।

40.5⁰ अधिकतम तापमान | 29.0⁰ न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर अवध विवि के योग विभाग में कैंप 07 :00 बजे से।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि के संत कबीर सभागार में अवध विवि शिक्षक संघ का सेमिनार सुबह 10 :00 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- सभी पीएचसी में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य आरोग्य मेला सुबह 10 :00 बजे से।
- कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के कौशलपुरी फेस टू में सायं 04 :00 बजे से।

# समय पर नहीं हो रहा शिकायतों का समाधान, भूमि विवाद में बढ़ रहीं हत्याएं

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** जिले में हो रही हत्या की वारदातों में करीब 60 फीसदी मामले जमीन विवाद से जुड़े होते हैं। प्रथम दृष्टया इन वारदातों में पुलिस व राजस्व की भूमिका संदिग्ध नजर आती है। समय पर शिकायत का उचित निर्णय न होना, एक तरफा कार्रवाई, कार्रवाई से संतुष्ट न होना जैसे अन्य कई कारण हैं जो विवाद हल नहीं करा पाते। इससे विवाद, हत्या जैसी वारदात में बदल जाती है। अगर बीते कुछ वर्षों की बात करें तो सबसे बड़ी वारदात 22 मई 2021 को कोरोना काल में हुई थी। इनायतनगर थाना क्षेत्र के खानपुर मजरे बरिया निसारु में संपत्ति विवाद में एक ही परिवार के पांच लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। इसमें पति-पत्नी व तीन बच्चे शामिल थे। इन सभी मामलों में पीड़ित व आरोपी पक्ष कई बार पुलिस तक पहुंचे। तहसील व थाना समाधान दिवस में भी विवाद सुलझाने की फरियाद की गई, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

हालांकि कुछ अधिकारियों ने प्रभावी कदम भी उठाए, जिसका परिणाम भी अपेक्षित रहा। पूर्व एसएसपी आशीष तिवारी ने जमीन विवाद को लेकर काफी गंभीरता दिखाई थी। उन्होंने सभी सर्किल, थानों के प्रभारियों को इस तरह के मामले में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। सभी बीट दरोगा व सिपाहियों को सख्त निर्देश थे कि गांव में इस तरह के विवाद को चिह्नित करें व दोनों पक्ष की गतिविधियों पर नजर रखें। एसएसपी राजकरन नैय्यर ने भी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए थे कि वह स्वयं इन विवादों का निपटारा कराएं।

### थाना स्तर पर होगी भूमि विवादों की निगरानी

थाना व तहसील दिवस में आने वाली ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग से जुड़ी होती हैं। इस पर पुलिस व राजस्व कर्मियों की टीम बनाकर जांच के आदेश दिए जाते हैं। वहीं, सिर्फ पुलिस तक मामला पहुंचने पर ज्यादा से ज्यादा शांति भंग की कार्रवाई की जाती है। वर्तमान एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर इस तरह के विवादों को लेकर संजीदा दिख रहे हैं। उपरोक्त घटनाओं के बाद उन्होंने प्रत्येक थाने को भूमि विवाद को चिह्नित करने के साथ बड़े मामलों की निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही सभी क्षेत्राधिकारियों से कहा गया है कि वह एसडीएम के सहयोग से विवादों को निपटाने का प्रयास करें।

**केस एक** थाना तारुन क्षेत्र के बारा गांव में 25 मई को खेत की रखवाली के लिए नलकूप पर सो रहे रिटायर्ड अमीन कर्मराज यादव (65) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। घटना का कारण 12 बीघे जमीन बनी, जिसको लेकर मृतक का अपने भाई की बहू से विवाद चल रहा था। चाची व उसके दो बेटों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज हुआ। जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों में काफी दिनों से तनातनी थी। मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। कई बार थाने तक भी मामला गया। तहसील व थाना समाधान दिवस में विवाद निपटाने की मांग की गई, लेकिन पुलिस व राजस्व के अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की।

**केस दो** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के सुगन राय का पुरवा पटेल नगर में तीन जून को दिनेश कुमार वर्मा (24) पुत्र राजकुमार वर्मा की धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी गई। हत्यारों ने शव के छह टुकड़े कर दिए थे। हत्या का कारण करोड़ों की कीमत का पुश्तैनी मकान व जमीन सामने आया। मृतक के सगे चाचा, चाची सहित चार पर केस दर्ज हुआ। कई बार मामला पुलिस के समक्ष गया। अप्रैल 2025 में दोनों पक्षों पर 151 की कार्रवाई भी की गई, लेकिन विवाद का स्थायी हल निकालने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

**केस तीन** खंडासा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ पूरे फौजदार गांव में 6 जून को जमीन विवाद में मां-बेटे को लाठी डंडों व लोहे की सरिया से पीट पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि दूसरा बेटा व बहू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के पीछे 10 बिस्वा जमीन का विवाद सामने आया था। पुलिस ने गांव के ही नौ लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

**केस चार** कोतवाली बीकापुर अंतर्गत नुवावा वैदरा रतनपुर तेंदुआ गांव में शनिवार को भूमि विवाद में हुई मारपीट में घायल पति-पत्नी की मौत हो गई। 30 एयर जमीन को लेकर गांव के दो पक्षों में विवाद चल रहा था। मामला कई बार पुलिस के सामने भी गया, लेकिन समाधान नहीं हो सका।

# तपती धूप, भीषण जाम, त्राहिमाम-त्राहिमाम

## अयोध्या के देवकाली व नाका ओवरब्रिज के नीचे समेत रिकाबगंज, चौक, घंटाघर आदि जाम की गिरफ्त में

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के साथ अयोध्या शहर जाम की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। शहर के प्रमुख क्षेत्रों जैसे देवकाली, नाका ओवरब्रिज के नीचे, रिकाबगंज, चौक-घंटाघर, बजाजा, फतेहगंज और अन्य इलाकों में हर दिन जाम की स्थिति बनी हुई है। इस समस्या ने न केवल स्थानीय निवासियों, बल्कि राम मंदिर दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को भी परेशान कर रखा है। भीषण गर्मी में घंटों जाम में फंसे रहने से लोग हताश और परेशान हैं, जबकि यातायात पुलिस इस समस्या से निपटने में नाकाम साबित हो रही है।



देवकाली हाईवे के पास लगा जाम व उसमें फंसे वाहन। अमृत विचार

अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से ही श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन एक लाख से डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस भीड़ के कारण शहर की सड़कों पर वाहनों की संख्या में भी इजाफा हुआ है, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। खासकर देवकाली और नाका ओवरब्रिज के नीचे यह हाल रहता है कि लोगों को जाम हटने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।

### रेलवे स्टेशन-रायगंज-जैन मंदिर मार्ग जाम का हॉट स्पॉट

रामनगरी में अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से रायगंज जैन मंदिर मार्ग जाम का हॉट स्पॉट बना हुआ है। ऑटो, ई रिक्शा, चार पहिया वाहनों के चलते अकसर करीब एक किमी के इस मार्ग को तय करने में लोगों के पसीने छूट जाते हैं। हालांकि रेलवे स्टेशन मोड़ व जैन मंदिर चौराहे पर यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती है लेकिन कभी कभी वह अपने को असहाय महसूस करते हैं।

### एसपी यातायात उतरे ग्राउंड जीरो पर

शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक यातायात एपी सिंह ने शहर के यातायात व्यवस्था को ठीक करने व जायजा लेने के लिए ग्राउंड जीरो पर उतरे। उन्होंने कई चौराहों का निरीक्षण किया। नाका चौराहे पर उन्होंने खुद घंटों तक खड़े होकर यातायात व्यवस्था की कमान संभाली। उन्होंने बताया कि शहर के सभी चौक चौराहों व प्रमुख स्थानों पर यातायातकर्मियों की तैनाती की गई है। जाम की सूचना मिलने पर मोबाइल पार्टियां भेजकर यातायात प्रबंध किया जाता है।

# कैंसर पीड़ित शराबी पिता ने की बेटे की हत्या

**गोसाईगंज, अयोध्या:** थाना गोसाईगंज अंतर्गत पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित मोहल्ले में पैसे देने से मना करने पर शराबी पिता ने अपने 17 वर्षीय बेटे के सिर पर भारी वस्तु से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद वह फरार हो गया। पुलिस आरोपी पिता की तलाश में जुट गई है।

गोसाईगंज निवासी राजेश मोदनवाल कैंसर पीड़ित हैं, लेकिन बीमारी की आड़ में वह अक्सर शराब के लिए अपने बेटे से पैसे मांगता था। शनिवार को जब राजेश ने अपने बड़े बेटे दीपक से दवा के नाम पर पैसे मांगे तो उसने कहा कि अभी दुकान शुरू की है और शाम तक दवा ला देगा। इस बात पर राजेश क्रोधित हो उठा और गुस्से में बेटे पर किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दीपक वहीं मूर्छित हो गया। मोहल्ले वालों ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से मां का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी विजयंत मिश्रा ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार दीपक एक होनहार और जिम्मेदार लड़का था।

# अस्पताल में ठप हुई बिजली आपूर्ति एमएस का चढ़ा पारा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शनिवार को एक बार फिर से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सुबह 11:30 के करीब सभी वार्डों में अंधेरा छा गया। जांचें ठप पड़ गईं। भीषण गर्मी में मरीज व तीमारदार वार्ड छोड़कर बाहर निकल आए। लोड अधिक होने के कारण जनरेटर भी दगा दे गया। आधे घंटे तक हाय-तौबा की स्थिति मची रही। भीषण गर्मी में मरीजों की परेशानियों को देखते हुए एमएस डॉ. अजय चौधरी का पारा चढ़ गया। उन्होंने तत्काल कई जगहों पर एसी बंद करवा जनरेटर चालू कराया।

जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के जनरेटर के भरोसे ही अस्पताल को बिजली की सप्लाई दी जा रही है। एक जनरेटर पहले से ही खराब पड़ा है, जिसकी मरम्मत अभी तक नहीं कराई जा सकी है। शनिवार की सुबह लाइट कटने के बाद जनरेटर चलाया गया, लेकिन लोड अधिक होने के कारण वह बंद पड़ गया। रेडियोलॉजिस्ट व एमएस डॉ. अजय चौधरी अपने कक्ष में मरीजों का अल्ट्रासाउंड कर रहे थे। बताया जाता है कि जब काफी देर तक आपूर्ति बहाल न हुई तो वह खुद जनरेटर रूम की तरफ गए। जनरेटर ऑन करने के लिए कहा तो उन्हें बताया कि लोड नहीं उठा पा रहा है। इस दौरान उन्होंने कई जगहों के एसी बंद करवाए। लोड कम होने के बाद जनरेटर चालू कराया गया। डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि लाइट कटने के बाद जांचें ठप न हों और ऑपरेशन थियेटर में मरीजों को परेशानी न आए। इसलिए एसी बंद करवाया गया। चिकित्सालय में कई समस्याएं हैं, उन्हें शॉर्टलिस्ट किया जा चुका है। खराब जनरेटर की मरम्मत के लिए कुछ बजट ईश्यू है। बहुत जल्द सारी समस्याएं दूर हो जाएंगी।

# वर्ल्ड सर्जन्स वीक: कैंसर प्रकारों के लक्षण, निदान व उपचार सुझाए

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के तत्वावधान में वर्ल्ड सर्जन्स वीक का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को दर्शननगर स्थित सभागार में चिकित्सक व विद्यार्थियों की की उपस्थिति में दो सत्रों में जागरूकता कार्यक्रम हुए। पहले सत्र में ग्रीन इनिशिएटिव के तहत पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया। इस दौरान पृथ्वी पर हरियाली बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पौधरोपण का महत्व बताया गया। उपस्थित चिकित्सकों और छात्रों ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। दूसरे सत्र में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, सर्जरी विभाग के प्रभारी डॉ. एमसी पांडेय और लखनऊ के सर्जन डॉ. विभोर महेंद्रू ने हिस्सा लिया। डॉ. महेंद्रू ने ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य कैंसर प्रकारों के लक्षण, निदान और उपचार पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समय पर जांच और जागरूकता की महत्ता पर बल दिया। डॉ. एमसी पांडेय ने बताया कि कैंसर से बचाव के लिए जीवनशैली में बदलाव और नियमित स्क्रीनिंग जरूरी है। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने कहा कि वर्ल्ड सर्जन्स वीक का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में नई जानकारी साझा करना और समाज को जागरूक करना है। कार्यक्रम में मेडिकल छात्रों ने भी भाग लिया और कैंसर रोगियों के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।




कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. एमसी पांडेय।

# मेडिकल को छह वर्ष बाद मिली फायर सेफ्टी की एनओसी

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज को बड़ी उपलब्धि मिली है। तकरीबन छह वर्ष बाद कॉलेज के 300 बेड वाले पुराने भवन को फायर सेफ्टी की एनओसी मिल गई है। इसके लिए प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा काफी दिनों से प्रयासरत थे।

अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को देखते हुए ही फायर फाइटिंग सिस्टम लगाया जाता है। नोडल अधिकारी डॉ. मनीष वर्मा ने बताया कि यहां लगे आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम को एनओसी मिली है। हमारे यहां ऑटोमैटिक मोटर सिस्टम के अलावा ओवर हेड टैंक व भूमिगत टैंक से पानी आएगा। किसी भी अप्रिय घटना के समय यह सिस्टम बेहद मजबूती से काम करेगा। हालांकि अभी नए भवन की एनओसी मिलनी बाकी है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि व्यवस्थाओं का निरीक्षण द्वारा प्राचार्य डॉ.सत्यजीत वर्मा के साथ किया गया था। भवन में अधिस्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं मानकों के अनुसार पायी गयी। भवन को फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट एनबीसी की अधिभोग श्रेणी के अन्तर्गत 12 जून 2028 तक 3 वर्षों के लिए इस शर्त के साथ निर्गत किया जा रहा है कि भवन में नियमानुसार स्थापित सभी अग्निशमन व्यवस्थाओं का अनुरक्षण करते हुए क्रियाशील बनाये रखा जायेगा। निर्गत अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र का नवीनीकरण निर्धारित समयावधि के अन्दर न कराये जाने पर निर्गत अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र स्वतः ही निरस्त मान लिया जायेगा।

# विश्व रक्तदान दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**अयोध्या, अमृत विचार :** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शनिवार को राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर और गंजा में जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली का उद्देश्य रक्तदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और लोगों को इसके लिए प्रेरित करना था। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डीके सिंह ने सुबह रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं, फैकल्टी सदस्यों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। हाथों में रक्तदान की महत्ता को दर्शाते बैनर और पोस्टर लिए प्रतिभागियों ने नारे लगाए। रैली से मरीजों, उनके तीमारदारों और स्थानीय लोगों को रक्तदान के लाभ बताए गए। छात्रों ने बताया कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। डॉ. डीके सिंह ने बताया कि 18 लोगों ने रक्तदान भी किया है। प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा व सीएमएस डॉ. एके सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजन से लोगों में जागरुकता आती है।




दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में जागरुकता रैली निकालते विद्यार्थी। अमृत विचार

**रक्तदान जीवन बचाने की महान परंपरा: अयोध्या:** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पद्मश्री अरुणिमा सिन्हा क्रीड़ा संकुल में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि विश्व रक्त दान दिवस को लगभग दो दशक पहले संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई थी। इसका उद्देश्य रक्त सुरक्षा मानकों को सुसंगत बनाना रहा। विश्व रक्तदान दिवस को 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अपनाया गया। वीसी ने रक्तदाता को रक्तदान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं छात्रों ने हिस्सा लिया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपशिखा चौधरी ने बताया कि विश्व रक्त दान दिवस 2025 की थीम है 'रक्त दें, आशा दें' यह संदेश हमें जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करता है। संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुरेन्द्र मिश्र ने किया। शिविर जिला चिकित्सालय रक्त कोष केंद्र विशेषज्ञों के सहयोग से संपूर्ण हुआ।

### शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**रुदौली, अयोध्या :** विश्व रक्तदान दिवस पर शुक्रवार को सीएचसी रुदौली परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया था, जिसका उद्घाटन विधायक रामचंद्र यादव ने किया। शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता संजय अग्रवाल के परिवार से पांच सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर रक्तदानी बने। विधायक ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके योगदान की सराहना की। कहा कि रक्तदान एक महादान है। यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है जो किसी की जान बचा सकती है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और लोगों को प्रेरणा मिलती है कि वे भी आगे आकर रक्तदान करें। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मदन वर्नवाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और आवश्यकता के समय सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

# एयरपोर्ट व अयोध्या रेलवे स्टेशन पर जांचें शुरू

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** रामनगरी में कोरोना के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। शनिवार को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर कोरोना जांच शुरू की गई। पहले दिन सभी सेंटरों पर कुल 54 टेस्ट किए गए, जिनमें गनीमत रही कि सभी निगेटिव पाए गए। राम जन्मभूमि सहित जिले में चार जगहों पर हाल ही में कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने यह कदम उठाया है। स्वास्थ्य विभाग ने नौ टीमें गठित की हैं, जिनमें दो मोबाइल टीमें शामिल हैं। ये मोबाइल टीमें भीड़-भाड़ वाले इलाकों जैसे मंदिर परिसर, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर जांच करेंगी। पहले दिन एयरपोर्ट पर छह लोगों की जांच की गई, जबकि रेलवे स्टेशन पर बाकी टेस्ट किए गए। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने बताया कि यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना के मामलों को नियंत्रित करने के लिए समय रहते कदम उठाए जा रहे हैं। भीड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। राम जन्मभूमि परिसर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए वहां भी जांच शिविर लगाने की योजना है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने और लक्षण दिखने पर तुरंत टेस्ट कराने की अपील की है। सीएमओ ने बताया कि मोबाइल टीमें रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में जाएंगी और जरूरत पड़ने पर टेस्टिंग बढ़ाई जाएगी। स्थानीय प्रशासन भी स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चला रहा है। अयोध्या में बढ़ती पर्यटक और श्रद्धालु आबादी को देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**गर्मी** दो माह में 21.31 करोड़ से अधिक की बीयर गटक गए लोग, रोजाना बिक रही है 40 से 50 हजार केन

# 42 डिग्री पारा, आबकारी के लिए बना प्यारा

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** गर्मियों के मौसम में पारे में बढ़ोतरी होने पर अयोध्या जिले के लोग अप्रैल व मई माह में 21.31 करोड़ की बीयर गटक गए। जो वर्ष 2024 से करीब तीन करोड़ रुपये ज्यादा है। इस वर्ष दोनों माह में 18.34 करोड़ रुपये की बीयर बिकी थी। वर्ष 2025 के अप्रैल माह में जिले की कंपोजिट दुकानों पर 12.87 लाख व मई माह में 12.68 लाख बीयर के केन बिके। जो वर्ष 2024 की तुलना में करीब 39 फीसदी ज्यादा है। इससे आबकारी विभाग के राजस्व में वृद्धि तो हुई ही साथ ही दुकानदारों की भी चांदी रही।

इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। बढ़ते तापमान से लोग खासे परेशान हो रहे हैं। इससे बचने के लिए लोग अपने-अपने तरीके अपना रहे हैं। किसी ने नींबू-पानी, लस्सी और छाछ पीना पसंद किया, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोगों ने ठंडी बीयर की भी जमकर खरीदारी की। विभाग के अनुसार अप्रैल व मई माह में जिले के लोग 21.31 करोड़ से ज्यादा की बीयर गटक गए। पिछले साल के मुकाबले इन दो माह में सात करोड़ से ज्यादा की बीयर बिकी है।

जिले में कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप व बार में शौकीन इन दिनों भीषण गर्मी में बियर गटक रहे हैं। महोबरा चौराहा, सिविल लाइंस, देवकाली बाईपास, नाका, नियावां, सहादतगंज सहित शहर के तमाम इलाकों में संचालित कंपोजिट शॉप पर बीयर की बिक्री में उछाल है। ज्यादा बिक्री के चलते कई दुकानदार तो अधिक ठंडी बीयर ही उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं।

### बढ़ती गर्मी व दामों में वृद्धि न होना बनी वजह

जिला आबकारी अधिकारी सुरेश चंद्र मिश्र के अनुसार इस बार यह आंकड़े बढ़ती गर्मी और दामों में कोई बढ़ोतरी न होने की वजह से रहे। अधिक गर्मी के चलते जिले में बीयर की बिक्री में उछाल आया है। बीते साल की तुलना में बियर बिक्री में 39 .32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### ये हैं अप्रैल व मई माह में बिक्री के आंकड़े

| वर्ष | माह | केन बिक्री | कुल कीमत (रु.में) |
|---|---|---|---|
| 2024 | अप्रैल | 8,77,329 | 6,90,25,616 |
| 2024 | मई | 9,57,322 | 7,75,70,460 |
| 2025 | अप्रैल | 12,87,366 | 10,68,73,494 |
| 2025 | मई | 12,68,691 | 10,63,03,737 |

# तीन माह शिकायत के बाद आखिर हो गया नाली विवाद का समाधान

**रुदौली, अयोध्या:** तीन माह से लगातार हो रही नाली विवाद की शिकायत का आखिरकार पुलिस ने समाधान करा दिया। मामला रुदौली कोतवाली के मोहल्ला काजी का पुरवां शिवपुरम का है। उक्त मोहल्ले के निवासी राजेश मिश्रा का आरोप था कि मोहल्ले के ही बृजेश व अवधेश मिश्रा द्वारा अपनी नाली बंद करके उनकी नाली में जबरन पानी गिराया जा रहा है। राजेश के अनुसार रुदौली तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में तीन व कोतवाली के जनसुनवाई में एक और थाना पंचायत दिवस में दो बार शिकायत की गयी थी। सातवीं बार शिकायत करने पर आखिरकार 14 जून को आयोजित थाना दिवस में उपजिलाधिकारी अशोक सैनी ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कोतवाल को समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम के निर्देश पर तीन सदस्सीय टीम गठित की गई।



## एक नजर

### युवक ने दबंगों पर लगाया पीटने का आरोप

**गैसड़ी, बलरामपुर।** स्थानीय नगर निवासी युवक ने दबंग पर अपहरण कर पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।पीड़ित युवक अमर सिंह मौर्या ने बताया कि अपहरण करने वाले दबंगों ने शुक्रवार रात 9 बजे उन्हें अगवा कर लिया था। हालांकि, पुलिस की सक्रियता के कारण 5 घंटे बाद रात 2 बजे अमर सिंह मौर्या को सिंहमोहानी के शिव मंदिर के पास छोड़ दिया। अमर सिंह मौर्या ने थाना कोतवाली पर तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ अपहरण का आरोप लगाया है। जिसमें एक व्यक्ति की पहचान की गई है। आरोप है कि अपहरणकर्ताओं ने उन्हें बंदूक की नोक पर अगवा किया, आंखों पर पट्टी बांधकर अज्ञात स्थान पर ले जाकर लात-घूंसों और डंडों से पीटा। प्रभारी निरीक्षक बलजीत कुमार राव ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**उतरौला, बलरामपुर।** स्थानिक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भक्सनिया में 27 वर्षीय महिला आरती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह विक्रम की पत्नी थी और उनके तीन बच्चे हैं एक बेटी और दो बेटे। आरती लंबे समय से बीमार थी और शुक्रवार को एक निजी क्लीनिक से दवा लेकर लौटी थी। रविवार को छोटे बेटे का मुंडन कार्यक्रम था, जिसकी तैयारियां चल रही थी। सुबह अचानक आरती की तबीयत बिगड़ी और उसने दम तोड़ दिया। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### यशराज गोयल ने नीट में हासिल की 446 वीं रैंक

**तुलसीपुर, बलरामपुर।** स्थानीय नगर निवासी यशराज गोयल ने वर्ष 2025 की नीट परीक्षा में सामान्य श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक 699 और कैटेगरी रैंक 446 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यशराज की



प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, तुलसीपुर से हुई, जबकि सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी शिक्षा उन्होंने आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। वर्ष 2022 में इंटरमीडिएट की परीक्षा में 92% अंक लाने के बाद यशराज ने डॉक्टर बनने के अपने सपने को साकार करने के लिए नीट की तैयारी शुरू की।

### दिव्यांग बच्चों की देखभाल व पुनर्वास पर प्रशिक्षण

**बलरामपुर।** दिव्यांग बच्चों की समय पर पहचान और समावेशी देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गिफ्टएबल्ड फाउंडेशन द्वारा धुसाह में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 28 आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शिविर की शुरुआत गिफ्टएबल्ड की क्षेत्रीय प्रमुख शिल्पा सिन्हा ने की। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य हर व्यक्ति की क्षमताओं को पहचानकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। प्रशिक्षण के पहले दिन विशेषज्ञ प्रकाश पांडे ने प्रारंभिक हस्तक्षेप विषय पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास में किसी भी असमानता को समय रहते पहचान कर उचित हस्तक्षेप किया जाए तो उनका भविष्य बेहतर बनाया जा सकता है।

### प्रदर्शनी में दर्शाया गया पेड़ों का महत्व

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विश्व योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में मां पाटेश्वरी विश्व विद्यालय के तत्वावधान में चल रहे कार्यक्रम की शृंखला में एम एल के कॉलेज के बी एड विभाग में प्रकृति का महत्व विषय के संदर्भ में पेड़ की उपयोगिता पर प्रदर्शनी में मनमोहन सिंह विकेशिका त्रिपाठी, अमन, असीम ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर छात्र मनमोहन ने प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रकृति में वृक्ष की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रकृति में वृक्षों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए डॉ पंकज गुप्ता ने कहा कि जैव विविधता के लिए सभी प्रकार के वृक्षों का महत्व है कुछ को छोड़कर, जनसंख्या वृद्धि के कारण प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बढ़ा हैं वृक्षों का कटान बढ़ा हैं समाज के सभी मनुष्यों का नैतिक कर्तव्य है कि अधिक से अधिक उपयोगी पौधों का रोपण करके उनके संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। डॉ केके सिंह ने नीम, पीपल, गूलर,आँवला, पाकड़, तुलसी, गिलोय, घृतकुमारी आदि के उपयोगिता की ओर ध्यान दिलाया।

# बिजली कटौती व जाम की समस्या को लेकर सीएम से मिले जनप्रतिनिधि

## सीएम ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश का आश्वासन दिया

संवाददाता, बलरामपुर



समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करते विधायक व नगरपालिका अध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती और सड़क जाम की गंभीर समस्या को लेकर बलरामपुर के जनप्रतिनिधियों ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने इन समस्याओं से जनता को राहत दिलाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को मांग पत्र भी सौंपा।

सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा और बलरामपुर नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने सीएम आवास पर उनसे भेंट की। नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांग पत्र में बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। लेकिन इसके बावजूद शहर में लगातार अघोषित बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है।

उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत विभाग बिजली आपूर्ति व्यवस्था में कोई सुधार नहीं कर रहा है और बलरामपुर नगर के विद्युत फीडर में आए दिन तकनीकी खराबी आ रही है जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

साथ ही झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज न होने से पूरे दिन शहरवासी जाम की समस्या से जूझते हैं। विधायकों ने भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में बिजली, सड़क और अन्य विकास कार्यों से जुड़ी समस्याओं को उठाते हुए मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

## 23 युवाओं को मिला स्वरोजगार का संबल

**बलरामपुर।** स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ऋण वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सीडीओ हिमांशु गुप्त और डिप्टी एलडीएम ज्ञानेश कुमार ने स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा रहे 23 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। सीडीओ ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए उनके व्यवसाय की योजनाओं की जानकारी ली और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। बैंक शाखा प्रबंधक दीपक पांडेय ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत एक लाभार्थी को 10 लाख रुपये, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 18 लाभार्थियों को कुल 60 लाख रुपये, स्वयं सहायता समूह योजना के अंतर्गत तीन लाभार्थियों को छह-छह लाख रुपये और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत एक लाभार्थी को नौ लाख रुपये का चेक दिया गया है। कार्यक्रम में सहायक उपायुक्त उद्योग अखिलेश कुमार सिंह सहित सभी लाभार्थी उपस्थित रहे।

## बिजली की समस्या के विरोध में की भूख हड़ताल

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिलाध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा विशाल श्रीवास्तव ने शनिवार को अम्बेडकर तिराहे पर भूख हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की।



जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाते सहायक अभियंता। अमृत विचार

जिला प्रशासन ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए व्याप्त बिजली समस्या का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया। गैंसड़ी विधायक राकेश यादव और विशाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता बलरामपुर को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि जिले में लोकल फाल्ट के नाम पर अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि वर्कशाप में ट्रांसफार्मर के मरम्मत का काम मानक विहीन किया जाता है और ट्रांसफार्मर को फ्रेश आयल का उपयोग नहीं किया जाता। इससे गुणवत्ता विहीन ट्रांसफार्मर लोड पड़ने पर जल्दी फुक जाया करते हैं।

विधायक गैंसड़ी राकेश यादव की उपस्थिति में सहायक अभियंता बिजली अमित चौधरी ने जूस पिलाकर विशाल श्रीवास्तव की भूख हड़ताल समाप्त कराई। इस मौके पर पूर्व विधायक राम सागर अकेला, महेंद्र विक्रम अकेला, वसीम खान, विजय मौर्या, दिनेश सिंह, रमन मिश्र, करीम, आकाश, पंकज, राम बहादुर उपस्थित रहे।

## मानकविहीन नाले के निर्माण पर डीएम ने कार्यादेश किया निरस्त

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान मिली शिकायतों पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए मानक विहीन नाला निर्माण के मामले में ठेकेदार का कार्यादेश निरस्त कर दिया है।

शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय करनैलगंज में आयोजित चौपाल में नगर पालिका परिषद वार्ड-11 मौर्य नगर में सीवरेज एवं जल निकासी योजना के तहत हो रहे नाले के निर्माण में अनियमितता की शिकायत सभासद अंकुर मौर्य ने की थी। जांच में सामने आया कि कार्य मास्टर इंटरप्राइजेज, प्रोपराइटर मोहम्मद इबरार को एल-1 निविदा के आधार पर सौंपा गया था, जिसमें सीमेंट-कंक्रीट से निर्माण होना था, किंतु ठेकेदार द्वारा ईंट से कार्य शुरू कर दिया गया। मौके पर मौजूद अवर अभियंता द्वारा कार्य को तत्काल रुकवाया गया था, बावजूद इसके निर्माण दोबारा प्रारंभ नहीं किया गया। जांच में लापरवाही और मानकों की अनदेखी की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी ने कार्यादेश निरस्त करते हुए अधिशासी अधिकारी को ठेकेदार के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही एल-2 निविदादाता ताजुद्दीन कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर को कार्य की जिम्मेदारी सौंपते हुए नया कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी शिकायतें



**बलरामपुर।** माह के द्वितीय शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना गैंडास बुजुर्ग में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न हो यह राजस्व कर्मी सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने पैमाइश के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### रक्तदान से बच सकती है जरूरतमंद की जिंदगी : डीएम

**बलरामपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ डीएम श्री पवन अग्रवाल एवं एसपी श्री विकास कुमार द्वारा किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान हेतु युवाओं, छात्राओं एवं जनमानस ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर डीएम एवं एसपी द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान हैं, रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जिंदगी बच सकती है, सभी रक्तदान जैसे महान कार्य में आगे आएं। इस अवसर पर डीएम ने ब्लड बैंक का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, सीएमएस जिला संयुक्त चिकित्सालय व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### भाजपा के शासन में है परेशान युवा व किसान : प्रमोद




कांग्रेस की सभा में मंचासीन कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह का स्वागत करते ब्लाक अध्यक्ष केपी मिश्र। अमृत विचार

**गोंडा :** कटरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कोऑर्डिनेटर अरशद खुर्शीद रहे। विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष हिमांशू पाण्डेय और संचालन पूर्व प्रधान जसवंत लाल मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ नेता तव्वाज खान का रहे। रामापुर घाट के राम जानकी मंदिर प्रांगण पर आयोजित संविधान बचाओ संकल्प सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने कहा कि जब किसानों के रास्ते में भाले गाड़े जाते हैं। जब पहलवानों को सड़कों पर घसीटा जाता है। जब बेरोजगारों को नौकरी मांगने पर लाठीचार्ज किया जाता है तब तब संविधान बचाओ सम्मेलन की आवश्यकता पड़ती है। जिला कोऑर्डिनेटर अरशद खुर्शीद ने कहा कि जब कदम-कदम पर सरकार द्वारा संविधान का मजाक उड़ाया जाता है। जनता की मूल अधिकारों का हरण किया जाता है। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी दल के नेताओं को प्रताड़ित किया जाता है, तब संविधान बचाओ संकल्प सभा की आवश्यकता पड़ती है। पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह ने कहा कि आज हर कदम पर सरकार तानाशाही पर आमादा है। छात्र किसान नौजवान मजदूर सब परेशान है। महंगाई आसमान छू रही है। हक की बात करने वाले को फर्जी मुकदमों में फसाया जा रहा है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अतिथियों का स्वागत कटरा ब्लॉक के कांग्रेस अध्यक्ष कामेश्वरी प्रसाद मिश्र ने किया। उन्होंने कहा कि अब सभी कांग्रेसी एक मंच पर आ रहे हैं। युवा हताश है और अब कांग्रेस ही एक उम्मीद की किरण है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सगीर खान, सुभाष पाण्डेय, इरशाद हुसैन, शादाब खान, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की कार्य परिषद का गठन

संवाददाता, बलरामपुर

- कार्य परिषद में 20 सदस्यों को मिली जिम्मेदारी
- कुलपति अध्यक्ष और कुलसचिव सचिव के रूप में दायित्व निभाएंगे

**अमृत विचार।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों को सशक्त दिशा देने के लिए कार्य परिषद का गठन कर दिया गया है। कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह की अध्यक्षता में गठित इस प्रथम कार्य परिषद में कुल 20 सदस्यों को नामित किया गया है। परिषद में कुलपति अध्यक्ष और कुलसचिव सचिव के रूप में दायित्व निभाएंगे।

कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने बताया कि परिषद में प्रो. अमन चंद्रा, प्रो. विनोद प्रताप सिंह, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. शशि बाला, प्रो. रेखा विश्वकर्मा और प्रो. दयाराम यादव को सदस्य बनाया गया है। इसके साथ ही चार प्राचार्य भी परिषद में शामिल किए गए हैं। जिनमें एएनडी पीजी कॉलेज बभनान, गोंडा के प्रो. धर्मेंद्र कुमार शुक्ल, महारानी लाल कुंवरि महिला महाविद्यालय बलरामपुर के प्रो. जनार्दन प्रसाद पांडेय, लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के प्रो. रवींद्र कुमार पांडेय और पीजी कॉलेज रिसिया बहराइच के प्रो. दिव्यदर्शन तिवारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त परिषद में प्रो. राजीव कुमार अग्रवाल, प्रो. राजेश कुमार सिंह, प्रो. राज बहादुर सिंह बघेल, प्रो. संजय कुमार पांडेय, बलरामपुर चीनी मिल की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी और विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय की कार्य परिषद में चार और सदस्य राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा नामित किए जाएंगे। ये सदस्य शैक्षिक प्रतिष्ठा वाले क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ होंगे।

कार्य परिषद विश्वविद्यालय की नीतियों, शैक्षणिक योजनाओं, वित्तीय मामलों और प्रशासनिक निर्णयों में मार्गदर्शक भूमिका निभाएगी। इससे उच्च शिक्षा को नई दिशा देने और शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

### चोरों ने दो घरों से उड़ाया 10 लाख रुपये का सामान

**बलरामपुर।** श्रीदत्तगंज में चोरों ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। गौर रमवापुर गांव में शुक्रवार रात चोरों ने भूपाल सिंह और राजकुमार के घर से लगभग 10 लाख रुपये के आभूषण और नकदी चुरा ली। दोनों परिवार छत और बरामदे में सो रहे थे, लेकिन चोरों ने उनके घरों के ताले तोड़कर सामान पार कर दिया। भूपाल सिंह के घर से 10 हजार रुपये नकद और लगभग 7 लाख रुपये के आभूषण चोरी हुए। राजकुमार के घर से लगभग 3 लाख रुपये के जेवर और अन्य सामान चोरी हुए। थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही खुलासा होगा।

## हाई-टेंशन लाइन की चपेट में आया डंपर

**धानेपुर, अमृत विचार :** भदवलिया कंधरा तेजी गांव के पास सड़क निर्माण के लिए मिट्टी गिरा रहा डंपर हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। गोंडा इटियाथोक मार्ग पर सुभागपर से होकर सालपुर को जाने वाले सरयू नहर की पटरी के किनारे ही सालपुर बाजार के किनारे होते हुए बाईपास हाईवे सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क पर अगल-बगल काफी गड्ढे हैं ऐसे में समतलीकरण करने के लिए यहां पर बाहर से लाकर के मिट्टी गिराई जा रही है।



डंपर में लगी आग को बुझाने में जुटी दमकल विभाग की टीम। अमृत विचार

शनिवार की सुबह तकरीबन साढ़े 5 बजे के आसपास डंपर से मिट्टी लाकर गिराने के लिए प्रेशर का उपयोग चालक ने किया डंपर का अगला सिरा ऊपर उठते ही बगल से गुजरने वाली हाई टेंशन लाइन में टच कर गया जिसके बाद चिंगारी से पिछले टायर में आग लग गई, हालांकि चालक ने तुरंत गाड़ी को रोक दिया और कूद कर अपनी जान बचाई। आसपास के लोग भी जुट गए और आग पर काबू पाने को लेकर के मिट्टी फेंक कर बुझाने का प्रयास करने लगे। बिजली विभाग को सूचित कर बिजली कटवाई गई। पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई।सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को काबू पाया। हालांकि आग लगने से डंपर में भारी नुकसान हुआ है। सालपुर चौकी पुलिस ने बताया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से डंपर में आग लग गई थी काबू पा लिया गया है। किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## सदर ब्लॉक कार्यालय में पड़ा सामान हुआ खराब

- वर्षों से बंद कमरे में रखे बैग अब बेकार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सदर विकास खंड कार्यालय परिसर स्थित सेनेटरी उत्पादन केंद्र में वर्षों से रखे बैग, सिलाई मशीनें और इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीनें देखरेख के अभाव में खराब हो चुकी हैं। ये बैग पंचायत राज विभाग द्वारा ग्राम प्रधानों को वितरित किए जाने थे। लेकिन वितरण न होने के कारण बंद कमरे में पड़े-पड़े खराब हो गए।

लापरवाही का खुलासा नवागत खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान के निरीक्षण के दौरान हुआ। उन्होंने सेनेटरी उत्पादन केंद्र के अलावा कर्मचारी कक्ष, मनरेगा सेल, आवास अनुभाग, सभागार, शौचालय और कृषि बीज केंद्र का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि वर्ष 2017 में पंचायत राज विभाग ने प्रधानों को वितरण के लिए बैग भेजे थे। जो बचे रह गए यहीं केंद्र में रख दिए गए। वर्ष 2022 में आई बाढ़ के दौरान यह बैग पानी में भीगने के कारण पूरी तरह से खराब हो गए।

प्रभारी सहायक विकास अधिकारी महेंद्र यादव ने जानकारी दी कि इस केंद्र को खाली करने के निर्देश पूर्व में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता द्वारा दो बार दिए जा चुके हैं।

**आयोजन** गोष्ठी में विधायक गौरा ने गिनाई उपलब्धियां

## सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष का अभियान

संवाददाता, गौराचौकी, गोंडा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को केशवनगर ग्रांट के अल्लीपुर एवं मंडल बभनजोत के ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम आयोजित हुआ।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

मुख्य अतिथि विधायक प्रभात वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारे देश ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक प्रगति की है। हमारे जवानों की वीरता से सीमाएं सुरक्षित हैं। भारत एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ तक पहुँच गया है। भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर में पीओके और पाकिस्तानी धरती पर 9 आतंकवादी कैंप और 11 एयर बेस तबाह किए गए। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अब 81 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिला। इस अवसर पर नीरज पटेल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत, मधुप सिंह, पप्पू शुक्ला, धर्मेंद्र कुमार पाठक, विक्रम वर्मा, इंद्र बहादुर वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, सोहरथ वर्मा, रामप्रकाश वर्मा, कन्हैयालाल निषाद, रक्षा राम गुप्ता सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

**भाजपा की बैठक में गिनाई उपलब्धियां :** भाजपा मंडल रुपईडीह के कार्यकर्ताओं की बैठक मंडलाध्यक्ष रमाकांत शुक्ल के देखरेख में आर्यावर्त महाविद्यालय में आयोजित की गई। कटरा बाजार की विधायक बावन सिंह व भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय मंत्री रंजीत बाबा ने प्रदेश सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर उनकी उपलब्धियां के बारे में प्रकाश डाला। हनुमान तिवारी, रवि चौबे, डॉ दिलीप,नंदलाल तिवारी, गुरुदेव शरण तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### लेनदेन के विवाद में दुकानदार ने ग्राहक को पीटा, वीडियो वायरल

**धानेपुर :** बलरामपुर के रेहरा बाजार के सोनापार गांव के रहने वाले प्रमोद सिंह के मुताबिक शुक्रवार को वह अपने भाइयों के साथ अपनी मां की अस्थियां विसर्जित करने के लिए कुआनो नदी के सुंदर घाट पर गए हुए थे। अस्थि विसर्जन करने के बाद सुंदर घाट पर स्थित एक होटल पर चाय नाश्ते के लिए रुक गए। नाश्ते के बाद पैसे देने को लेकर प्रमोद का दुकानदार से विवाद हो गया। प्रमोद का कहना है कि दुकानदार अधिक दाम की मांग कर रहा था। उन्होने विरोध किया तो वह मारपीट पर आमादा हो गया और उन पर हमला बोल दिया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि पीड़ित प्रमोद की शिकायत पर आरोपी मनोज, कैलाश, विनय व गोपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**खरीद -फरोख्त**

तीन मंजिला मकान बिकाऊ है। **कीमत 65 लाख,** पता-विशाल खण्ड 1/568 कार्नर पार्क फेसिंग (विशाल खण्ड-1) गोमतीनगर, लखनऊ में, मो0- 9532737373

**सूचना**

सूचित हो कि मै **जमीला खातून पत्नी अशरफ अली निवासी- 12/10, बस्ती राम कटरा मोहल्ला काकोरी लखनऊ,** मेरे पुत्र अशलम, पुत्रवधु सुमैला, पौत्र अफवान, हमजा, हिरजा को मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूँ। अशलम तथा पुत्रवधु सुमैला के गलत चाल चलन व घर में कलह पैदा करके यह लोग मेरी सम्पत्ति को तबाह व बर्बाद कर रहे हैं। इस कारण मैं उन्हें बेदखल कर रही हूँ। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्यों का उक्त लोगों का कोई लेना देना व सरोकार नहीं है। उनके द्वारा किये गये कृत्यों के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विशाल यादव पुत्र राजेश यादव निवासी-ग्राम अजीटन खेडा पो0 व थाना काकोरी लखनऊ** का हूँ। मैनें सन् 2015- 2016 में विघालय एम0 एल0 पाल0 वी0- एच0एस0एस0 जी0 तालाब मोहान रोड लखनऊ से हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जो मैं अपने गांव अजीटन खेड़ा से आलमबाग की ओर जा रहा था तभी रास्ते में जिसका जिसका रोल नं0-1378531 है। हाई स्कूल का अंकपत्र (मार्कशीट) व अन्य दस्तावेज वास्तव में खो गये है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री बी0 डी0 श्रीवास्तव मकान संख्या 3/428, विवेक खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** का निवासी है। मेरे प्लाट संख्या 1/26, विभव खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ की ओरिजनल रजिस्ट्री जिसका नं0 (IN-UP00923833610567N) दिनांक 28.02.2015 वास्तव में खो गयी है। अगर किसी व्यक्ति को यह मिलती है तो कृपया **मो0-979470002** पर सम्पर्क करें।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SWALIYA QURAISHI W/O RAJ BABU था। जो कि आज दिनांक 25/05/2025 को मैने अपना नाम बदलकर SHWALIYA W/O RAJ BABU रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। निवासी मोहला बड़ीहाट थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच उ0 प्र0।

**सूचना**

मेरा एक पुत्र खलीक अहमद जो 15 साल पहले दिल्ली चला गया था आज तक उसका कोई पता नहीं है। मैं अपनी चल अचल संपत्ति से उसको व उसके परिवार को बेदखल करता हूं। यदि उससे कोई लेनदेन करता है। तो उसका वह स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रफीक उल्ला सिद्दीकी मुहल्ला - नजरबाग कुलपहाड़ जिला महोबा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं पूजा देवी पत्नी विश्राम सिंह निवासी ग्राम दारापुर पो0 बरहुआ मल्लावां तह0 बिलग्राम जिला हरदोई। मेरा खाता/बीमा जिसकी सं0-55769 में मेरा नाम अलका देवी दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पूजा देवी दर्ज है। यहकि पूजा देवी एवं अलका देवी एक ही व्यक्ति के नाम है जो कि मेरे ही है। मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र वेदांत गुप्ता उर्फ अमन पुत्र अविनाश चन्द्र गुप्ता, निवासी के0के0सी0 कॉलोनी, थाना-हुसैनगंज, जनपद- लखनऊ के रहन-सहन, स्वभाव एवं चाल-चलन से अपना सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा इनके द्वारा किये गये किसी भी अच्छे-बुरे कार्य या किसी भी लेन-देन या किसी भी प्रकार की लिखा-पढ़ी आदि की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की न होगी। **अविनाश चन्द्र गुप्ता आयु लगभग 58 वर्ष पुत्र राम सजीवन, निवासी-के0के0सी0 कॉलोनी, थाना हुसैनगंज, जनपद- लखनऊ**

## एक नजर

### गांव में लगे इंटरलॉकिंग उखाड़ने पर मुकदमा दर्ज

**कटरा बाजार** : शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में गांव के ही राजेन्द्र शुक्ल पुत्र ज्वाला प्रसाद ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। जिसमें उन्होंने लिखा है कि राजू पंडित के घर से संतोष सोनी के घर तक इंटरलॉकिंग का कार्य हुआ था जिसे राजू पंडित ने लगभग 20 मीटर इंटरलॉकिंग का ईंट उजाड़ कर चट्टा लगा लिया है। राजू पंडित ने सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही का निर्देश दिया था। शुक्रवार को ग्राम विकास अधिकारी विवेकानंद ने कटरा बाजार थाने में तहरीर देकर संबंधित के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 2 व 3 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर हमला, पति पत्नी घायल

**तरबगंज, गोंडा।** करनीपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। जिसमे एक महिला व उसका पति घायल हो गया है। घायल महिला डिम्पी ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति से मामला चल रहा है। विपक्षी प्रमोद, सीमा, सुधा व तरुन गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और लाठी डंडे से मारने लगे। पेट में बच्चा था लात से पेट में मार दिए हैं। बचाने दौड़े पति को भी मारे पीटे हैं। जिससे हमें व हमारे पति को गंभीर चोट आई है। जिसकी शिकायत थाने पर की है। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि महिला की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### सीएचसी परिसर में खुला जन औषधि केंद्र

**परसपुर, गोंडा।** परसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की शुरुआत हो गई है और मरीजों को राहत मिलने लगी है। अब उन्हें बाजार से महंगी दवाएं खरीदने की मजबूरी नहीं रह गई है। जन औषधि केंद्र पर कम कीमत में गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध होने से मरीजों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय नागरिक रामकुमार शुक्ल, चन्द्रावती सिंह, रामशंकर गुप्ता, भोलेनाथ सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि पहले एक हफ्ते की दवा लेने में 800 से 1000 रुपये खर्च हो जाते थे, अब वही दवाएं 150-200 रुपये में मिल रही हैं। सरकार ने गरीबों के लिए वाकई बड़ा कदम उठाया है।

### जमीन विवाद में महिला व उसके भाई को पीटा

**धानेपुर, गोंडा :** भूमि विवाद को लेकर कस्बा बग्गीरोड की रहने वाली एक महिला व उसके भाई के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन सगे भाइयों सहित चार पर मुकदमा दर्ज किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के कस्बा बग्गीरोड की रहने वाली महिला नसरीन के मुताबिक भूमि विवाद को लेकर शकील खान, सुल्तान खान, शहजाद खान व शकील खान का लड़का विलाल खान ने मिलकर मारने लगे बचाव में आए उसके भाई मो सलीम को भी विपक्षियों ने मारा-पीटा जिससे चोटें आई हैं। तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है और चोटिल महिला और उसके भाई का डाक्टरी परीक्षण कराकर विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

### समाधान दिवस में आईं 20 शिकायतें

**धानेपुर** : थाना में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह व नायब तहसीलदार ने जनसुनवाई की। निरीक्षक ने बताया कि कुल 20 शिकायतें आई थी जिसमें दो पुलिस व 18 राजस्व से संबंधित है। बताया कि पुलिस से संबंधित शिकायत का निस्तारण करा दिया गया है जबकि राजस्व से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व टीमों का गठन कराया गया है।

### गांव पंचायत की खुली बैठक 20 को

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिछुड़ी मे 19 जून व रंजीत नगर में 20 जून को उचित दर विक्रेता का चयन का प्रस्ताव किए जाने के लिए ग्राम पंचायत की खुली बैठक आयोजित की जाएगी। प्रभारी बीडीओ आजम खान ने बताया कि इन बैठकों के संचालन के लिए जिलाधिकारी द्वारा नोडल अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इन ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों को खुली बैठकों की तिथि से अवगत कराते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दे दिया गया है।

# नीट परिणाम घोषित: मेधावियों ने मारी बाजी


उत्कर्ष द्विवेदी।


प्रकृति सिंह।


शशि पांडेय।


आकाश।

**बेलसर, अमृत विचार** : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की तरफ से शनिवार को नीट यूजी परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। इस परीक्षा में जिले के कई मेधावियों ने सफलता हासिल की है।

विकासखंड बेलसर के पूरे मोहन निवासी उत्कर्ष द्विवेदी ने नीट परीक्षा पास किया है इनके पिता शैलेश द्विवेदी जिला अस्पताल में एलटी के पद पर तैनात है जबकि माता निवेदिता द्विवेदी कंपोजिट विद्यालय पूरे उदई झंझरी में शिक्षिका हैं। उत्कर्ष द्विवेदी के राकेश द्विवेदी भी सीएचसी बेलसर में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। मंगुरा बाजार के धुंधा पुरवा की रहने वाली प्रकृति सिंह ने भी नीट में सफलता पाई है। प्रकृति के पिता जितेंद्र सिंह सेवानिवृत्त वायु सैनिक व वर्तमान में आयकर निरीक्षक है। माता सुनीता सिंह बेलसर के कंपोजिट विद्यालय डीडीसिया खुर्द में शिक्षिका हैं। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ देवीपाटन मण्डल के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय की बेटी शशि पाण्डेय ने भी सफलता का परचम लहराया है। शशि की बड़ी बहन भी गोंडा मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के पद पर पोस्ट है।

**आकाश ने पाई सफलता :** बनगांई गांव निवासी आकाश कुमार शुक्ल ने चयनित होकर सम्मान बढ़ाया है। उनके पिता शिक्षक रविंद्र कुमार शुक्ल शिक्षक है तथा मां स्वास्थ्यकर्मी हैं। उन्होंने बताया कि आकाश ने कस्बा आर्यनगर स्थित पार्वती देवी इंटर कॉलेज से वर्ष 2021 मे इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण किया था। उसके बाद से ही नीट की तैयारी कर रहा था। आकाश को देश मे 7578 तथा सामान्य वर्ग में 3524 रैंक प्राप्त हुई है। उनके चयन पर पार्वती देवी इंटर कॉलेज के प्रबंध वीरेंद्र कुमार राव ने विद्यालय में फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

# अधर में लटकी ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया

संवाददाता, करनैलगंज


करनैलगंज-हुजूरपुर रेलवे क्रॉसिंग। अमृत विचार

**अमृत विचार** : करनैलगंज-हुजूरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है। मार्च से काम शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर कोई प्रगति नहीं दिखी है।

ओवरब्रिज की मंजूरी मिलने के बाद सेतु निगम ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) भी ले लिया था। बिजली विभाग को पोल और लाइन शिफ्टिंग के लिए पत्र भेजा गया है, लेकिन कार्यवाही वहीं की वहीं अटकी है। इस क्रॉसिंग पर प्रतिदिन घंटों लंबा जाम लगता है।

**▸▸ जनप्रतिनिधियों व विभागीय सुस्ती से अटका कार्य, जनता बेहाल**

स्कूली बच्चों, अस्पताल जाने वाले मरीजों और सरकारी व निजी कार्यालयों के कर्मचारियों को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि ओवरब्रिज बनते ही राहत मिलेगी, लेकिन विभागों की लापरवाही ने उनकी उम्मीदों को तोड़ दिया है। ग्रामीणों और नगर वासियों ने शासन से जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। इस संबंध में जब उपजिलाधिकारी यशवंत राव और अन्य अधिकारियों से संपर्क किया गया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका।

# टेंडर विवाद: ये पब्लिक है सब जानती है...

## 351 करोड़ रुपये के सड़क निर्माण के टेंडर निरस्त होने पर जनता पूछ रही सवाल

संवाददाता, गोंडा


इटियाथोक बाबागंज की जर्जर सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचार** : सड़क निर्माण के 10 टेंडर को अचानक निरस्त किए जाने के बाद जिले में बवाल मच गया है। माननीयों के तरफ से आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। कोई टेंडर में गड़बड़ी बता रहा है तो कोई टेंडर पाने वाली कंपनी पर सवाल उठा रहा है। एक ही फर्म को सर्वाधिक टेंडर मिलने पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं लेकिन भीतर की पीड़ा कोई नहीं बता रहा। हालांकि जनता सब समझ रही है और बिना किसी जांच पड़ताल के टेंडर निरस्त होने पर सवाल उठा रही है। लोगों का कहना है कि पब्लिक सब जानती है। गड़बड़ी के नाम पर क्या चल रहा है यह सभी को पता है। अपने चहेतों को टेंडर दिलाने के लिए यह सारा खेल हो रहा है। हालांकि इसका सीधा खामियाजा जनता को भुगतना पड़ेगा।

**▸▸ माननीयों और उनके चहेतों के बीच में पिस रही जनता**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश सरकार ने देवीपाटन मंडल की 10 सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी थी। इनमें बलरामपुर जिले की 6, बहराइच की दो तथा श्रावस्ती व गोंडा की एक एक सड़क का निर्माण शामिल था। जिले की एकमात्र सड़क बाबागंज इटियाथोक मार्ग के निर्माण को मंजूरी मिलने से लोगों में आशा जगी थी कि इस बार यह सड़क बन जायेगी। इन सभी सड़कों के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी लेकिन शुक्रवार को टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी बताकर इसे अचानक निरस्त कर दिया गया। आरोप लगाया गया कि 10 में से 7 टेंडर एक ही फर्म को दे दिए गए हैं। अब सवाल यह है कि जब टेंडर प्रक्रिया ऑनलाइन है तो गड़बड़ी किस स्तर पर हुई। अगर गड़बड़ी हुई तो शिकायत की जांच पूरी होने से पहले ही टेंडर क्यों निरस्त कर दिए गए। इन सवालों का सही जवाब न मिलने पर लोगों में आक्रोश है और वह तरह तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सर्वाधिक आक्रोश बाबागंज इटियाथोक मार्ग के टेंडर को लेकर है। स्थानीय लोगों का कहना है कुछ जन प्रतिनिधि ऐसे हैं जो क्षेत्र का विकास होने ही नहीं देना चाहते। उन्हें सिर्फ अपने चहेतों की फिक्र है। जनता से सुख दुख से उनका कोई सरोकार नहीं है। हालांकि विधायक के प्रयासों पर लोग आशान्वित हैं कि वह फिर से प्रयास कर टेंडर प्रक्रिया को पूरा करायेंगे।

### तीन बार निरस्त हो चुका है बाबागंज इटियाथोक मार्ग का टेंडर

जिन 11 सड़कों के निर्माण का टेंडर निरस्त किया गया है इनमें सबसे महत्वपूर्ण सड़क मेहनौन विधानसभा की बाबागंज इटियाथोक सड़क है। 20 किमी लंबे इस सड़क से गुजरना बेहद मुश्किल है। पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील है। कई सालों से इस सड़क के निर्माण की मांग उठ रही है। विधायक विनय द्विवेदी पिछले तीन साल में तीन बार इस सड़क निर्माण की स्वीकृति करा चुके हैं लेकिन हर बार टेंडर निरस्त हो जाता है। इसको लेकर उन्हें आलोचना भी झेलनी पड़ रही है। अब एक बार फिर से टेंडर निरस्त होने पर लोगों में जबरदस्त आक्रोश है।

### समधी प्रेम को लेकर चर्चा में माननीय के प्रतिनिधि

निरस्त किए गए टेंडर के पीछे जिले के एक माननीय के प्रतिनिधि का समधी प्रेम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि उनके समधी भी कांट्रेक्टर हैं। राजनीतिक रसूख के चलते अधिकतर काम भी उन्हीं की फर्म को मिलता है, लेकिन सड़क निर्माण के टेंडर में वह चूक गए। जब उन्हें ठेका नहीं मिला तो समधी से शिकायत कर दी। बस फिर क्या था समधी ने तत्काल माननीय से टेंडर में गड़बड़ी होने की आशंका जताते हुए पत्र लिखाकर टेंडर निरस्त करा दिया। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शिकायत की जांच भी नहीं कर पाए।

# सारू में डूबे किशोर का शव 20 घंटे बाद बरामद


राधेश्याम (फाइल फोटो)।

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कटरा घाट पर शुक्रवार को सरयू नदी में डूबे किशोर का शव शनिवार सुबह 10:40 बजे गोताखोरों, एसडीआरएफ व पीएसी जवानों के अथक प्रयास से बरामद कर लिया गया। करीब 20 घंटे की मशक्कत के बाद शव नदी की धारा के बीच से मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को कौड़िया बाजार के बेलवा भान निवासी दयाशंकर शुक्ल का 14 वर्षीय पुत्र राधेश्याम उर्फ किशन शुक्ल अपने मामा के घर तुर्काडीहा, कटरा बाजार आया था। श्रीमद् भागवत कथा के लिए कलश यात्रा में शामिल होकर वह दोपहर लगभग एक बजे सगे संबंधियों के साथ कटरा घाट पर जल लेने पहुंचा था। नहाते समय किशन का पैर फिसला और वह सरयू की धारा में डूब गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घाघरा घाट से गोताखोरों को बुलाया गया उसके बाद नाव के सहारे जाल डालकर लगातार तलाश जारी रही, लेकिन शुक्रवार को कोई सफलता नहीं मिली। शनिवार को पीएसी व एसडीआरएफ की टीमों ने सघन सर्च अभियान चलाया, जिसके बाद किशन का शव नदी की धारा के बीच से बरामद किया गया। किशन गंगा प्रसाद मिश्री लाल इंटर कॉलेज कौड़िया बाजार में कक्षा 9 का छात्र था और एनसीसी का प्रशिक्षण भी ले रहा था। वह दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई राजकमल भी पढ़ाई कर रहा है। मौके पर मौजूद कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि किशोर का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**▸▸ एसडीआरएफ व पीएसी जवानों के अथक प्रयास से मिली सफलता**

# कवरेज के दौरान अभद्रता मामले में केस दर्ज

**करनैलगंज, अमृत विचार** : ग्राम मोहम्मदपुर गढ़वार स्थित गौशाला में कथित भ्रष्टाचार की रिपोर्टिंग करने गए पत्रकारों के साथ अभद्रता करना ग्राम प्रधान सुभाष सिंह व उनके भाई राकेश सिंह को भारी पड़ गया। पत्रकारों की तहरीर पर एससी/एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने राकेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

शिकायतकर्ता अभय प्रताप सिंह ने बताया कि वह अपने साथियों बैजनाथ अवस्थी, रवि कनौजिया और सुधीर पाण्डेय के साथ गौशाला पहुंचे थे। वहां बीमार गायों की रिकॉर्डिंग के दौरान राकेश सिंह ने जातिसूचक गालियां दीं, मारपीट की, मोबाइल तोड़ दिया और आईडी छीन ली। आरोप है कि बाद में प्रधान और उनका भाई कोतवाली बुलाकर समझौते का दबाव बनाने लगे और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हर बार आते हैं अर्जी लेकर, नहीं होता कोई समाधान

संवाददाता, तरबगंज, गोंडा


तरबगंज में समाधान दिवस में अपनी फरियाद सुनाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्थानीय थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 30 शिकायतें दर्ज की गई। मौक़े पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सका।

समाधान दिवस की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह ने की जिसमें रास्ते पर अवैध कब्जा, हदबरारी होने के बाद भी कब्जा न मिलना, खलिहान व चारागाह आदि पर अवैध कब्जे की 30 शिकायतें दर्ज हुई। लेकिन तहसील प्रशासन के किसी भी सक्षम अधिकारी के न होने से किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। फरियादियों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। महिला फरियादी रामा देवी ने बताया कि साहब हमारा घर पकड़ी बाजार में बना हुआ है जिसे बगल के लोगों ने कब्जा कर रखा है। थाने पर कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। कहा कि समाधान दिवस पर आओ समाधान दिवस पर कोई अधिकारी ही नहीं है फिर कहां जाएं। हम इस तरह के कई फरियादी हैं जो आते हैं और चले जाते हैं। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होती है जो सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। समाधान दिवस में लेखपाल के साथ थाने के सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**▸▸ थाना समाधान दिवस का आयोजन 30 शिकायतें दर्ज**

### टैंकर से टकराया युवक गंभीर रूप से घायल

**इटियाथोक।** शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे इटियाथोक गोंडा मार्ग पर बाइक सवार युवक टैंकर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोंडा भेजा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटियाथोक पर तैनात एंबुलेंस के ईएमटी जयकिशन पाण्डेय(30) निवासी छिटनापुर डिहवा करनैलगंज बाइक से इटियाथोक सीएचसी जा रहा था। विद्युत उपकेंद्र इटियाथोक के पास वह अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे टैंकर से टकरा गये। हादसे में युवक का पैर टूट गया। टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि बाइक व टैंकर को कब्जे में लिया गया है।

**लक्ष्य से दूर** | 49 हजार मीट्रिक टन का था लक्ष्य, छह एजेंसी को दी गयी खरीद की जिम्मेदारी

# गेहूं खरीद सत्र का समापन आज, 27 प्रतिशत भी नहीं हो पाई खरीद

संवाददाता, गोंडा


गल्ला मंडी में सरकारी केंद्र पर रखा किसानों से खरीदा गया गेहूं। अमृत विचार

**अमृत विचार** : गेहूं खरीद सत्र 2025- 26 का समापन रविवार को हो जाएगा, लेकिन अभी लक्ष्य के सापेक्ष 27 प्रतिशत गेहूं की भी खरीद हो पाई है। सरकारी एजेंसियां लक्ष्य तक पहुंचाने की बात कौन कहे उसके आसपास भी नहीं पहुंच सकी हैं, जबकि व्यापारी व प्राइवेट कंपनियों के गोदाम पूरी तरीके से भरे पड़े हुए हैं। रेल रैक के माध्यम से गेहूं निर्यात भी किया जा रहा है।

प्रशासन सरकारी खरीद को लेकर लगातार व्यापारियों के यहां छापेमारी भी कर रहा है। अवैध भंडारण पर रोक लगाने के लिए टीम लगातार सक्रिय है। लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं आ सका है। गेहूं खरीद के नोडल अधिकारी व अपर जिलाधिकारी लगातार केंद्र प्रभारी से गेहूं खरीद की समीक्षा कर रहे थे, लेकिन सरकारी तंत्र को इसका कोई लाभ नहीं मिल सका है। गेहूं खरीद सत्र 2025 -26 का शुभारंभ 17 मार्च से हुआ था। न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं किसानों से 2425 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा गया है। जो विगत साल से 150 रुपये अधिक है। जिले में करीब 5 लाख किसान गेहूं की खेती करते हैं। बताया जाता है कि खुले बाजार में गेहूं के भाव में गिरावट तो आई है, लेकिन सरकार की ओर से घोषित किये गए मूल्य से अधिक के भाव से व्यापारी गेहूं किसानों से खरीद रहे हैं। व्यापारियों ने गेहूं खरीद कर गोदाम में डंप कर लिया है। गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी छः एजेंसियों को दी गई है, जिसमें खाद्य विभाग, यूपीएसस, पीसीयू, भारतीय खाद्य निगम, मंडी समिति, पीसीएफ हैं।अवैध गेहूं भंडारण को लेकर लगातार प्रशासन की टीम छापेमारी कर रही है। छापेमारी के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर मंडी के दो व्यापारियों को नोटिस देकर जवाब भी तलब किया गया है। फिलहाल गेहूं खरीद को लेकर अफसरों ने दौड़ धूप तो खूब की लेकिन किसानों को सरकारी केंद्र पर नहीं ला सके।

> न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना 2025- 26 के तहत गेहूं खरीदा जा रहा है। 15 जून से सरकारी केंद्र बंद हो जाएंगे। जिले में अब तक करीब 27 फीसदी गेहूं की ही खरीद हो पाई है। किसानों के घर जाकर भी गेहूं खरीदा गया है। अब तक जो खरीद हुई है उनमें से 60 फीसदी गेहूं मोबाइल परचेज से ही किया गया है।
>
> -प्रज्ञा मिश्रा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी

## सार-संक्षेप

### तालाब में गिरा अनियंत्रित ई-रिक्शा


तालाब में गिरे ई रिक्शा को निकालते लोग। अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के चौबेपुर गांव में शुक्रवार की रात करीब एक बजे सवारी उतारने गया ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर गहरे पानी में चला गया। चालक ने रात में ई-रिक्शा को बाहर निकालने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार की सुबह स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शा पानी से बाहर निकलवाया है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के बहादुरा गांव निवासी ई-रिक्शा चालक मोहम्मद जुनैद पुत्र अब्दुल गनी ने बताया कि वह बीती रात करीब एक बजे एक सवारी बैठाकर गांव में छोडने गया था। सवारी उतारने के बाद ई-रिक्शा बैक कर रहा था। इसी दौरान वह ढलान पर अनियंत्रित होकर गहरे पानी में चला गया शनिवार की सुबह मौके पर पंहुचे उप निरीक्षक विभव सिंह, मुख्य आरक्षी अभिषेक और अन्य पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से ई-रिक्शा को पानी से बाहर निकलवाया। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कोई हताहत नहीं हुआ है।

### छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान, बताए फायदे

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार** : राजा रघुराज सिंह महाविद्यालय में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य रामेश्वरम चतुर्वेदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करना न सिर्फ एक पुनीत कार्य है, बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति का सामाजिक कर्तव्य भी है। यदि हमारे रक्त से किसी की जान बचती है, तो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता। उन्होंने यह भी बताया कि नियमित रक्तदान करने से स्वास्थ्य में सुधार होता है और शरीर में रक्त शुद्ध बना रहता है। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई और सभी कैडेटों ने भविष्य में रक्तदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एएनओ आयुष्मान मिश्रा की मौजूदगी में एनसीसी कैडेट अर्पिता प्रजापति, हसीना, दुर्गा पासवान, अमन तिवारी सहित पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### दहेज के लिए महिला की पिटाई कर घर से भगाया

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** बाइक, सोने की चेन व एक लाख रुपये नकद की मांग करते हुए विवाहिता को दहेज के लिए मारपीट कर घर से भगा दिया गया। पुलिस ने पति, सास, ससुर सहित छः लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित अन्य मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पिपरा चौबे गांव की पूनम देवी पत्नी हरीराम गुप्ता ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि उसने अपनी बेटी पल्लवी (22) की शादी तीन वर्ष पहले विशुनापुर कस्बा के कपूर चंद गुप्ता के साथ की थी। शादी के बाद से पति, सास कमलेश, ससुर अशोक गुप्ता, जेठ शुभाष, जेठानी आरती देवी व ननद शिवांगी ने उसकी बेटी दहेज में बाइक, सोने की चैन व एक लाख रुपये की मांग करने लगे। दहेज न देने पर ससुरारीजनों ने उसे छः अप्रैल 2025 को मार पीट कर प्रताड़ित किया और धमकी देते हुए घर से भगा दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पति, सास, ससुर, जेठ सहित छः लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पत्नी ने पति के खिलाफ दर्ज कराई दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

**धानेपुर** : गोरथनिया गांव की विवाहिता ने पति पर दहेज को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। विवाहिता रोशनी के मुताबिक उसकी शादी गोरथिनिया गांव के राकेश मिश्रा उर्फ रमेश के साथ हुई थी, जिससे उसके पास दो बच्चे भी हैं। आरोप लगाया है कि पति कम दहेज लाने को लेकर अक्सर मारपीट करता है और घर से भगा रहा है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### 12 बकरियां ले उड़े बोलेरो सवार चोर

**तरबगंज, गोंडा।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के महाराजगंज-बलेसर गंज मार्ग पर गौशाला के पास स्थित सुनीता चौहान के घर को चोरों ने निशाना बनाया। सुनीता अपनी बेटी के साथ छत पर सो रही थी। इसी दौरान बोलेरो में सवार करीब एक दर्जन चोरों ने उनके घर का ताला तोड़ा। चोर कमरे में बंद लगभग 50 बकरियों का पगहा काटकर उन्हें बोलेरो में भरने लगे। खटपट की आवाज पर सुनीता जग गई और शोर मचाने लगी तो चोरों ने घर पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। जब तक गांव वाले एकत्रित होते तब तक चोर 12 बकरियों को लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने गांव के ही ननकू चौहान पर घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है।

### श्री महापुराण कथा के आयोजन को लेकर हुई तैयारी बैठक


बैठक करते धर्मावलंबी। अमृत विचार

**गोंडा** : श्री महापुराण कथा के आयोजन को लेकर नगर के श्री पार्थिव पूजन सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचवटी श्री सीताराम आश्रम रिसिया शाखा द्वारा आयोजित सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण कथा के आयोजन पर चर्चा हुई। कथा का शुभारंभ रवि शंकर जी महाराज गुरु भाई के सानिध्य में संपन्न होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य यजमान आरती सोनी एवं संतोष सोनी रहेंगे। 29 जुलाई दिन मंगलवार को सायंकाल 3 बजे से गोलागंज विनोद टॉकीज से शोभायात्रा निकलकर पूरे नगर में भ्रमण करते हुए बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित कथा स्थल शारदा मैरिज लान पर समाप्त होंगी। 30 जुलाई से 6 अगस्त तक प्रातः काल 6 से 9 तक पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक का पूजन प्रारंभ होगा और सायंकाल 7 से रात्रि 10 तक शिव महापुराण कथा होगी। कथा 30 जुलाई बुधवार से 5 अगस्त दिन मंगलवार तक चलेगी। 6 अगस्त को भंडारे का आयोजन होगा। बैठक की अध्यक्षता संतोष सोनी के किया। संचालन दीपक मराठा ने किया। इस मौके पर दीपेंद्र मिश्रा, सूर्य प्रकाश सोनी, देवेंद्र सोनी, गोविंद महाराज, विशाल बंसल, राहुल शर्मा, दीपक गुप्ता, राकेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, विजय गुप्ता, रविंद्र सिंह, शनी, अंबिका गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# साहित्य: ज्ञानमार्गी दुख की औषधि



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं।

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं। कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है।

डॉ. बी.आर.आंबेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इण्डिया' में नियमित लिखते थे। डॉ. आंबेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता', 'इकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत् विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का 'मन' है।

लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के महान दार्शनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था।

डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, "आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ।" आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, "शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।" प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है।

वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल 'तत्वज्ञान' से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहां विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहां बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है।

जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूं। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूं जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत् अध्ययन का विकल्प नहीं है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्सकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्सकी की मानसिक बौद्धिक उथल पुथल का सहज अनुमान संभव है।

कुछ आधारभूत प्रश्न हैं। सबके चित्त में उगते हैं। जैसे विराट अस्तित्व किसकी रचना है? क्या स्वयंभू है? सदा से है? क्या इसका कोई सर्जक है? ऋग्वेद के एक ऋषि की जिज्ञासा है कि हम ऐसे किस देव की उपासना करें- कस्मे देवाय हविषा विधेम? ईश्वर इसी जिज्ञासा का विषय है। भौतिकवादी मित्र कहेंगे कि यह प्रत्यक्ष जगत से परे मेटाफिजिकल अधिभौतिक चर्चा है। आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? कःपंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, "वेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनो येन गता स पंथः।" शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, "ब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।" उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग के दुख से छुटकारे का रसायन है।"

# जीवन के लिए अमृत है शिक्षा

मानव जीवन की आधारभूता, परम प्रकाश पुञ्जात्मिका, सकल लोक कल्याण कारिका, जीवन के सर्वांगीण विकास में प्रमुख सहायिका, अज्ञान-सन्देह-धर्माडम्बर-कुरीति निवारिका, रचनात्मक-क्रियात्मक-कौशलात्मक अभिवृत्तियों की उत्पादिका, सत्-असत् की परिचायिका, ज्ञान-अज्ञान की विभेदिका, यश-सम्मान-सत्य-स्वाभिमान की वर्धिका, छल-कपट-दंभ-द्वेष-असूया-ईर्ष्या-निद्रा-तन्द्रा-भय-क्रोध-आलस्य-दीर्घसूत्रता आदि दुर्गुणों की नाशिका, मानवीय गुण-आचारों की संरक्षिका, ज्ञान-विज्ञान की पोषिका शिक्षा (विद्या) मानव के समग्र कल्याण एवं सर्वविध प्रसन्नता की मूल स्त्रोत है।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

संस्कृत वाङ्मय उपनिषद् आदि में विद्ययाऽमृतमश्नुते, विद्यया विन्दतेऽमृतम्, सा विद्या या विमुक्तये, विद्याधनं सर्वधनं प्रधानम् आदि परम प्रमाणिक ध्येय वाक्यों से शिक्षा का महत्व परिलक्षित होता है। गांधीवादी विचारक, भारत रत्न से पुरस्कृत लब्ध प्रतिष्ठित दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला के अनुसार शिक्षा वह महान शक्तिशाली हथियार है जिसके माध्यम से पूरे विश्व को परिवर्तित किया जा सकता है। मानवीय जीवन में नैतिकता, तार्किकता, कारूण्यता, संवेदनशीलता को विकसित करने में शिक्षा ही परम सहायिका होती है।

शिक्षा के समग्र गुणों को आत्मसात करने वाला मानव महामानव के रूप में परिवर्तित होकर सतत जनहित, राष्ट्रहित एवं प्राणीहित में लीन रहता है वह कभी स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचारण नहीं करता है क्योंकि वह शिक्षा के प्रभाव से ही मानवीय मूल्यों को आत्मसात करते हुए उन विशिष्ट गुणों को अपने जीवन में आचरित करने का प्रयास करते रहता है उसके अन्तः करण में विद्यमान दुर्गुणों का धीरे-धीरे नाश होने लगता है। यहां शिक्षा के व्यापक अर्थ की अवधारणा पर स्नातक, परास्नातक तथा उच्च भौतिक उपाधियों के विषय में चर्चा करना वर्तमान कालीन शिक्षा पद्धति एक चर्चा का विषय है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षा के व्यापक अर्थ के स्थान पर शिक्षा को आजीविका प्राप्ति निमित्त अधिक स्वीकार किया गया और शिक्षा की पूर्व गुरुकुलकालीन पद्धति आधुनिक शिक्षा पद्धति के सामने निस्तेज होते चली गई जिस कारण उच्च उपाधियां अर्जित करने के पश्चात भी तमाम दुर्गुणों, दुर्व्यसनों, दुराग्रहों की प्रवृत्ति मानव पर वर्तमान में देखी एवं अनुभव की जा सकती है चाहे सामाजिक रूप से हो, राजनैतिक रूप से हो, आर्थिक रूप से हो या जातीय रूप से हो। महान वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में विलिखित नई शिक्षा नीति 2020 के द्वारा शिक्षा के वास्तविक उद्देश्यों/ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं यह भविष्य में देखना होगा कि कहां एवं कब तक उद्देश्यों/लक्ष्य प्राप्ति संभव होती है। शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य केवल गणित, विज्ञान, पाणिनि व्याकरण के सूत्रों को रटकर आजीविका प्राप्ति करना नहीं है अपितु शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य तो माननीय मूल्यों का निर्माण करना है, मानव के अन्दर व्याप्त सभी दुर्गुणों को समूल खत्म करना है, साजिशों/ षड्यंत्रों से मुक्त करना है, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार, असत्य से दूर करना है, सुख एवं दुःख में समत्व की स्थिति में लाना है, दया, करुणा, सहानुभूति आदि गुणों से विभूषित करना है, सात्विक भोजन ग्रहण करके चित्तशुद्धि करना है, सत्य एवं स्वाभिमान के साथ जीवन जीने के लिए तैयार करना है। शिक्षा के मूल-व्यापक-विशिष्ट गुणों को आज विद्यालयीय, महाविद्यालयीय, विश्वविद्यालयीय शिक्षा पद्धति में प्रमुख रूप से स्थान मिलना चाहिए ताकि इसी सर्वव्यापी शिक्षा पद्धति के माध्यम से एक गुणवान भावी पीढ़ी का निर्माण करके राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया जा सकता है समृद्ध एवं समर्थ भारत की कल्पना को सार्थक किया जा सकता है।

# क्या बिहार में नीतीश को हरा पाएगी कांग्रेस



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी।

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में एनडीए की सरकार छीनने को कांग्रेस की जी तोड़ कोशिशों के बीच कुछ सवाल है जो काबिले गौर है। हालांकि नवंबर के अंत तक संभावित इस चुनाव के ठीक पहले कामरेड से कांग्रेसी हुए कन्हैया कुमार ने "रोजगार दो या सत्ता छोड़ो" के नारे के साथ बिहार के कोने-कोने तक पदयात्रा कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की है। खुद राहुल गांधी बिहार में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों के बीच उनकी मौजूदगी की चर्चा खूब है। हाल ही 12 जून को बिहार के 25 जिलों में उसी बैनर "नौकरी दो या सत्ता छोड़ो" तले जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें देश भर के कांग्रेस के नामचीन नेताओं को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का निर्देश था। इस दिन कांग्रेस के कार्यक्रम की मानीटरिंग के लिए बिहार के नए और युवा प्रभारी कृष्णा अलावरू पूरे दिन पटना में मौजूद थे। इस रोज दिन भर चले भाषणबाजी के बाद रोजगार कार्यालयों पर ताला बंदी का भी कार्यक्रम था। कांग्रेस का यह कार्यक्रम बिना किसी रोक-टोक के नीतीश सरकार ने संपन्न होने दिया। नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच उनका यह निर्णय उनके मानसिक संतुलन के दुरुस्त होने का सबूत भी है।

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी। कन्हैया कुमार की मेहनत का भी असर देखने को मिला है। बिहार की मीडिया कांग्रेस और आरजेडी में दुराव लाने की कोशिश में भी लगी है। खबरें और उसकी हेडिंगो के जरिए वह लगातार यह बताना चाह रही है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार का मीडिया लिखता है कि कांग्रेस की सक्रियता से आरजेडी के कोर वोटरों में बिखराव तो कभी यह कि आरजेडी के मुकाबले दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर। आदि आदि! लेकिन आम जनमानस में मीडिया की ऐसी खबरों का असर नहीं, उपहास होता हुआ जरूर दिखा। बिहार के पिछले विधानसभा में कांग्रेस के करीब 40 विधायक थे। अभी 19 हैं। जबकि 70 सीटों पर उसके उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। कांग्रेस अपनी सीटें कम होने के कई कारण गिनाती है। अभी जो कुछ माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, कांग्रेस उसमें अपना स्ट्राइक रेट जरूर बेहतर करना चाहेगी। यहां यह बता देना जरूरी है कि बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एक जुट है। कांग्रेस के कार्यक्रम में बेशक आरजेडी साथ नहीं है लेकिन दोनों का साथ एकदम मजबूती से है। इस बार टिकटों के बंटवारे में कांग्रेस की ओर से खास यह होगा कि वह गिनती के लिए सीटें नहीं चाहेगी। उसका दावा सिर्फ उसी सीट पर होगा जिस पर वह जीती है और जिस पर वह जीत सकती है। जैसे कांग्रेस का कहना है कि पिछले चुनाव में उसे जो 70 सीटें मिली थी उसमें 40 सीटें ऐसी थी जिस पर कई सालों से विपक्ष जीता ही नहीं। पिछले चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने भी कांग्रेस का नुक़सान किया था। इस बार ओवैसी की पार्टी के भी बिहार में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा है। सीपीआई पहले से ही गठबंधन का हिस्सा है। कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में तस्वीर कुछ यूं बन रही है कि आरजेडी ही लीडिंग रोल में होगी। कांग्रेस पहले की तरह नंबर दो पर ही रहकर नीतीश सरकार को बेदखल करने की कोशिश करेगी। संभावना है कि कुल 243 सीटों में से आरजेडी करीब150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 55-60 सीटों पर लड़ेगी और बाकी पर गठबंधन की शेष पार्टियां जोर आजमाएंगी। बताने की जरूरत नहीं कि बिहार की राजनीति सौ प्रतिशत जातीय अंकगणित पर आधारित है। यहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों की संख्या इतनी है कि वह जिसके पक्ष में चाहे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। इन जातियों का वोटर भले ही भाजपा के साथ न हो लेकिन नीतीश कुमार के साथ हैं। यह बड़ी वजह है कि बिहार की ऊंची जातियां कांग्रेस अथवा उसके गठबंधन के साथ आती जाती रहती हैं। माना जा रहा है कि इसी समीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने यहां मोहन प्रकाश को प्रभारी तो अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा था। मौजूदा समय में ये दोनों अपने पदों पर नहीं हैं। निश्चित ही अपने अपने पदों से हटे इन दोनों नेताओं से भितरघात की संभावना तनिक भी नहीं है कांग्रेस के तमाम नेताओं, कुछ विधायकों से बात चीत से ऐसा लगा कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रहे अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाए जाने का दुख है। अखिलेश प्रसाद सिंह भूमिहार हैं और उनका भूमिहार वोटरों पर खासा प्रभाव है। कांग्रेस ने उन्हें हटाकर राजेश कुमार नामक एक दलित विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है ताकि दलित वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो। बिहार कांग्रेस नेताओं और विधायकों की चिंता यह है कि नए दलित प्रदेश अध्यक्ष दलितों का वोट कांग्रेस को शायद न दिला पाएं, भूमिहार वोटरों का कांग्रेस से खिसक जाने का खतरा जरूर है।

कांग्रेस की एक महिला विधायक जिसका की नाम देना यहां जरूरी नहीं है "उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा कि इस बार सबकुछ ठीकठाक चल रहा था, राहुल गांधी का लगातार दौरा हो रहा था, कन्हैया कुमार पदयात्रा कर लोगों में कांग्रेस का अलख जगा रहे थे, निश्चित ही इस मेहनत का फायदा कांग्रेस को मिलता लेकिन बिना किसी कारण के प्रदेश अध्यक्ष के बदल देने का संदेश ठीक नहीं गया। कांग्रेस कह तो रही है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम इससे अच्छी सुविधाएं देंगे लेकिन जनता है कि वह सुनती ही नहीं। सीधे कहती है कि अभी तो ये सब मिल ही रहा है, कांग्रेस जब आएगी तब देखा जाएगा। एक कांग्रेस विधायक ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को शामिल करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

# कैसे हो परमात्मा से जुड़ाव




गौरव वाजपेयी 'स्वप्निल'
कर अधिकारी, बलरामपुर

मानव जीवन क्षणभंगुर है। कब क्या हो जाये, पता नहीं? इसलिये अपना दैनिक जीवन जीते हुए भी हम सबको उस ईश्वरीय शक्ति से सदैव जुड़े रहना चाहिये। चलते-फिरते भी हम उस परमसत्ता का स्मरण करते रहें और अपने हर कार्य के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर उसके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें। प्रयास करें कि यह हमारी दैनिक आदत में शामिल हो क्योंकि परमात्मा से जुड़ाव के लिए भी अभ्यास आवश्यक है। हमें कभी नहीं सोचना चाहिए कि ईश्वर की भक्ति जीवन के अन्तिम समय की चीज है। मानव जीवन बड़ा अनिश्चित है, अतः कौन सा समय अन्तिम समय हो जाए, कहा नहीं जा सकता। ईश्वर के प्रति समर्पण हमारे आत्मविश्वास को प्रबल करता है। उसकी निरन्तर स्मृति हमारी लौकिक क्षमताओं में वृद्धि करती है और हम पाते हैं कि हमारे सभी लौकिक कार्य अच्छे से सम्पादित हो रहे हैं। यह इसलिए होता है क्योंकि ईश्वर से जुड़े रहने से हमारा मन शांत रहता है और शांत रहने से हमारी एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ती जाती है, जिससे हम अपना हर काम ध्यानपूर्वक और बिना विचलित हुए कर पाते हैं। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण ही उसकी प्राप्ति का सहज मार्ग है। श्रीमद्भगवद्गीता के नवें अध्याय के चौंतीसवें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश करते हुए कहते हैं- "मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।/मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः।।" अर्थात मुझमें मनवाला हो, मेरा भक्त बन, मुझमें पूजन करने वाला हो, मुझको प्रणाम कर। इस प्रकार आत्मा को मुझमें नियुक्त करके मेरे परायण होकर तू मुझको ही प्राप्त होगा।

अब प्रश्न उठता है कि भगवान में मन कैसे लगाया जाए? बाबा तुलसीदास जी ने कहा है- "जन्म जन्म मुनि जतनु कराहीं। अंत राम कहि आवत नाहीं।।" संसार में उन्मुख जीव की भगवान में रुचि होना सहज नहीं है। इसके लिए भी अभ्यासपूर्वक उपाय करना होगा। संतों की संगति, भगवान की कथा, लीला एवं गुणों को सुनना, वेद, उपनिषद, पुराण, गीता, रामायण आदि ग्रंथों का अध्ययन-अनुशीलन, प्रभु का नामस्मरण, भजन-कीर्तन, प्रभु के रूप का चिन्तन तथा उनमें अखण्ड विश्वास, भगवद्भक्तों की सेवा, सभी में ईश्वर का दर्शन, संतोष, निश्चलता एवं सरलता आदि उपायों के द्वारा अपने मन को निरन्तर प्रभु से जोड़े रखने का अभ्यास किया जा सकता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण के वचनों के अनुसार इस तरह के उपायों द्वारा अपनी आत्मा को प्रभु से जोड़कर हम परमात्मा का ही स्वरूप (आत्मस्वरूप) हो जायेंगे अर्थात परमात्मा में सब प्रकार समर्पण द्वारा ही अपने सत्य स्वरूप (परमात्म स्वरूप के साथ एकात्मता) को प्राप्त कर सकेंगे।

# सींखचों में चूजे



महानगरों में रहने वाले हर सुधी जन ने कभी न कभी यह दृश्य किसी न किसी रूप में अवश्य देखा होगा जब बेजुबान चूजों का एक विशाल दल बेबसी अवस्था में लोहे के जालीदार सीखचों के पीछे पिजरे में बंद अपने नियति से अनजान किसी अघोषित स्थान पर अंतिम बलिदान के लिए ले जाया जा रहा होगा। इन नितांत असहाय प्राणियों की दशा पर किसी को भी तरस आना स्वाभाविक होगा पर शहर की निर्मम व्यस्तता में सब कुछ खो जाता है। सहज मानवता इस भागमभाग जिंदगी की सबसे पहले बलि चढ़ती है। दिल्ली और अन्य शहरों में यह वीभत्स क्षण अक्सर देखने को मिल जाते है। प्रातःकाल चिकित्सालय जाते समय सड़क पर मिनीबस नुमा गाड़ी में सात मंजिले कठघरे में सैकड़ों चूजे अपने अपने प्रकोष्ठों में अपने स्वजातियों के मूत्र, विष्ठा और लार में नहाने को विवश भयभीत सिकुड़ कर बैठे हुए निर्द्वन्द भागती गाड़ी के अंदर बैठे हुए थे। गाड़ी के ऊपर बने इस दरबेनुमा कठघरे में छोटी-छोटी कई कोठरियां थी जिनके अंदर छह से सात चूजे ठूंस ठूंस कर भर दिए गए थे।



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

सब अज्ञात अनंत पथ की पर बढ़ रहे थे। सबके अंदर भयानक खलबली थी। कठघरे से निकालते समय भी ये बुरी तरह से डरे हुए होंगें। आखिर बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी? थोड़ी देर में ये सब कसाइयों को सौप दिये जाने वाले हैं और फिर कसाई की छूरी एक एक के गर्दन पर उन्हें हलाल या निर्दयता पूर्वक कलम करके ही दम लेगी। क्रूर कसाई के हाथों में फड़फड़ाते वक्त भी उनके प्राण एक क्षण के लिए पुतलियों में जाकर अटक जायेंगे। पुतलियां विस्फरित होकर कसाई के अगले घातक वार के समय यमराज के यहां प्रस्थान की तैयारी करेंगी। उसके बाद दुकान पर चूजों के गोश्त के लोथड़े छितरे-बितरे पड़े होंगे। इन मांस-खून से लिपटे टुकड़ों में एडरलीन-नारएडरलीन जैसे विषैले रसायन भरपूर मात्रा में उपस्थित होंगे क्योंकि काटे जाने के पूर्व ये चूजे थर-थर कांप रहें होंगे। भयातुर होंगे। आखिर उन्हें कसाई के छूरे-गड़ासे का सामना करना था। उस दशा में उनकी अंतःस्रावी ग्रंथियों से एडरलीन-नारएडरलीन नामक रसायनों का निकलना स्वाभाविक सुरक्षात्मक प्रक्रिया का क्रम था। इन रसायनों के अतिरिक्त वातावरण की प्रदूषित वस्तुएं भी अदृश्य रूप से इन मांस पिंडों में प्रभूत रूप से मौजूद होंगी। मैं सोच रहा था इन चूजों का मांस-मज्जा खाने वाले लोग मुर्ग-मुसल्लम या चिकेन व्यंजन का उपभोग करने वाले लोग कैसे खुश रहते होंगे? उनकी जिह्वा को तात्कालिक स्वाद भले मिलता हो पर इन मांसाहारियों को कम उम्र में ही बढ़े कोलेस्ट्रॉल, शुगर और उच्चरक्तचाप (अधिक बीपी) की समस्या से दो दो हाथ तो करना ही पड़ेगा। पशु-पक्षियों के प्रति निर्दयता और क्रूरता की पराकाष्ठा के विरुद्ध गला फाड़ फाड़ कर शोर मचाने वाले उन गैर सरकारी संघटनों को क्या कहा जाए जो गांधी जी के तीन बंदरों की भांति ऐसे दृश्यों को देख कर सुना-अनसुना कर देते हैं? सींखचों के पीछे जकड़े ये मूक-निस्सहाय चूजे अपने प्राणों की भीख तो मांग ही रहे हैं साथ साथ मानवता की दुहाई भी दे रहे हैं कि हे मानव तुम हमें बचा कर अपना भी अतिशय कल्याण करोगे। हमें अपना आहार मत बनाओ। हमारा खून क्यों बहाते हो? क्या उनकी पुकार कोई सुन रहा है?

# समय की जरूरत है राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना की समझ



डॉ. आनंद के. सिंह
प्रोफ़ेसर, हिन्दू कालेज, मुरादाबाद

> राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

भारत की सीमाओं पर बढ़ती अस्थिरता, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, और आंतरिक सुरक्षा के बहुआयामी संकट हमें इस मूलभूत प्रश्न की ओर ले जाते हैं कि ...क्या भारत के नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संस्कृति के प्रति पर्याप्त रूप से सजग हैं? उत्तर स्पष्ट है-अभी नहीं। जबकि सैन्य, कूटनीति और तकनीक के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है, आम नागरिकों की सामूहिक चेतना में अभी तक सुरक्षा और रणनीतिक सोच गहराई से नहीं उतर पाई है। दरअसल यह मात्र एक शैक्षणिक अथवा नीतिगत मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और गौरव का प्रश्न बन चुका है।

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

रणनीतिक संस्कृति का अर्थ है राष्ट्र की सुरक्षा, विदेश नीति और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली सोच और दृष्टिकोण की परिपक्वता। चीन और अमेरिका जैसे देश दशकों से इसे अपने नागरिकों में शिक्षित कर रहे हैं। भारत में यह संस्कृति या तो विशिष्ट संस्थानों में सीमित है या फिर राजनीतिक विमर्श के कोलाहल में दब जाती है। यह एक चिंताजनक स्थिति है क्योंकि कोई भी नीति या सैन्य रणनीति तभी कारगर हो सकती है जब उसे जनसमर्थन और जनचेतना का आधार प्राप्त हो।

हमारे विश्वविद्यालयों में अधिकांश छात्र यह नहीं जानते कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति क्या है? उसके लक्ष्य क्या हैं? और भारत की सीमाएं किन चुनौतियों से जूझ रही हैं? रक्षा अध्ययन जैसे विषय कुछ चुनिंदा संस्थानों तक सीमित हैं और सामाजिक विज्ञान की मुख्यधारा से अभी भी दूर हैं। यह विडंबना ही है कि जिस देश ने कारगिल, पठानकोट, पुलवामा जैसे हमलों का सामना किया हो, वहां के नागरिकों को सुरक्षा संस्कृति के विषय में जानकारी नहीं है।

मीडिया में भी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की कवरेज अक्सर सतही या सनसनीखेज होती है। गहराई में जाकर विषयों की पड़ताल और नागरिकों को शिक्षित करने का जो उत्तरदायित्व मीडिया निभा सकता था, वह अभी बहुत सीमित है। इसी तरह, हमारी पाठ्यपुस्तकों में राष्ट्रीय सुरक्षा और स्त्रातजीय मामलों को या तो अनुपस्थित रखा गया है अथवा इसे अप्रासंगिक दृष्टिकोण से देखा गया है।

मैं मानता हूं कि-भारत को शीघ्र ही एक औपचारिक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नागरिको के लिए सार्वजनिक करनी चाहिए, जिसमें सैन्य, आंतरिक, साइबर, जैविक और आर्थिक सुरक्षा जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयवस्तु शामिल हों। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा, रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से संबंधित पाठ्यक्रमों को अनिवार्य बनाया जाए। जिस प्रकार देश में स्वच्छता और मतदान के लिए अभियान चलाए गए, वैसे ही राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना के लिए भी सघन अभियान चलाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में "रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज)" विषय को और अधिक संस्थानों में शुरू किया जाए और इसे मुख्यधारा में लाया जाए। 'मीडिया हाउसों को भी चाहिए कि वे सुरक्षा संबंधी विषयों पर विशेषज्ञ आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करें और नागरिकों को भावनात्मक नहीं बल्कि संवेदनशील तथा तर्कपूर्ण ढंग से शिक्षित करें।

राष्ट्र मात्र सीमाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सामूहिक चेतना से सुरक्षित रहता है। जब प्रत्येक नागरिक अपने देश के कर्तव्यों, चुनौतियों और रणनीतिक विकल्पों के प्रति सजग होता है, तभी वह राष्ट्र वास्तविक रूप से शक्तिशाली बन सकता है। भारत जैसे उभरते शक्ति केंद्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने नागरिकों में न केवल राष्ट्रप्रेम, बल्कि सुरक्षा और रणनीतिक चेतना को भी विकसित करे। यही समय की मांग है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# बाढ़ से पूर्व सभी तैयारियां समय से पूरी करें अधिकारी

## ग्राम मांझा दरियाबुर्द एवं बाढ़ शरणालय का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

भ्रमण

▸▸ ग्राम वासियों से बाढ़ के समय होने वाली समस्याओं की ली जानकारी

संवाददाता, बहराइच



ग्रामीणों से जानकारी लेतीं डीएम व एसपी। अमृत विचार

अमृच विचार। बाढ़ की संभावना के मद्देनजर राहत व बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद के साथ विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत ग्राम मांझा दरियाबुर्द के निवासियों से मिलकर बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि घाघरा और सरयू नदियों का संगम स्थल होने के कारण यहां पर बाढ़ सबसे पहले दस्तक देती है। अतः सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत इस तरह से तैयारियों को अंजाम दे कि बाढ़ आने की स्थिति में ग्रामवासियों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होनें मौजूद खण्ड विकास अधिकाकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार, एमओआईसी, पशु चिकित्साधिकारी व सरयू ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों से की जा रही तैयारियों के सम्बंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डीएम ने मौजूद ग्रामवासियों से नियमित टीकाकरण तथा पशुओं के उपचार एवं टीकाकरण तथा पूर्व में आयी बाढ़ के दौरान विभिन्न प्रकार की क्षति के सापेक्ष हुए भुगतान इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि गांव में टीकाकरण का कार्य किया गया है। डीएम ने पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं के टीकाकरण समय से कराये जाने के भी निर्देश दिये। ग्राम मांझा दरियाबुर्द सरयू व घाघरा नदी का मिलाप स्थल होने के कारण बाढ़ के लिए अत्यन्त संवेदनशील क्षेत्र है। डीएम ने बीडीओ व ग्रामवासियों से नदी के जल स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि वर्तमान में जलस्तर बिल्कुल सामान्य है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नज़र रखने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होनें बाढ़ शरणालय केवलपुर का भी निरीक्षण किया और बीडीओ व नायब तहसीलदार से शरणालय के निर्माण के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम मोनिका रानी ने एमओआईसी शिवपुर को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र की ऐसी गर्भवती महिलाओं जिनके यहां जून से लेकर अगस्त माह तक प्रसव की संभावना है, उनकी सूची तैयार कर लें ताकि बाढ़ के दौरान आपातकालीन स्थिति में उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा अथवा सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके। डीएम ने ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में ही सुरक्षित स्थान पर अस्थाई बाढ़ राहत शिविर तथा प्रसाधन इत्यादि की मोबाइल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समस्त तैयारियां पूर्ण कर लें ताकि बाढ़ से प्रभावित होने वालों को स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित ठिकाना मिल सके।

### थाना दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं समस्याएं

खैरीघाट ( बहराइच) । थाना परिसर में शनिवार दोपहर जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक आरएन सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थाना समाधान दिवस में 39 प्रार्थनापत्र आए जिनमें पांच का मौके पर निस्तारण कराया। सबसे ज्यादा शिकायत राजस्व से संबंधित रही। भूमि विवाद के मामले में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर एडीएम एफआर गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक( ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

## आईटीआई के प्रधानाचार्य सहित 3 नामजद कोर्ट में पर मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

▸▸ मारपीट के मामले में हुई सुनवाईं

बहराइच अमृत विचार। आईटीआई के प्रधानाचार्या , स्टोर कीपर व ब कैसरगंज के कार्य पर्यवेक्षक के विरुद्ध मारपीट व सोने की चेन व मोबाइल छीन लेने के मामले में न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश।संस्थान के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने थाने पर मुकदमा न लिखे जाने की बात कह कर मुकदमा दर्ज कराने के लिए अदालत से गुहार लगाई थी ।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अबूबक्र निवासी मोहल्ला काजीपुरा दक्षिणी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत पर वाद दायर कर कहा था कि वो राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत है । तबियत खराब होने के कारण उसने दो मई को आकस्मिक अवकाश का आवेदन दिया था लएकिन उसे निरस्त कर दिया गया । स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण वो दोपहर दो बजे संस्थान पर पहुंच कर डयूटी कर रहा था । इसी दौराद अचानक स्टोर कीपर , भंडारी अभय वर्मा , कार्य पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुमार व स्मृति शर्मा , प्रधानाचार्या दो अन्य अज्ञात लोगों के साथ वहां आए और गालियां देते हुए लात , घूंसा , थप्पड़ मारने लगे। हार्ट पेशेंट होने के कारण वह बेहोश हो गया । होश आने पर उसने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई ।इस मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई के बाद राम गांव थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज मामले की विवेचना का आदेश दिया है ।इस प्रकरण को लेकर अभय शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया था। वह भी विचाराधीन है ।

## घर में मिला अधेड का शव, मचा हड़कंप जांच में जुटी पुलिस

बहराइच अमृत विचार। शहर के एक घर मे दो दिन पुराना शव मिलने से हड़कम्प मच गया। इस मामले में पुलिस ने बताया कि शव लगभग कई दिन पुराना लग रहा है। दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी थी। मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्यों को एकत्र कराया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

शहर के कोतवाली नगर इलाके के चांदपुरा के 55 वर्षीय शब्बर हुसैन जैदी पुत्र सैय्यद जफर हुसैन अकेले ही अपने घर मे रहते थे। भाई सैय्यद गुलाम हुसैन ने बताया कि उनकी पत्नी 5 वर्ष पहले घर छोड़ कर चली गयी थी। क्योंकि शब्बर हुसैन अत्यधिक शराब पीते थे और उन्हें मिर्गी की भी बीमारी थी। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि जब घर से अचानक बहोत तेज़ दुर्गंध आने लगी। जिसपर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्यों को एकत्र किया है। इस मामले में कोतवाल नगर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शव करीब दो दिन पुराना लग रहा है। अभी तक कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रशांत सिंह का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

बहराइच ,अमृत विचार। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की कार्यशाला में शामिल हो कर लौटे बहराइच निवासी प्रशांत सिंह का जिले के कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। इस कार्यशाला को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी , कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश व कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने सम्बोधित किया । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के पुत्र प्रशांत सिंह रैकवार कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए गए हैं । पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष इं जय प्रकाश मिश्र ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि बहराइच से पहली बार कोई कांग्रेस के राष्ट्रीय कमेटी में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशांत सिंह रैकवार बहुत ही योग्य व शिक्षित व्यक्ति हैं और बहुत ही शालीनता और गंभीरता के साथ मीडिया में अपना पक्ष रखते हैं। इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य व निवर्तमान प्रदेश सचिव मेजर राना शिवम सिंह, महसी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ राजेश तिवारी, कांग्रेस नेत्री प्राची श्रीवास्तव, पार्टी नेता गोपी नाथ, पूर्व जिला महासचिव राघवेन्द्र द्विवेदी, पीसीसी सदस्य अमर नाथ शुक्ल, नेम सिंह चौहान, सतेंद्र मोहन श्रीवास्तव लोग मौजूद रहे।

## अकबर महान कैसे, जिसने अत्याचार किया: कुलपति

संवाददाता, बहराइच ,अमृत विचार। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर में प्रवेश के शुभारंभ को लेकर बहराइच पहुंचे कुलपति ने विदेशी आक्रांताओं व अकबर को महान कहने वाले शब्द पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। बहराइच के ठाकुर हुकुम सिंह किसान डिग्री महाविद्यालय पहुंचे मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह ने कहा कि अकबर को कोई कैसे महान बता सकता है। ऐसा कोई पाठ्यक्रम जो हमारी संस्कृति, ज्ञान, विज्ञान, धर्म दर्शन को दूषित करता है और नीचा दिखाने का प्रयास करता है, उस व्यक्ति के इतिहास का संवर्धन हमारे विश्वविद्यालय में नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अकबर महान है इस शब्द को वामपंथी विचारकों ने ठोकने का प्रयास किया। तथ्यों से प्रमाणित है कि अकबर ने ऐसा अत्याचार किया है कि उसे महान कहने में भी शर्म आती है। बहराइच के हजरत सैयद सालार मसूद गाजी को अक्रांता बताने के मामले में उन्होंने कहा कि ज्यादातर राजनीतिक मामला होता जा रहा है। यह सांस्कृतिक दृष्टि से हमारे पाठ्यक्रम का हिस्सा कैसे हो सकता है। अगर पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे तो महाराजा सुहेलदेव और महर्षि बालार्क। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सैयद सालार मसूद गाजी को विदेशी आक्रांता बताते हुए महिमा मंडित न करने की बात कही गई थी। इसके बाद से ही लगातार विरोध चलता आया है और लोगों ने दरगाह के पास सूर्य मंदिर व महर्षि बालार्क का आश्रम की बात कह कर पुरातत्व विभाग से जांच कराने की भी मांग की थी। जिसपर भाजपा सांसद डॉ आनंद गोंड ने भी पत्र लिखकर जांच कराने की बात कही है।

# स्टंट कर रहे बाइक सवार ने सड़क पार कर रही महिला को मारी टक्कर, हुई मौत

बहराइच, अमृत विचार। जिले के गांव बियाबानी में तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क पर स्टंट कर रील बना रहे थे। तभी सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मारी दी। बाइक की टक्कर से महिला बाइक के हैंडिल में फंस कर कुछ दूरी तक घसीट गई। हादसे में महिला को गंभीर चोटें आ गई। परिवार के लोगों ने महिला को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच में जुट गई है।

मटेरा थाना क्षेत्र के बियाबानी गांव निवासी रुखसाना पत्नी अब्दुल तालीब 33 वर्षीय अपने घर से सड़क पार दूसरे घर पर खेल रहे बच्चे को लाने के लिए सड़क पार कर रही थी। तभी सड़क पर दो बाइक सवार स्टंट कर रील बना रहे थे। हाइवे पर स्टंट कर रहे बाइक सवार की बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। और सड़क पार कर रही रुखसाना को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतिका के परिवार के लोगों ने बताया कि दो बाइक सवार सड़क पर तेज रफ्तार बाइक पर स्टंट कर रील बना रहे थे। एक बाइक सवार स्टंट रहा था। दूसरा बाइक सवार कैमरा चला कर रील बना रहा था। स्टंट के दौरान बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला और बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। बाइक सवार का इलाज चल रहा है। और दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर बाइक को हिरासत में लेकर जांच में जुट गई है।

## एक नजर

### चरस के साथ दो नेपाली युवक गिरफ्तार

बहराइच, अमृत विचार। जिले के सुजौली पुलिस ने दो नेपाली युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 .974 किग्रा . चरस बरामद कर जेल भेज दिया। विश्वस्त सूत्रों से मिली सूचना पर थानाध्यक्ष हरीश सिंह, उप निरीक्षक राजकुमार, कां . शिवकुमार यादव, अमित गुप्ता, मनीष यादव, विपिन कुमार, प्रमोद पाल ने नेपाली अभियुक्तों को उस समय गिरफ्तार किया जब वे भारत सीमा में प्रवेश कर रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान धनबहादुर वादी पुत्र बुधे वादी निवासी ग्राम पंचायत वर्द गोरिया वार्ड नम्बर 1 बलिया व राजकुमार वादी पुत्र कमल वादी निवासी लमकी बलचौर वार्ड नम्बर 9 जिला कैलाली नेपाल के रूप में हुई। बरामद चरस को सीज कर दिया गया है।

### किशोर ने लगाई घर में फांसी, हुई मौत

बहराइच ,अमृत विचार। रिसिया के ग्राम किशुनपुर रामपुर बरई निवासी एक किशोरी ने अज्ञात कारणवश फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रिसिया थाना क्षेत्र के किशुनपुर रामपुर बरई निवासी मोहिनी ( 15 ) पुत्री जुगुल किशोर का शव घर की दूसरी मंजिल पर कमरे में टुपट्टे से लटकता मिला। बताया जाता है कि किशोरी के पिता और मां शुक्रवार सुबह मेडिकल कॉलेज में भर्ती रिश्तेदार को देखने गये थे। लौटकर जब दोनो वापस लौटे तो देखा कि पुत्री को शव फांसी के फंदे से लटक रहा है। पिता ने बताया कि मोहिनी की मानसिक हालत ठीक नहीं थी। इसी कारणवश उसने फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### चकरोड पर दबंगो का कब्जा,पीड़ित ने की शिकायत

बहराइच अमृत विचार। जिले के नानपारा तहसील के मंगलपुरवा देहाती गांव में लखीमपुर-बहराइच हाईवे से जाने वाली चकरोड दबंगों द्वारा जोत कर अपने खेत में मिला लिया। इस बात की शिकायत लोगों द्वारा तहसील में की गई, लेकिन किसी भी अधिकारी कर्मचारी ने इसका संज्ञान नहीं लिया। मौके पर रहने वाले महफूज राइनी को जब जानकारी हुई तो उसने इस बात की लिखित शिकायत तहसील में की, जिसमें उल्लेख किया कि गाटा संख्या 875 पर उसका कोल्ड स्टोरेज है, जिसके उत्तर दिशा से चकरोड निकली है। इस चकरोड को दबंगों ने पूरी तरह से जुताई कर अपने खेत में मिला लिया है। शिकायत के पांच दिन बाद भी अभी तक किसी अधिकारी कर्मचारी ने मौके के निरीक्षण करने की जहमत नहीं उठाई। उसने तहसील के कुछ कर्मियों से दबंगों की मिलीभगत होने की भी आशंका जताई।

### सिपाही ने युवक की पिटाई सीएम को भेजा शिकायती पत्र

मटेरा बहराइच । खैरीघाट थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव निवासी मीना देवी पत्नी रामचंद्र ने मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर थाने के सिपाही की शिकायत की है। महिला का कहना है कि उसने गांव निवासी संतोष कुमार वर्मा से जमीन लिया था। जिसका बैनामा नहीं हुआ है। इस पर महिला ने थाने में शिकायती पत्र दिया। महिला का कहना है कि थाने में तैनात सिपाही दिलीप कुमार प्रजापति ने बैनामा करवाने और बैनामा न होने पर रुपये वापस करवाने की बात कही। इसके एवज में दो बार में आवास पर बुलाकर बेटे दिलीप से चार हजार रुपए लिया। काम भी नहीं हुआ। इसके बाद पुनः आवास पर बुलाकर छह हजार रुपए की मांग की। विरोध करने पर बेटे दिलीप कुमार को कमरे पर गाली देते हुए लात घूसों से पीटा जिसमें बेटा घायल हो गया। महिला ने मामले की जांच कर कार्यवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### सीएचसी अधीक्षक ने किया कोल्ड चेन का निरीक्षण

कैसरगंज (बहराइच) । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा .एन .के .सिंह ने शनिवार को सीएचसी मे स्थापित कोल्ड चेन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईओ संगीता श्रीवास्तव से सभी तरह की वैक्सीन की जानकारी ली तथा उसके रखरखाव को भी देखा तथा स्टाक रजिस्टर से दवाओं का मिलान भी किया।



कैसरगंज सीएचसी के वैक्सीन कोल्ड चेन का निरीक्षण करते अधीक्षक डॉ. एन .के .सिंह।

स्टाक सही मिलने पर और कोल्ड चेन की बेहतर व्यवस्था पर उन्होंने सन्तोष व्यक्त किया ।उन्होंने आन लाइन रिपोर्टिंग के डेटा की भी जांच की तथा उससे सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सार्थक प्रयास किये जा रहे है तथा किसी भी वैक्सीन की कमी नही होने दी जायेगी।

### नहरें सूखीं, बोरिंग में पानी कम, धान की नर्सरी बचना मुश्किल

बाबागंज ( बहराइच) । भीषण गर्मी, 40-45 डिग्री सेल्सियस तापमान के कारण छोटे और मध्यम जलस्रोत सूख गए हैं। नहरें और उनकी शाखाएं भी पानी के बिना खाली पड़ी हैं। इससे किसानों को खरीफ फसलों की खेती में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के आसार नहीं दिख रहे हैं। खेतों में लगी धान की नर्सरी को बचाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। एक तरफ छुट्टा जानवरों का खतरा है। दूसरी तरफ बढ़ते तापमान से नर्सरी को नुकसान हो रहा है। किसान हर दूसरे दिन पंप से सिंचाई कर रहे हैं। लेकिन भूजल स्तर नीचे जाने से बोरिंग में भी पानी कम हो गया है। किसान रमेश, ओम प्रकाश, मुंशी और राजू ने बताया कि नहर न चलने से खरीफ की नर्सरी तैयार करना मुश्किल हो गया है। खरीफ सीजन में धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंग, मूंगफली, गन्ना, सोयाबीन, उड़द, तुअर, जूट और कपास की बुवाई की जाती है। इन फसलों को अब पहली सिंचाई की जरूरत है। नहरों में पानी नहीं होने से गरीब किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। उनके पास डीजल पंप नहीं है और वे पूरी तरह नहरों के पानी पर निर्भर हैं। प्रशासन की ओर से इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है।

### चोरी की बाइक समेत एक गिरफ्तार

रूपईडीहा ( बहराइच ) । सीमावर्ती आदर्श थाना कोतवाली नगर पंचायत रुपईडीहा क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों के खिलाफ अभियान चलाते हुए रूपईडीहा पुलिस ने दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह, उप निरीक्षक विजय कुमार, हेड कांस्टेबल स्वतन्त्र विक्रम सिंह, कांस्टेबल संदीप चौहान और आलोक शुक्ला के द्वारा शुक्रवार रात राणा पेट्रोल पंप के पास आईसीपी तिराहे पर संदिग्ध हालात में खड़े एक युवक को पुलिस टीम ने रोककर पूछताछ की। युवक बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार था और वाहन से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक टीवीएस अपाचे और एक हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की गई है, जिनके रजिस्ट्रेशन नंबरों की जांच में सामने आया कि दोनों गाड़ियां अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई थीं। कड़ी पूछताछ में युवक ने अपना नाम राजाराम पुत्र परमेश्वर, उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी रानीपुरवा, थाना रूपईडीहा बताया तथा पूछताछ के दौरान उसने बाइक चोरी की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### लाभार्थी को सांसद ने सौंपी आवास की चाभी

बहराइच अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विधानसभा बलहा के ग्राम सभा बरखडिया में "संकल्प से सिद्धि" चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा सांसद डॉ आनंद गोंड ने भाग लिया। चौपाल में सरकार द्वारा चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं के लगे स्टाल का सांसद आनंद गोंड ने निरीक्षण करते हुवे प्रधानमन्त्री आवास योजन के लाभार्थी महिलाओं को आवास की चाभी सौंपी ।तथा 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को आयुष्मान कार्ड देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर सांसद श्री गोंड ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से आम जनता को बहुत लाभ हो रहा है ।कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना था।



केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर लगे स्टाल का निरीक्षण करते सांसद ।

### नक्सली हमले में कुशीनगर का जवान शहीद

कुशीनगर, अमृत विचार : हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर सोहरौना के निवासी सत्यवान सिंह सीआरपीएफ झारखंड में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे उनके नक्सली हमला में शहीद होने की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है ।उनकी बटालियन गस्त करके लौट रही थी। घात लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा उनके बटालियन पर हमला कर दिया गया। जिसमें सीआरपीएफ के जाबांज योद्धा सत्यवान सिंह नक्सलियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।


## वर्ग पहेली- 2

बाएं से दाएं

1. 1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।
2. 1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।
5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।
6. 1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ।
9. रवेवाला, दानेदार।

ऊपर से नीचे-

1. 1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।
3. 1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।
4. 1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक
5. 1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।
7. 1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।
8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना : किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।



### वर्ग पहेली -1 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बा | का | ■ | 2 इ | ■ | 3 जी | ■ |
| ल | ■ | 4 अ | म | ल | ता | सी |
| ■ | 5 उ | ■ | र | ■ | जा | ■ |
| ■ | प | ■ | जें | ■ | ग | ■ |
| 6 अ | धि | शा | सी | ■ | ता | ■ |
| गि | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 या | र | बा | श | ■ | 8 ब | च |

## सुडोकू -9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | 8 | | | | | 1 |
| 9 | 2 | | 1 | | 6 | | | 4 |
| | | 2 | 3 | | | 9 | | |
| | 8 | 7 | | | | 3 | 4 | |
| | | 1 | | | 2 | 6 | | |
| 8 | | | 9 | | 5 | | 2 | 3 |
| 1 | | | | | 8 | | | 7 |
| | 3 | 6 | | | 4 | | | |

### सुडोकू - 8 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 9 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 7 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी-15 .51 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** — आज आपकी दिनचर्या काफी संतुलित रहने वाली है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा। जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**वृष** — आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। काफी समय से जिस कार्य के लिए आप योजना बना रहे थे उसे प्रारम्भ कर सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** — आज दांपत्य संबंधों में परेशानी हो सकती है। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। आपको अत्यधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। जॉब में सहकर्मियों के व्यवहार से परेशान हो सकते हैं। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहने वाला है। लोगों के प्रति आपके सहयोगात्मक व मैत्रीपूर्ण व्यवहार की सराहना होगी। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से लाभ होगा। विदेशी भूमि में सफलता मिल सकती है।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय देना पड़ेगा। फिर भी अपनी क्षमता से अधिक काम न करें। घर के मामलों को बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। कोई महत्वपूर्ण वस्तु गुम हो सकती है। अत्यधिक दयालुता में काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** — आज प्रेम संबंधों के मामलों में परेशानी हो सकती है। संतान की उन्नति से आप हर्षित रहेंगे। विवाह योग्य संतान को विवाह प्रस्ताव मिलेंगे। नौकरी बदलने का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिलेगी। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है।

**तुला** — आज साझेदारी से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता अवश्य रखें। किसी पर भी आंख-मूंदकर विश्वास न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। विवादों से दूर रहना उचित होगा। आज आप परिजनों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपकी आय में वृद्धि होगी। छात्रों को पढ़ाई में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। छोटे व्यापारियों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।


**धनु** — आज किसी प्रियजन को लेकर नकारात्मक खबर मिल सकती है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय व्यर्थ हो सकता है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। आज किसी को भी वादा न करें। स्वास्थ्य थोड़ा नरम हो सकता है।

**मकर** — महिलाओं के लिए आज का दिन काफी प्रगतिशील रहेगा। सभी कार्यों को सोच-समझकर करने से सफलता मिलेगी। विदेश यात्रा से लाभ होगा। व्यवसाय को लेकर कोई महत्वपूर्ण डील हो सकती है। वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कुंभ** — आज अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों को लेकर सम्वेदनशील रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है। मन में अनजाना भय व्याप्त हो सकता है। कानूनी मामलों में नुकसान होने की आशंका है।

**मीन** — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। अटके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोरी महसूस कर सकते हैं। प्रेमी जोड़े विवाह को लेकर तैयारी कर सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र- श्रवण 16 जून 13 .00 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

## एक नजर

### दीपक बने ब्राह्मण एकता परिषद के जिला उपाध्यक्ष


दीपक पांडेय।

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के करनपुर निवासी दीपक पांडेय को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद, सुलतानपुर का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के जिला अध्यक्ष अंकुर पांडेय ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपकर इस जिम्मेदारी की औपचारिक घोषणा की। अपने मनोनयन पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री दीपक पाण्डेय ने कहा कि, संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। बृज लाल यादव, नीरज शर्मा, हिमांशु सिंह समेत अन्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी।

### राजनीति विज्ञान की मौखिक परीक्षा 17 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप पीजी कॉलेज बीए षष्टम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान विषय की मौखिक / प्रायोगिक परीक्षा 17 जून को महाविद्यालय में प्रात : 8 बजे कला संकाय राजनीति विज्ञान विभाग में सम्पन्न होगी। छात्र/छात्राएं अपने प्रवेश-पत्र, प्रोजेक्ट एवं अन्य आवश्यक सामग्री के साथ उक्त तिथि एवं समय पर महाविद्यालय में उपस्थित रहें। परीक्षा छूट जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र/छात्राओं की होगी। यह जानकारी आंतरिक परीक्षक डॉ मंजू ठाकुर ने दी।

### बेजुबानों के लिए शीतल जल और आश्रय की मुहिम

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में जहां इंसान अपनी प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी का सहारा ले रहा है, वहीं बेजुबान पशु-पक्षी पानी के लिए भटक रहे हैं। इसी चिंता को ध्यान में रखते हुए कटका क्लब सामाजिक संस्था ने जनपद में एक सराहनीय अभियान शुरू किया है। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि क्लब के युवाओं ने बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी के मटकों में जलपात्र और पक्षियों के लिए घोंसले लगाने का काम शुरू किया है। इस कार्य में शिवकुमार मिश्र, राजकुमार मिश्र, वैभव मिश्र, सर्वेश कांत वर्मा और शीतला प्रसाद पांडेय समेत कई लोग सक्रिय रूप से जुटे हैं।

### गांव से शहर तक हो रहा तेज़ी से विकास

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** केंद्र सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत शनिवार को लंभुआ में भाजपा द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवाकांत मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी व जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांव से लेकर शहर तक चौतरफा विकास कराया है। अपराध पर नियंत्रण के साथ प्रदेश को कानून-व्यवस्था के मामले में बेहतर स्थिति में लाया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारी देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने में जी-जान से जुटे हैं।

### दो बिछड़े जोड़ों की कराई गई विदाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक हंसमती एवं महिला हेड कांस्टेबल वृन्दावती चौधरी के प्रयास से दो विवाहित जोड़ों के बीच लंबे समय से चल रहे पारिवारिक विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान कराया गया। थाने पर परामर्श के उपरांत दोनों दंपतियों ने पुराने मतभेदों को भुलाकर एक साथ जीवन जीने का निर्णय लिया और पति के साथ पत्नी की विदाई कराई गई। दोनों परिवारों ने पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया।

# 42 डिग्री तापमान के बीच गांवों में घंटों बिजली कटौती से लोग त्रस्त

## जर्जर तारों, अघोषित कटौती से ग्रामीण बेहाल, अधिकारी मौन, बरसात होने के बाद ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** जिले में भीषण गर्मी से लोग हलकान हैं। तापमान लगातार 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, लेकिन इस झुलसाती गर्मी में भी बिजली आपूर्ति बदहाल बनी हुई है। गांवों में घंटों की कटौती, जर्जर तार, पुरानी केबल और अघोषित शटडाउन से लोग त्रस्त हैं। वहीं, जहां लाइट आ भी रही है वहां लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

भदैंया संवाददाता के अनुसार लोलेपुर उपकेंद्र अंतर्गत रामपुर हनुमानगंज और माड़व का पुरवा गांवों में करीब 200 घरों में पिछले तीन वर्षों से जर्जर केबल के सहारे बिजली दी जा रही है। रामपुर हनुमानगंज ईस्ट फीडर का अंतिम गांव है, जहां तीन दशक पुराने तार अक्सर लोड के चलते टूट जाते हैं। वहीं, माड़व का पुरवा में भी ट्रांसफॉर्मर से जुड़ी केबल गलकर गिर रही है, जिससे बिजली आपूर्ति रोज बाधित रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ। रामपुर के संजीत सिंह, राजू, भोले व माड़व के तौकीर अहमद, खुर्शीद फौजी जैसे ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से नई लाइन की मांग की है। लोलेपुर उपकेंद्र के अवर अभियंता आनंद जायसवाल ने कहा कि जल्द ही निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उधर, बल्दीराय विद्युत केंद्र से जुड़े देहली फीडर की हालत भी बदतर है। यहां अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता बच्चों व बुजुर्गों को लेकर परेशान हैं। लगातार आ रही शिकायतों के बावजूद फील्ड स्टाफ का रवैया उदासीन बना हुआ है। वहीं, दूसरी ओर बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या अब किसानों की सब्जी की खेती एवं धान की बेरन पर सीधा असर डाल रही है। लगातार हो रही बिजली आपूर्ति में बाधा के कारण खेतों की सिंचाई संभव नहीं हो पा रही है, जिससे सब्जियों की फसल व धान की रोपाई के लिए डाली गई बेरन सूखने लगी हैं।


लोलेपुर उपकेंद्र से सप्लाई होने वाली विद्युत आपूर्ति का टूटा हुआ तार। अमृत विचार


सूरापुर फीडर पर मरम्मत कार्य करते विद्युतकर्मी। अमृत विचार

### ओवरलोड से सूरापुर फीडर पर रोस्टर, ग्रामीणों में आक्रोश

**सूरापुर :** भीषण गर्मी में सूरापुर पावर स्टेशन की ओवरलोड समस्या से विद्युत आपूर्ति रोस्टर पर दी जा रही है, जिससे ग्रामीणों को रतजगा करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष वीके अग्रहरि विजय ने वर्षों से सब स्टेशन की क्षमता वृद्धि की मांग की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि सीमावर्ती पावर स्टेशन से जौनपुर को भी सप्लाई जाती है और ट्रांसफार्मर की क्षमता 240 एम्पीयर से ज्यादा लोड सहन नहीं कर पाती, जिससे बार-बार ऑटो कट हो जाता है। क्षमता वृद्धि जरूरी बताई जा रही है।

### ट्रिपिंग व लो वोल्टेज से जनजीवन बेहाल

**लंभुआ :** भीषण गर्मी में बिजली विभाग की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। लम्भुआ कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में बार-बार बिजली ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या से जनजीवन और व्यापार दोनों प्रभावित हो रहा है। कस्बेवासियों का कहना है कि इन्वर्टर भी चार्ज नहीं हो पा रहे, जिससे रात में आराम से सोना भी मुश्किल हो गया है। महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान हैं। लोग बिजली विभाग से लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### आज दो घंटे ठप रहेगी मुख्य शहर की आपूर्ति

**सुलतानपुर :** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र डाकखाना शिकायत कक्ष पर स्थापित 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के रख-रखाव के चलते रविवार सुबह 8 से 10 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। एसडीओ विश्वजीत कुमार ने बताया कि साईट की स्थिति व तकनीकी जटिलताओं के चलते समय में परिवर्तन भी संभव है। इस दौरान रूद्रनगर, जिला अस्पताल, शाहगंज, चौक, गंदा नाला, गोलाघाट, सीताकुंड, डीएम आवास, बढैयाबीर, लालडिग्गी, पयारेपट्टी रोड, सिरवारा रोड, विनोबापुरी, विवेकनगर, पुलिस लाइन, करौदिया, कुड़वार नाका समेत कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि बिजली कटौती से पहले आवश्यक कार्य पूरे कर लें और सहयोग बनाए रखें।

### आज हल्की बारिश होने की संभावना

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि अगले 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है। हल्के बादल छाए रहने की भी संभावना है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40 .5 और न्यूनतम 29 .0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक है। आर्द्रता अधिकतम 84 व न्यूनतम 44 प्रतिशत रही। हवा उत्तर-पूर्वी दिशा में 5 .4 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली। मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों को खेतों में नमी बनाए रखने और कीट-व्याधियों पर निगरानी रखने की सलाह दी है। हल्की बारिश से गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है।

## समाधान दिवस पर ज्यादातर मामलों के हुए निस्तारण

▸▸ पुलिस अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी व संवेदनशीलता भी देखने को मिली

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्री कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में समस्त थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक थाने में थाना प्रभारीगण ने उपस्थित होकर आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

जनता द्वारा प्रस्तुत शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, आपसी मनमुटाव, जमीनी रंजिश एवं अन्य व्यक्तिगत विवादों की भरमार रही। सभी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर संबंधित विभागों एवं पक्षों से समन्वय स्थापित कर समाधान की प्रक्रिया आरंभ की गई। पुलिस प्रशासन द्वारा निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अधिकतर मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जिससे फरियादियों ने संतोष प्रकट किया। समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी और संवेदनशीलता देखने को मिली।

## उद्भवा, दीपांशु व आनंदित ने बढ़ाया जिले का मान

संवाददाता, सुलतानपुर


उद्भवा मिश्रा।


दीपांशु जायसवाल।


आनंदित यादव।

**अमृत विचारः** नीट 2025 परीक्षा परिणाम आते ही जिले के कई होनहार विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से सफलता का परचम लहराया है।

प्रथम प्रयास में देशभर में 436वीं रैंक हासिल कर उद्भवा मिश्र, पूर्व मुख्यमंत्री पं. श्रीपति मिश्र के पौत्री, एडवोकेट राकेश मिश्र की सुपुत्री ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उन्होंने बेंगलुरु से इंटरमीडिएट की परीक्षा 97 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की थी। बिटिया की सफलता पर एडवोकेट प्रमोद मिश्र 'मुन्ना भइया' ने हर्ष जताते हुए कहा कि उसने एक बार फिर परिवार और क्षेत्र दोनों का गौरव बढ़ाया है।

इसी तरह भदैंया ब्लॉक के हनुमानगंज बाजार निवासी दीपांशु जायसवाल पुत्र दीपक जायसवाल ने नीट की परीक्षा में ओबीसी श्रेणी में 2559वीं रैंक प्राप्त कर चौथे प्रयास में सफलता हासिल की।

दीपांशु ने सुलतानपुर के सेंट जेवियर्स स्कूल से हाईस्कूल व इंटर की पढ़ाई की और 2022 में कोटा कोचिंग में दाखिला लिया था। उनकी सफलता से परिजनों और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

वहीं, धनपतगंज ब्लॉक के शिक्षक दंपती सुनील कुमार यादव और रीता यादव के पुत्र आनंदित यादव ने भी नीट 2025 में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया।

सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र आनंदित ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों व परिवार को दिया। उनकी उपलब्धि पर शिक्षकों व संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## सार-संक्षेप

### अभिषेक को यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा में 77वीं रैंक


अभिषेक मिश्र।

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जनपद के लाल अभिषेक मिश्रा ने एक बार फिर सुलतानपुर का नाम रोशन किया है। संघ लोक सेवा आयोग ( यीपीएससी) द्वारा आयोजित सीएपीएफ ( असिस्टेंट कमांडेंट) परीक्षा 2024 में अभिषेक ने ऑल इंडिया रैंक 77 प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। यह परिणाम 13 जून को घोषित हुआ। थाना कूड़वार क्षेत्र के ग्राम बहुबरा, पोस्ट अगई निवासी अभिषेक मिश्रा का परिवार देश सेवा की परंपरा से जुड़ा है। उनके दादा स्व . कृष्णानंद मिश्रा सेना में हवलदार, पिता दिनेश चंद्र मिश्रा सूबेदार मेजर, चाचा चंद्र प्रकाश मिश्रा नायब सूबेदार और शशिकांत मिश्रा हवलदार पद से सेवानिवृत्त हैं। इसी सैन्य पृष्ठभूमि और परिवार से मिली प्रेरणा ने अभिषेक को इस मुकाम तक पहुंचाया। अभिषेक ने कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई टाइनी टॉट्स पब्लिक स्कूल, सुलतानपुर से, 9 से 12 तक की शिक्षा लखनऊ पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के रामलाल आनंद कॉलेज से कंप्यूटर साइंस में ऑनर्स किया और फिर किरोड़ी मल कॉलेज से राजनीति विज्ञान में परास्नातक की डिग्री हासिल की। साथ ही उन्होंने राजनीति विज्ञान विषय से यूजीसी नेट और जेआरएफ भी उत्तीर्ण किया है। इस उल्लेखनीय सफलता पर जिले में खुशी की लहर है। गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह व मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने अभिषेक को बधाई दी और घोषणा की कि उन्हें सीताकुंड धाम पर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। अभिषेक ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, गुरुओं और कठिन परिश्रम को दिया है। उनकी यह उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

### पैमाइश के पत्थर उखाड़ने पर दस लोगों पर मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** एसडीएम के निर्देश पर कराई गई भूमि की पैमाइश में लगाए गए पत्थर नसब को उखाड़ फेंकने के मामले में पुलिस ने चार महिलाओं सहित दस लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के मझगवां गांव का है। जहां के निवासी रामचेत ने राजस्व टीम से गाटा संख्या 1014 व 1018 की पैमाइश कराई थी। 28 मई को राजस्व निरीक्षक द्वारा पत्थर नसब की कार्यवाही की गई थी। रामचेत का आरोप है कि विपक्षियों ने जबरन सीमा निर्धारण के लिए लगाए गए पत्थरों को उखाड़कर फेंक दिया और मना करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रामचेत की तहरीर पर गांव के मोतीलाल, जगदीश, राजाराम, काशीराम, नंदलाल, राम अनुज, मुर्तजा देवी, भानमती, कलावती और अनीता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### कांग्रेस वंचितों की आवाज बनकर संविधान की रक्षा कर रही

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर विधानसभा क्षेत्र के शाहगंज रोड स्थित रघुवर मैरिज हॉल में कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, कोऑर्डिनेटर अर्जुन पासी, उज्ज्वल शुक्ला, संदीप त्रिपाठी सहित कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष राणा ने कहा कि मोदी सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का राजनीतिकरण कर रही है, जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। उज्जवल शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस गरीबों, दलितों, वंचितों की आवाज बनकर संविधान की रक्षा कर रही है। अर्जुन पासी ने भाजपा पर संविधान विरोधी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। कार्यक्रम में निकलेश सरोज, प्रमोद मिश्र, जगदीश सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन हृदय नारायण शुक्ल ने किया।

### अहमदाबाद विमान हादसे पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि


राजीव गांधी पार्क में श्रद्धांजलि देते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुजरात के अहमदाबाद में हुए भयावह विमान हादसे को लेकर कांग्रेसियों ने गहरा शोक जताते हुए कैंडल जलाकर दिवंगत हुई लोगों की आत्मा की शांति के लिए कामना की। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता तिकोनिया पार्क स्थित राजीव गांधी प्रतिमा स्थल पहुंचे। यहां सभी ने कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखकर मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, पीसीसी सदस्य लाल पद्माकर सिंह, नफीस फारुकी, सलाहुद्दीन हाशमी, राहुल त्रिपाठी, रणजीत सलूजा, अम्बरीश पाठक, दिनेश मिश्रा, प्रदीप सिंह, पवन मिश्रा, हामिद राईनी, विजयपाल, वरुण मिश्र, मनीष तिवारी, रियाज अहमद, मो . इकराम, श्याम लगन, उमाकांत त्रिपाठी, हाजी फिरोज आदि रहे।

### विमान हादसे में मारे गए लोगों को ओलंपिक संघ ने दी श्रद्धांजलि



पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में श्रद्धांजलि देते खिलाड़ी व खेल संघों के पदाधिकारीगण।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एयर इंडिया विमान हादसे में हुई मौतों पर जिला ओलंपिक संघ ने पंत स्टेडियम में शोक सभा आयोजित की। खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और कैंडल मार्च निकाला। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ . अब्दुल हमीद ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह ( डिंपल), मदन सिंह, चंदन नारायण सिंह, शिवनारायण सिंह, एम .एस . बेग, प्रदीप सिंह, राकेश सिंह, मोहम्मद सईद, प्रवीण मिश्रा, प्रशिक्षक आशुतोष गुप्ता, आशा देवी, पंकज दुबे सहित कई गणमान्य लोग, खिलाड़ी व प्रशिक्षक मौजूद रहे। सभा में हादसे को भीषण राष्ट्रीय त्रासदी बताया गया और पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

## महिला की मौत मामले में 4 पर हत्या का केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कमरावा गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

जौनपुर के खुटहन थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव निवासी सुभाषचंद्र तिवारी ने वर्ष 2018 में अपनी पुत्री कुसुम की शादी मयंक मिश्र पुत्र राकेश मिश्र, निवासी कमरावा से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा कार की मांग को लेकर कुसुम को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

कुसुम ने कई बार मायके वालों से कार देने के लिए दबाव बनाए जाने की बात बताई थी, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते ऐसा संभव नहीं हो सका। पिता सुभाष चंद्र के मुताबिक, उन्होंने पंचायत के माध्यम से सुलह कराने की भी कोशिश की, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। 12 जून की रात कुसुम ने रोते हुए फोन पर बताया था कि उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उसी रात 8 बजे ससुर राकेश मिश्र ने फोन कर सूचित किया कि कुसुम ने फांसी लगा ली है। परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या कर घटना को आत्महत्या का रूप दिया गया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर पति मयंक मिश्र, ससुर राकेश मिश्र, सास सरोज, तथा देवर मनीष मिश्र के खिलाफ धारा 302 (हत्या) समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## तालाब की खुदाई का वीडियो बनाने पर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, केस दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गोपाल रायपुर गांव में शुक्रवार देर रात जेसीबी से तालाब की अवैध खुदाई का वीडियो बना रहे ग्रामीणों और प्रधान पुत्र के समर्थकों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मामला भीषण मारपीट में तब्दील हो गया। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर सात नामजद लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है, वहीं दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी जांच शुरू कर दी गई है। गांव निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह प्रदीप जायसवाल के साथ अपने नलकूप पर बैठे थे, तभी गांव के ही चित्रसेन सिंह, अरविंद सिंह चौहान, जंगशेर सिंह, राजबहादुर, विजय बहादुर, दिनेश तिवारी उर्फ राजन और प्रवीण पाल हाथ में लाठी-डंडा व धारदार हथियार लेकर आ पहुंचे और जातिसूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर उन्होंने हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए प्रदीप जायसवाल के सिर पर धारदार हथियार से प्रहार किया गया, जिससे वह बेहोश हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस मामले में दलित उत्पीड़न अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### संकट मोचन मंदिर का 22वां स्थापना दिवस मना


स्थापना दिवस पर हवन पूजन करते लोग।

**जिला संवाददाता, सुलतानपु, अमृत विचारः** धनपतगंज ब्लॉक के हनुमंतपुरम, पिपरी सांईनाथपुर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर का 22वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया गया। इंटरनेशनल सोसायटी फॉर स्प्रिचुअल एडवांसमेंट यूएसए व संकट मोचन फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित वार्षिक समारोह में अखंड मानस पाठ, हवन-पूजन व महाप्रसाद का आयोजन हुआ। समारोह का आयोजन स्वामी रामानंद जी (डॉ. आरएस द्विवेदी) के निर्देशन में हुआ, जो अमेरिका में यूएस-एफडीए में कार्यरत हैं। मंदिर की स्थापना वर्ष 2003 में अयोध्या राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री श्री 1008 नृत्य गोपाल दास जी महाराज की उपस्थिति में हुई थी। स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक संध्या में लोकगायक चंद्रहास तिवारी ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, राजनीतिक प्रतिनिधि, पत्रकार व सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रधान पुजारी पं. अनिल शास्त्री ने विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र व धार्मिक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अंजनी तिवारी ने किया। संकट मोचन फाउंडेशन के महासचिव अशोक द्विवेदी ने सभी का आभार जताया।

## चांदपुर में रास्ते को लेकर दो पक्षों में झड़प में कई लोग घायल, पुलिस बल तैनात

संवाददाता, गोसाईगंज (सुलतानपुर)

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी अंतर्गत चांदपुर गांव में शनिवार शाम रास्ते को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। शाम करीब पांच बजे दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। झगड़े में दोनों ओर से कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर द्वारिकागंज चौकी प्रभारी द्विवेश त्रिवेदी, दरोगा इनामुल हक और टाटिया नगर चौकी इंचार्ज गुलाबचंद पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम आशीष उपाध्याय ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और दोनों पक्षों से पूछताछ की। मारपीट की इस घटना में इंद्रसेन यादव के पुत्र सौरभ यादव घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से गुलाबचंद्र यादव (पुत्र बग्गर यादव), सुशील यादव और रामदुलार यादव को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए जयसिंहपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

### प्रधान प्रतिनिधि व उनकी बेटी से मारपीट, केस दर्ज

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे जल निकासी नाली के मरम्मत कार्य को लेकर गांव में विवाद हो गया। ग्राम प्रधान मीरा सिंह के प्रतिनिधि माता प्रसाद सिंह के साथ पड़ोसियों ने लाठी-डंडे, ईंट-पत्थरों व लात-घूंसों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची बेटी महिमा सिंह को भी पीटा गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना मोतिगरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत लामा बनकठा की है। प्रभारी थानाध्यक्ष भरत सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नामजद अभियुक्तों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। साथ ही आरोपियों का शांति भंग में चालान कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने लिया भाग, सम्मानित

जिला संवाददाता, सुलतानपुर



विश्व रक्तदाता दिवस : ब्लड बैंक में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक सिंह को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुलतानपुर में रक्तदाता सम्मान एवं सामूहिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने भाग लिया और उन्हें मानव सेवा के इस पुनीत कार्य के लिए सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

सभी रक्तदाताओं को रक्तदान की नियमितता और आवश्यकता को लेकर शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सलिल श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राधा बल्लभ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके मिश्रा, पैथालॉजी विभाग की अध्यक्ष डा. सुपर्णा दुबे, डॉ. एसके गोयल, डा. एके सिंह, डा. आरए वर्मा, डा. सुधाकर सिंह समेत कई चिकित्सकीय एवं सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिले के 43 विशिष्ट व्यक्तियों को सामाजिक, चिकित्सकीय और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया। सम्मान पाने वालो में अशोक सिंह, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, जहां आरा , डॉ. आलोक कुमार , निजाम खान , मेराज खान, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह राणा, प्रणीत बौद्धिक, डॉ. कुंवर दिनकर सिंह, चंदन नारायण सिंह, प्रशांत सिंह, राजाराम निरंकारी, परितोष गुप्ता, शाह फैसल, अमन सुलतानपुरी, अलमदार हुसैन, श्यामलाल निषाद, योगेश निषाद, अर्जुन इंसान , प्रदीप यादव, कर्णवीर सिंह, गगनदीप सिंह, अनमोल अग्रहरि, केशव गुप्ता, पवन कुमार पाल , आलोक सिंह, विकास मिश्रा, डॉ. अनूप कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से शैलेन्द्र कुमार यादव, मो शकील , अनुपम कुमार यादव, आकाश रंजन सिंह, विकास शुक्ला, आशुतोष पाठक, मो यूसुफ, पवन कुमार मिश्रा आयुष सोनी, कासिम अली आदि ने रक्तदान किया।

## विजेथुआ धाम में दो महिला से चेन स्नेचिंग

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पवित्र विजेथुआ महावीर धाम में दर्शन करने आई जौनपुर जनपद की दो महिलाओं के गले से शनिवार को चैन चोरी हो गई। दोनों पीड़ित महिलाएं परिवार सहित सूरापुर पुलिस चौकी पहुंचीं, लेकिन वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला। बाद में उन्हें मुकदमा दर्ज कराने के लिए कादीपुर थाना भेजा गया। सिंगरामऊ की सुशीला यादव और जलालपुर की सुनीता गुप्ता ने बताया कि सुबह 8 बजे दर्शन के लिए मंदिर परिसर में पहुंचीं थीं, तभी भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उनके गले से चौन खींच ली। घटना से आक्रोशित व्यापार मंडल अध्यक्ष वीके अग्रहरि विजय ने उच्चाधिकारियों से बात कर ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की। वहीं, पूर्व प्रधान राजेश अग्रहरि ने आरोप लगाया कि इस धाम में चोरी की घटनाएं सुनियोजित रूप से कराई जाती हैं, जिसमें स्थानीय लोग भी शामिल हैं।

## एक नजर

### कितनी बदली कानून व्यवस्था पर विमर्श आज

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के तत्वावधान में संवाद के अंतर्गत रविवार को दिन में 1:30 बजे से प्रेस क्लब सभागार में कितनी बदली कानून व्यवस्था विषय पर विमर्श का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य वक्ता रिटायर्ड वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और लेखक राजेश पांडेय उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के महामंत्री पंकज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक पद से सेवानिवृत्त पांडेय की लिखी तीन पुस्तकें वर्चस्व, ऑपरेशन बजूका और बैज एंड बुलेट काफी प्रसिद्ध हैं।

### आज सुबह 8 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शोहरतगढ़ पावर हाउस परसिया पर रविवार को पैनल का काम होगा। इसलिए पकड़ी बाजार के विद्युत सब स्टेशन पावर हाउस देहात की बिजली आपूर्ति रविवार की सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ठप रहेगी। यह जानकारी पकड़ी पावर हाउस के जूनियर इंजीनियर सत्येन्द्र कुमार ने दी है।

### दो माह में करायें अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने ग्राम पंचायत गौर डीह विकासखंड खुनियांव में कोटे की दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अन्नपूर्णा भवन का निर्माण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने 2 माह मे अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीएम ने स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर की भी जांच की। जिलाधिकारी द्वारा वजन मशीन से बोरी का वजन कराया गया। स्टॉक मे रखी बोरी की गिनती करायी गयी। स्टॉक सही पाया गया।

# शादी टूटने से क्षुब्ध युवक ने युवती का रेता गला

## हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में कराया गया भर्ती

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शादी टूटने पर गुस्साये एक युवक ने दीवानपन दिखाते हुए अपनी मंगेतर का गला रेत कर फरार हो गया। पीड़ित युवती कोतवाली क्षेत्र के तरघौना गांव की रहने वाली है। इस वाकये के बाद युवती को मेडिकल कालेज पहुचाया गया, जहां उसकी हालत मरणासन्न है। लोटन कोतवाली पुलिस ने युवक पसंद कुमार के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पसंद कुमार पड़ोसी जिला महराजगंज के बेलवा गांव का रहने वाला है। पुलिस उसकी तलाश में शिद्दत से जुटी हुई है।

युवती के परिजनों ने शुक्रवार को लोटन कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बेटी की शादी महराजगंज के थाना कोल्हुई अन्तर्गत ग्राम बेलवा बकहनिहां में पसंद कुमार से तय हुई थी। लेकिन बाद में किसी कारण से यह रिश्ता टूट गया। इससे क्षुब्ध होकर पसंद कुमार हथियार लेकर शुक्रवार की रात को तरघौना पहुंचा और अपने घर सो रही युवती का गला रेत दिया। युवती की चीख पर जब परिजन जगे तो उन्होंने पसंद को घर से भागते देखा।

रात ही में मौके पर पहुंची पुलिस ने लड़की को अपनी अभिरक्षा में ले लिया और उसे सीएचसी लोटन ले गई। जहां डाक्टरों ने हालत को गंभीर देखते हुए उसे माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज भेज दिया। लड़की की हालत बिगड़ती देख वहां से भी लड़की को मेडिकल कालेज गोरखपुर भेज दिया गया। जहां लड़की की हालत गम्भीर बनी हुई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में एसओ डीके सरोज ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की हत्या

**कुशीनगर, अमृत विचार:** कुशीनगर में जमीन के कब्जे को लेकर दो पटीदारों में विवाद हो गया। विवाद इतना वढ़ गया कि एक पक्ष ने एक युवक के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद मौके पर भीड़ इकठ्ठा हो गई और गहमागहमी का माहौल हो गया।

पुलस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। घटना की सूचना पर कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी और मामले को संभाला।

शनिवार की शाम जिले के चौरा खास थाना क्षेत्र के जौरा बाजार के कनौरा गांव में हुई इस घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

# अवैध रूप से संचालित अस्पताल में जच्चा और बच्चा की गयी जान

संवाददाता, कुशीनगर

▸▸ पुलिस ने झोलाछाप को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी

**अमृत विचार।** खड्डा नगर स्थित अवैध रूप से संचालित विभ्रान्त अस्पताल में 25 वर्षीय महिला आसमा खातून पत्नी सिकंदर और उसके नवजात बच्चे की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने फर्जी डॉक्टर को हिरासत में ले लिया है।

आसमा हनुमानगंज थाना क्षेत्र के रामपुर जंगल गांव की रहने वाली थी। शुक्रवार रात प्रसव पीड़ा के चलते उसे खड्डा नगर के विभ्रान्त हॉस्पिटल लाया गया था। परिजनों के अनुसार, रात करीब 11 बजे उसका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन सफल रहा है और मां-बच्चा दोनों ठीक हैं। लेकिन कुछ ही देर में डॉक्टरों ने ब्लड की व्यवस्था जिला अस्पताल से करने की बात कही और पैसों की मांग शुरू कर दी। जब आसमा की हालत और बिगड़ने लगी तो अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से कहा कि महिला को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले जाना होगा। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर सैयद, जो स्वयं को हॉस्पिटल का चिकित्सक बता रहा था। मृत आसमा और उसके बच्चे को जिंदा बताते हुए कुछ घंटे तक प्राइवेट वाहन में ही अस्पताल के आसपास के लगभग 10 किमीघुमाता रहा। इस पर परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉक्टर सैयद को हिरासत में ले लिया। जांच में सामने आया है कि विभ्रान्त हॉस्पिटल बिना किसी पंजीकरण के अवैध रूप से संचालित हो रहा था। न तो वहां प्रशिक्षित डॉक्टर तैनात थे और न ही प्रसव के लिए सुविधाएं मौजूद थीं। शोक में डूबे परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि डॉक्टर सैयद और इस अवैध हॉस्पिटल के अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

फिलहाल खड्डा थाना पुलिस ने आरोपी डॉक्टर सैयद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हॉस्पिटल को सील किए जाने की प्रक्रिया भी चल रही है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करेगी। एसडीएम मोहम्मद जफर ने बताया कि अस्पताल बिना पंजीकरण का संचालित हो रहा था और संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैद्ध

# शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने वाला गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** युवती से विवाह करने का झांसा देकर दो वर्ष से यौन शोषण करने के आरोप में गोल्हौरा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक का नाम पंकज बताया गया है।

पकड़े गये युवक पंकज और पीड़िता में दो तीन साल से अवैध सम्बंध थे। आरोप है कि पंकज गांव की युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाता रहा जिससे युवती गर्भवती हो गई। इसके बाद युवती द्वारा शादी का प्रस्ताव रखने पर युवक ने इनकार कर दिया। घटना की जानकारी युवती के परिजनों को पांच दिन पूर्व हुई तो वे पिपरा निवासी आरोपित पंकज के घर गए जहां उसके विवाहित होने की बात पता चली। परिजन थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस युवक की तलाश में जुटी थी। शनिवार की सुबह सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र महुआ खुर्द पुलिया के पास से पंकज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## टॉप-10 अपराधी चंदन को उम्रकैद

**गोरखपुर, अमृत विचार।** चिलुआताल के कुशहरा निवासी कुख्यात टॉप-10 अपराधी चंदन सिंह को कोर्ट ने उम्रकैद व 50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। चंदन वर्तमान में गौतमबुद्धनगर जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र दूबे एवं अतुल शुक्ल ने बताया कि 13 नवम्बर 2012 को दिवाली के दिन दोपहर बाद करीब 3 बजे संतोष सिंह अपने भतीजे वादी मुकदमा मुकेश सिंह के साथ मिठाई खरीदने आए थे। चंदन सिंह ने संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# गैंगरेप का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता, गोरखपुर

कार्रवाई

**अमृत विचार।** बेलघाट थाना क्षेत्र में मंदबुद्धि महिला से गैंगरेप के मुख्य आरोपी शफीक खान उर्फ गोली को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक जब टीम उसे पकड़ने गई तो वह फायरिंग कर भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। इसके बाद वह गिर पड़ा और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान बेलघाट थाना क्षेत्र के बेलाव निवासी शफीक खान उर्फ गोलू पुत्र अब्दुल कलाम के रूप में हुई है। शफीक के पास से एक तमंचा व एक खोखा बरामद किया गया है। गैंगरेप की घटना बुधवार को देर शाम को हुई थी और इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। बेलघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी 55 वर्षीया मंदबुद्धि महिला बुधवार की शाम शाहपुर तटबंध होते हुए नदी के किनारे जा रही थी। आरोप है कि सुनसान क्षेत्र का फायदा उठाकर तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला अपने पति के साथ रहती है। आरोपियों के चंगुल में फंस चुकी मंदबुद्धि महिला ने बचाने के लिए शोर मचाया। उसी दौरान पड़ोस की एक महिला आवाज सुनकर उधर दौड़ी तो आरोपी वहां से फरार हो गए। महिला पीड़िता को लेकर अपने घर गई। वहां से उसके परिजनों को सूचना दी गई।

इसके बाद पीड़ित महिला के पति ने इस बात की शिकायत पुलिस से की। इस मामले की जांच में जुटी पुलिस ने गुरुवार को 3 आरोपियों शफीक सोनू उर्फ गप्पा, मोहम्मद रजा उर्फ बबलू व शफीक खान उर्फ गोलू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। शुक्रवार को दिन में इस वारदात के दो आरोपियों सोनू व बबलू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें बेलघाट के साउंखोर तटबंध के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अब शनिवार को पुलिस शफीक को जेल भेजने की तैयारी में है।

# प्रदेश में इसरो का पहला सफल परीक्षण

उपलब्धि

▸▸ वैज्ञानिकों ने छात्रों के साथ रॉकेट का किया प्रक्षेपण

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार:** इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा प्रशासनिक टीम की उपस्थिति में रॉकेट लॉन्च का आयोजन किया गया। यूपी में इसरो का यह पहला परीक्षण था।

तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के रकबा जंगलीपट्टी में एपी तट बन्ध के समीप दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें कैन साइज के सैटेलाइट लांच किए गए, जो विद्यार्थियों द्वारा ही डिजाइन किये गए हैं। शनिवार को विकास खण्ड सेवरही के रकबा दुलमा पट्टी में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा रॉकेट लॉन्चिंग कार्यक्रम के बावत इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान अवगत कराया कि छात्र समुदाय के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुझान पैदा करने के लिए किया जा रहा है। शाम 5:11 पर रॉकेट लॉन्चिंग का सफल प्रक्षेपण किया गया जो लगभग 1.12 किलोमीटर आकाश में जाने के उपरांत पुनः धरती पर लौटने की प्रक्रिया में रॉकेट का पैराशूट एक्टिव हुआ तथा प्रक्षेपण स्थल से कुछ दूरी पर खेत में जा कर उतरा। रॉकेट लॉन्चिंग के सफल प्रक्षेपण पर भारत मां के जयकारे और जोरदार तालिया के विवरण के बीच इसरो के वैज्ञानिकों को लोगों ने बधाइयां दी। सांसद शशांक मणि त्रिपाठी व डीमए महेंद्र सिंह तंवर ने टीम को बधाई दी। निदेशक डॉ विनोद कुमार ने क्षेत्रीय सांसद व जिला प्रशासन का आभार जताया। कार्यक्रम दौरान मुख्य रूप से एडीएम वैभव मिश्रा, सीडीओ गुंजन द्विवेदी, उपजिलाधिकारी तमकुहीराज ऋषभ पुंडीर, सीओ राकेश प्रताप सिंह, केके त्रिपाठी, विजयाश्री, आनन्द मधुकर, बृजेश सोनी, विजय राय, रमेश सिंह,ईओ सेवरही उत्तम वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



रॉकेट के साथ इसरो के वैज्ञानिक व छात्र। अमृत विचार

# प्रेम-प्रसंग में हुई थी युवक की हत्या, चार गिरफ्तार

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरही में बीती 11 जून की रात सत्तार अली (40) पुत्र इशहाक अली निवासी पिपरही की चाकू से मारकर हत्या कर दी गयी थी। युवक का शव कब्रिस्तान में पुलिस ने बरामद किया था। इस घटना के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर निवेश कटियार एवं क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। शनिवार को थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम द्वारा 03 दिनों के अन्दर घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल दो महिलाओं समेत चार आरोपियों गौशे आलम उर्फ मोल्हू पुत्र स्व. साबिर अंसारी, मुहम्मद आलम उर्फ सोनू पुत्र स्व. साबिर अंसारी, अभियुक्ता रैमुनन्निशा पत्नी स्व. साबिर अंसारी, अभियुक्ता जुबैदा पुत्री स्व. साबिर अंसारी साकिन पिपरही थाना अहिरौली बाजार को गिरफ्तार कर लिया।

## सार-संक्षेप

### कायस्थ समाज को पहचाननी होगी वोट की ताकत



कायस्थ महासभा की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में मौजूद लोग।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा डुमरियागंज द्वारा शनिवार को नगर पंचायत सभागार में स्वामी विवेकानंद की स्मृति में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित होने आए महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शंकर श्रीवास्तव का मंदिर चौराहे पर स्वागत किया गया। अजय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज को अब अपनी वोट की ताकत पहचाननी होगी। समाज में हमारी भूमिका ऐतिहासिक रही है, लेकिन आज हमें संगठित होकर अपनी राजनीतिक भागीदारी को मज़बूत करना होगा। हम किसी से कम नहीं हैं, हमें उचित पद, सम्मान और भागीदारी मिलनी चाहिए। इस बार पूरे प्रदेश में हम चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं, और हमें अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना है। कार्यक्रम में कायस्थ समाज की एकता, युवाओं की भूमिका, तथा सामाजिक जागरूकता को लेकर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया और समाज में शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान मौजूद लोगों ने एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय इकाई के अध्यक्ष पप्पू श्रीवास्तव व संचालन सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस दौरान दिनेश श्रीवास्तव, विष्णु श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, हरिप्रसाद, आलोक श्रीवास्तव, अनिल, बब्लू श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, अंशु श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### नीट यूजी में श्रद्धा ने हासिल की 13255 आल इंडिया रैंक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज की श्रद्धा गप्ता ने नीट यूजी 2025 में 720 में से 548 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 13255 हासिल की है। उनकी सफलता कड़ी मेहनत, लक्ष्य पर फोकस और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। अब उनका सपना प्रदेश के अच्छे मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करना है। डुमरियागंज नगर पंचायत के वार्ड हबीबुल्लानगर निवासी रबीन्द्र कुमार गुप्ता की बेटी श्रद्धा गुप्ता ने शुरुआत से ही ठान लिया था कि उन्हें डाक्टर बनना है। वह कहती हैं, मैंने हर दिन की योजना बनाई और छोटे-छोटे टारगेट्स को फॉलो किया। उनका लक्ष्य स्पष्ट था—एक अच्छा स्कोर, एक अच्छी सरकारी मेडिकल सीट हासिल करना था। श्रद्धा ने बताया कि उसने एनसीईआरटी की किताबों को कई बार रिवीजन किया। इसके साथ-साथ उन्होंने रोजाना मॉक टेस्ट और पिछले सालों के प्रश्न पत्र हल किए, जिससे परीक्षा पैटर्न की गहरी समझ बनी। इस उपलब्धि में श्रद्धा के परिवार और शिक्षकों की भूमिका भी बेहद अहम रही। उनके घरवालों ने उन्हें हर समय मानसिक सपोर्ट दिया और पढ़ाई के लिए पॉजिटिव माहौल बनाया। कोचिंग संस्थान और स्कूल के टीचर्स ने समय-समय पर मार्गदर्शन और मोटिवेशन दिया। श्रद्धा की इस कामयाबी पर उनके शिक्षक कीर्तिकुमार मिश्रा, डाक्टर एमएम असारी, डाक्टर ताहिर, आलोक श्रीवास्तव, धर्मराज दुबे, रूहेल अहमद, संतोष अग्रहरि, अशफाक अहमद आदि ने बधाई दी है।

### होनहार छात्रों ने नीट परीक्षा में लहराया परचम

**कुशीनगर, अमृत विचार।** जिला मुख्यालय रविन्द्रनगर धूस स्थित गीता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के दो होनहार छात्रों मंटू गुप्ता और नीतीश वर्मा ने नीट - 2025 परीक्षा में कामयाबी पायी है। होनहारों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। दोनों ने माना है कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय प्रबंधक के समर्थन से उन्हें इस सफलता को हासिल करने में मदद मिली है। विद्यालय के प्रबंधक ओपी गुप्ता ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार हमेशा छात्रों को उनके लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पूर्व डिप्टी चेयरमैन ने विधायक के जन्मदिन पर बांटी मिठाइयां

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शोहरतगढ़ के व्यवसायी एवं पूर्व डिप्टी चेयरमैन गोपी चन्द रूंगटा ने अपनी प्रतिष्ठान पर विधायक विनय वर्मा का 43वां जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने एक दूसरे को केक खिलाकर विधायक विनय वर्मा के दीर्घायु, स्वास्थ्य की कामना करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यवसायी गोपीचन्द रूंगटा ने कहा कि विधायक वर्मा के कार्यकाल में शोहरतगढ़ क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ है। इस दौरान गोपी चन्द रूंगटा, श्याम रूंगटा, रामदास मौर्या, रत्नेश सोनी, विपिन सोनी, दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, कन्हैया लाल गुप्ता, महावीर वर्मा, डॉ0 इन्द्रेश तिवारी, सचिन वर्मा, अरविन्द वर्मा, विजय गुप्ता, सुमित मोदनवाल, सोनू चौरसिया, अजय कुमार कसौधन, नन्दलाल चौरसिया, विकास त्रिपाठी, नंदा चाय, सन्दीप कसौधन, प्रदीप उपाध्याय आदि थे।

# यात्रियों को मिल रही लिफ्ट की सुविधा

▸▸ पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर लगाये गये 40 एस्केलेटर

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन यात्री सुविधाओं के प्रति संवेदनशील है। स्टेशनों के एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए सीढियों के अतिरिक्त लिफ्ट एवं एस्केलेटर लगाये हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर कुल 40 एस्केलेटर तथा 60 लिफ्ट उपलब्ध हैं। यात्री सुविधा हेतु रेलवे ने इज्जतनगर मंडल के इज्जतनगर स्टेशन पर 02, लखनऊ मंडल के गोरखपुर स्टेशन पर 04,लखनऊ जं0 स्टेशन पर 02, गोण्डा स्टेशन पर 02, बस्ती स्टेशन पर 02, गोमतीनगर स्टेशन एवं स्टेशन काम्प्लैक्स पर 12, वाराणसी मंडल के बनारस स्टेशन पर 04, छपरा स्टेशन पर 02, मऊ स्टेशन पर 02, सीवान स्टेशन पर 02, गाजीपुर सिटी स्टेशन पर 02, बलिया स्टेशन पर 02, देवरिया स्टेशन पर 02, एस्केलेटर सहित 40 एस्केलेटर उपलब्ध हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के इज्जतनगर स्टेशन पर 03, बरेली सिटी स्टेशन पर 02 लखनऊ मंडल के गोरखपुर स्टेशन पर 08, लखनऊ जं0 स्टेशन पर 03, गोण्डा स्टेशन पर 02, बस्ती स्टेशन पर 02, खलीलाबाद स्टेशन पर 02, सीतापुर स्टेशन पर 02, ऐशबाग स्टेशन पर 02, गोमतीनगर स्टेशन एवं स्टेशन काम्प्लेक्स पर 09, सिद्धार्थनगर स्टेशन पर 02 तथा वाराणसी मंडल के बनारस स्टेशन पर 06, छपरा स्टेशन पर 03, मऊ स्टेशन पर 02, सीवान स्टेशन पर 01, गाजीपुर सिटी स्टेशन पर 02, वाराणसी सिटी स्टेशन पर 02, मैरवा स्टेशन पर 02, सुरेमनपुर स्टेशन पर 02, बलिया स्टेशन पर 02, प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर 01 लिफ्ट सहित कुल 60 लिफ्ट उपलब्ध हैं। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



स्टेशन पर उपलब्ध एस्केलेटर।

# परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ये ट्रेनें

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल अन्तर्गत उतरेटिया-रायबरेली रेल खण्ड के मध्य स्थित समपार संख्या-190 एवं 171 पर सीमित ऊंचाई के सब-वे निर्माण हेतु यातायात एवं पावर ब्लाक लिए जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा।

**मार्ग परिवर्तनः** बनारस से 15 जून को चलने वाली 15119 बनारस-देहरादून जनता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं0-सुल्तानपुर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी चिलबिला, मां चण्डिका देवी धाम अंतू, मिसरौली, अमेठी, गौरीगंज, जायस, फुरसतगंज, रायबरेली, हरचन्दपुर, बछरावां स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। अमृतसर से 14 जून को चलने वाली 13006 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-सुल्तानपुर-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. के रास्ते चलाई जायेगी।

मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी बछरावां, रायबरेली, जायस, गौरीगंज, अमेठी स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। हावड़ा से 14 जून को चलने वाली 13005 हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-सुल्तानपुर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी अमेठी, गौरीगंज, जायस, रायबरेली, बछरावां स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। बठिण्डा से 14 जून को चलने वाली 04520 बठिण्डा जं.-वाराणसी विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-सुल्तानपुर-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. के रास्ते चलाई जायेगी।

**नियंत्रण :** आनन्द विहार टर्मिनस से 15 जून को चलने वाली 12876 आनन्द विहार टर्मिनस-पुरी एक्सप्रेस मार्ग में 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 15 जून को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस मार्ग में 35 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

थाना समाधान दिवस

थाना इटवा में जिलाधिकारी व एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ दर्ज कराएं रिपोर्ट

# मौके पर जाकर करायें भूमि विवादों का निस्तारण : डीएम

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** थाना इटवा में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया।

शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी ने सुना गया। ज्यादातर प्रकरण भूमि विवाद एवं नाली से संबधित था। समस्त राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर दोनों पक्षों को सुनकर सही ढ़ग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी इटवा को अधिक विवादित प्रकरण में टीम गठित कर हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को मामले का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। सभी हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक को साथ लेकर मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/पट्टा प्रकरणो को ग्रामवासियों का बयान लेकर निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण कराकर ही लौटे, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा किया है तो उसके विरुद्ध हल्का लेखपाल मुकदमा दर्ज करायें।



लोगों की शिकायतें सुनते डीएम और एसपी। अमृत विचार

### डीएम ने पंचायत भवन का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने ग्राम पंचायत गौर डीह विकासखंड खुनियांव में सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन का निरीक्षण किया। सामुदायिक शौचालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दरवाजा टूटा होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि इसे ठीक कराये। शौचालय में प्रकाश की उचित व्यवस्था नही था सिर्फ एक बल्ब लगा था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी व्यवस्था ठीक करायें। पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान पंचायत सहायक कक्ष को देखा गया। पंचायत सहायक से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे मे जानकारी प्राप्त की गयी। इसके साथ ही लाइब्रेरी को भी देखा गया। इसके पश्चात सचिव कक्ष का निरीक्षण करते हुए कराये गए कार्यो के बारे मे जानकारी प्राप्त की गयी।

## डीएम ने इंटरलॉकिंग मार्ग को पुनः बनवाने का दिया निर्देश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने ग्राम पंचायत गौर डीह विकासखंड खुनियांव में मस्जिद से लेकर ट्रांसफार्मर तक लगाए गए खंडजा निरीक्षण किया गया।

इसके बाद जिलाधिकारी ने इंटर लॉकिंग सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंटरलॉकिंग सड़की की गुणवत्ता ठीक नहीं मिली। बगल में नाली का पानी सड़क पर भरा था। यह देखकर जिलाधिकारी ने इंटरलॉकिंग सड़क को पुनः बनवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़क पर पानी नहीं भरना चाहिए।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुदूर इलाके में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने बताया कि थानामंडी के इस्लामपुर इलाके में राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों द्वारा चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता चला। अधिकारियों ने बताया कि ठिकाने की तलाशी में 400 ग्राम विस्फोटक सामग्री, मशीन गन की 48 गोलियां, पिस्तौल की पांच गोलियां, एके-47 की एक गोली और एक आंसू गैस का गोला बरामद हुआ।

### दिल्ली स्थित सीसीएस इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनपथ रोड स्थित सीसीएस इमारत में शनिवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजकर 13 मिनट पर जनपथ रोड पर स्थित सीसीएस बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। हमने दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा और दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक आग पर काबू पा लिया।

### ड्रग्स में यूएई से निर्वासित आरोपी हिरासत में

**मुंबई।** महाराष्ट्र की विशेष एनडीपीएस अदालत ने शनिवार को राज्य में 252 करोड़ का मादक पदार्थ बनाने में कथित संलिप्तता के लिए संयुक्त अरब अमीरात से निर्वासित आरोपी ताहिर सलीम डोला को पुलिस हिरासत में भेज दिया। सांगली में अवैध मेफेड्रोन विनिर्माण इकाई चलाने के आरोप में मुंबई पुलिस द्वारा वांछित डोला को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पित किया गया। इससे पहले शहर की पुलिस ने सोलापुर के एक कारखाने से 256 करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) जब्त करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया था।

### छत्तीसगढ़ से बांग्लादेशी पति-पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शहर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद दिलावर (49) और उसकी पत्नी परवीन बेगम (44) को गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मद दिलावर और उसकी पत्नी बांग्लादेश के मुंशीगंज जिले के निवासी हैं तथा पिछले 15 वर्ष से अवैध रूप से रायपुर में रह रहे थे।

# राहुल को विदेश नीति की समझ नहीं : रविशंकर

## पाकिस्तान में राहुल के बयानों की सराहना हो रही है, वहां के लोग इनकी टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं

**पटना, एजेंसी**



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के फैसले पर टिप्पणी के लिए आलोचना की और कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है।

पाकिस्तान संरक्षित आतंकवाद और इसपर भारत के रुख के बारे में लोगों को अवगत कराने गये संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल रविशंकर ने यूरोपीय देशों से लौटने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल ने इटली, फ्रांस, ब्रिटेन, डेनमार्क, बेल्जियम और अन्य देशों का दौरा किया और वहां के नेताओं को इस मुद्दे पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरी दुनिया को बताया गया कि आतंकवाद और हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे उत्पात पर भारत का रुख क्या है। साथ ही यह भी बताया गया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया।

रविशंकर से पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे और इस पर नरेंद्र मोदी की चुप्पी को लेकर श्री राहुल गांधी के निशाना साधने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब किसी भी भाजपा नेता ने कभी भी भारत सरकार को ऐसे मुद्दे पर शर्मिंदा नहीं किया, जब देश पाकिस्तान या किसी अन्य देश के साथ सैन्य अभियान में लगा हुआ था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में, मैंने मुंबई में ताज होटल पर 26/11 के आतंकी हमले के बाद डॉ. मनमोहन सिंह सरकार को शर्मिंदा करने वाला एक भी शब्द नहीं कहा था। उन्होंने कहा कि राहुल के बयानों की पाकिस्तान में सराहना हो रही है। पाकिस्तान के लोग इनकी टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं। रविशंकर ने कहा कि यूरोपीय देशों ने आतंकवाद पर भारत के रुख का पूरी तरह से समर्थन किया और स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी रूप में आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दुनिया भारत के साथ

**पटना।** सांसद रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में उन्होंने जिन यूरोपीय देशों का दौरा किया, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत को पूरा समर्थन दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले प्रसाद ने कहा कि आतंकवाद कैंसर है, जो दुनिया को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने पटना में कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ किसी तरह की कोई नरमी नहीं बरतने के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए यूरोपीय देशों का दौरा किया। पूरी दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने जिन देशों का दौरा किया, उनमें ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, डेनमार्क और जर्मनी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने हाउस ऑफ कॉमन्स के नेताओं से मुलाकात की और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है तथा हम इसकी निंदा करते हैं।

# आग से प्रभावित सिंगापुर के जहाज को समुद्र तट से दूर ले जाया गया

**कोच्चि, एजेंसी**

सिंगापुर के ध्वज वाले मालवाहक जहाज में लगी आग बुझाने के लिए जारी अभियान के बीच शनिवार को जहाज को समुद्र तट से और दूर ले जाया गया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह की शुरुआत में कोलंबो से मुंबई की ओर जाते समय केरल के तट के निकट जहाज में आग लग गई थी। सूत्रों ने बताया कि जहाज एमवी वान हाई 503 को तट से 40 समुद्री मील दूर ले जाया गया है। इससे पहले यह जहाज तट से 27 समुद्री मील दूर था।

रक्षा वक्तव्य के अनुसार, 'टोइंग ऑपरेशन' (जहाज को खींचने का अभियान) की शुरुआत दक्षिणी नौसेना कमान के एक सीकिंग हेलीकॉप्टर से की गई। बयान में कहा गया है कि 'टोइंग ऑपरेशन' आवश्यक था, क्योंकि आईसीजी जहाजों की बोलार्ड पुल क्षमता (जहाज की खींचने की क्षमता) सीमित होती है। बयान में कहा गया है कि हालांकि जहाज एमवी वान हाई 503 को तट से दूर ले जाने में



केरल तट पर जहाज एमवी वान हाई 503 में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश करती भारतीय नौसेना।


सफल रहे, लेकिन तेज हवाओं के कारण यह तेजी से किनारे की ओर जाने लगा। बयान में कहा गया है कि इसके बाद, प्रतिकूल मौसम के बावजूद, बचाव दल को जहाज पर चढ़ाया गया और एक रस्सी को जहाज से जोड़ा गया। रक्षा वक्तव्य में कहा गया है, खींचने (टोइंग) का अभियान शुरू हो गया है।

# जम्मू कश्मीर में 17 से दोबारा खुलेंगे पर्यटन स्थल

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 17 जून से राज्य के कई पर्यटन स्थलों और उद्यानों को जनता के लिए पुनः खोलने का आदेश दिया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के बाद इन्हें बंद कर दिया गया था। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखे पोस्ट में कहा कि अन्य पर्यटन स्थलों को भी चरणबद्ध तरीके से दोबारा खोला जाएगा।

मनोज सिन्हा ने कहा कि मैंने जम्मू एवं कश्मीर डिविजनों के उन कुछ पर्यटनस्थलों को दोबारा खोलने का आदेश दिया है जिन्हें सुरक्षा कारणो से एहतियाती तौर पर अनिश्चितकाल के लिये बंद कर दिया गया था। पहलगाम बाजार में बेताब घाटी एवं पार्क, वेरीनाग पार्क, कोकरनाग पार्क और अचहाबल पार्क 17 जून से पर्यटकों के लिये दोबारा खोल दिये जांएगे। उपराज्यपाल ने कहा दोबारा खुलने वाले अन्य पर्यटनस्थलों में श्रीनगर स्थित बादमवारी पार्क, डक पार्क, तकदीर पार्क, कठुआ में सार्थल धागर, रईसी में देवी पिंडी, सियाद बाबा एवं सूला पार्क, डोडा में गुलदंदा एवं जय घाटी और ऊधमपुर में पंछेरी शामिल है। उन्होंने कहा कि ये सभी पर्यटन स्थल क्रमबद्ध तरीके से पुनः खोले जांएगे। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए 30 अप्रैल को करीब 50 पर्यटन स्थलों और ट्रैकिंग स्थलों को बंद कर दिया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे।



- पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से बंद थे

# विमान दुर्घटना में सरकार को मुआवजा देना चाहिए : खरगे

**अहमदाबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना में जवाबदेही तय करनी चाहिए। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद खरगे ने कहा कि केंद्र को मृतकों के परिजन और घायलों को मुआवजा देना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया। भारतीय तथा विदेशी नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए खरगे ने कहा कि शहर के लोग इस भयावह दुर्घटना को कभी नहीं भूलेंगे। खरगे ने कहा, किसी को भी ऐसी घटनाओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए और यह नहीं कहना चाहिए कि ऐसी घटनाएं होती रहती हैं या यह तो आम बात है। मैं कहना चाहूंगा कि किसी को घायलों से मिलकर और फोटो खिंचवाकर श्रेय लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

# संविधान विकासशील दस्तावेज है जो बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- एडिनबर्ग लॉ स्कूल में संविधान एक विकासशील दस्तावेज विषय पर सीजेआई ने रखे अपने विचार

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने भारतीय संविधान को एक जीवंत और विकासशील दस्तावेज बताया, जो विभिन्न परिस्थितियों में अपेक्षित परिवर्तनों के अनुरूप ढल जाता है। एडिनबर्ग लॉ स्कूल में शुक्रवार को संविधान एक विकासशील दस्तावेज विषय पर अपने संबोधन में सीजेआई ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में बदलते दौर की चुनौतियों का सामना करने के लिए संविधान में कई संशोधन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी उच्चतम न्यायालय द्वारा संविधान की व्याख्या के कारण कुछ मुद्दे उठे, संसद ने संविधान में संशोधन करके उनका समाधान किया, ताकि नयी पीढ़ी के बदलावों तथा परिस्थितियों में आए परिवर्तन की मांग के अनुरूप बदलाव किए जा सकें। प्रधान न्यायाधीश ने पूर्व में संविधान को एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में वर्णित किया था, जो न केवल अधिकारों की गारंटी देता है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से शोषित तबके का सक्रियता से उत्थान करता है।

# पांच विदेशी विश्वविद्यालय मुंबई में करेंगे परिसर स्थापित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को मुंबई में अपने परिसर स्थापित करने के लिए पांच विदेशी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपे। ये पांच विश्वविद्यालय - शिकागो का इलिनोइस टेक, स्कॉटलैंड का एबरडीन विवि, ब्रिटेन का यॉर्क विवि, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विवि और इटली का इंस्टीट्यूटो यूरोपियो डी डिजाइन। प्रधान ने कहा, मुंबई सपनों और उत्साह का शहर है। यह अपनी बुद्धिमत्ता और उद्यमशीलता की भावना के लिए भी जाना जाता है। नवी मुंबई में स्थापित मुंबई एडुसिटी, मुंबई को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी और इसे वैश्विक ज्ञान राजधानियों में शामिल करेगी। प्रधान ने कहा, मुंबई एडुसिटी वैश्विक, भविष्य के लिए तैयार शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को आकार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लोकाचार के अनुरूप विचारों, प्रतिभा व विश्वास को सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक कदम है।

# अस्वीकार करना पाकिस्तान की आदत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पूर्व राजनयिक ने कहा- पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को मिला मुंह तोड़ जवाब

पूर्व राजनयिक दिनकर श्रीवास्तव ने कहा है कि पाकिस्तान की युद्ध रणनीति में अपनी संलिप्तता से मना करना शामिल है और इसका उदाहरण 1947 में कश्मीर पर कबायली हमला, 1965 में ऑपरेशन जिब्राल्टर, 1999 में कारगिल युद्ध, 2009 में मुंबई हमला और पहलगाम हमला है।

विदेश मंत्रालय में सेवा दे चुके और पाकिस्तान, अमेरिका एवं यूरोपीय संघ में पदस्थ रहे श्रीवास्तव ने कहा कि इन कृत्यों में पाकिस्तान की संलिप्तता बाद में स्थापित हुई। ईरान में भारत के राजदूत रह चुके श्रीवास्तव ने बताया कि पाकिस्तान ने शुरू में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस बात से इनकार किया था कि उसकी सेनाएं (1947 के कबायली हमलों में) शामिल थीं। मई 1948 में पाकिस्तान के विदेश मंत्री सर ज़फ़रुल्ला खान ने भारत और पाकिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र आयोग के समक्ष स्वीकार किया था कि पाकिस्तानी सेना की दो ब्रिगेड कश्मीर में लड़ रही थीं, जिसका भारत में विलय कर लिया गया था। श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक, पाकिस्तानः विचारधाराएं, रणनीतियां और हित, में विभाजन, द्वि-राष्ट्र सिद्धांत, इसके राजनीतिक नेताओं एवं सेना के बीच खींचतान, इसके कई आंतरिक संघर्षों और देश के अनिश्चित भविष्य की ओर बढ़ने का उल्लेख किया है।

उन्होंने कहा कि अस्वीकार करना पाकिस्तान की युद्ध रणनीति का हिस्सा है। अगर उन्हें लगता है कि यह सिद्धांत काम कर रहा है तो वे आतंकवाद को प्रायोजित करना जारी रखेंगे। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकियों और पाकिस्तानी सेना तथा आईएसआई में उनके आकाओं को संदेश दिया है कि इस तरह की हरकत का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

# अस्पताल ने किया मृत घोषित अंतिम संस्कार के समय जगा

**ठाणे, एजेंसी**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर के अस्पताल के चिकित्सक द्वारा मृत घोषित व्यक्ति उस समय जाग गया जब उसका परिवार उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने शनिवार को बताया कि पीलिया से पीड़ित अभिमन्यु तायडे को बेचैनी की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टर ने मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया, जिसके बाद परिवार ने उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी, इसी दौरान अभिमन्यु जाग गए। अस्पताल के डॉक्टर ने अपनी गलती स्वीकार की, लेकिन दावा किया कि उन्होंने मानवीय आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र दिया था, जब परिवार ने स्वयं बताया था कि तायडे की मौत हो गई है। तायडे फिलहाल दूसरे अस्पताल में हैं। अस्पताल की लापरवाही के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी, यह जानने के लिए उल्हासनगर नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

## कारोबार/कृषि

# पीड़ितों को एअर इंडिया देगा 25-25 लाख रुपये

## टाटा संस के घोषित एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे से अलग होगी यह धनराशि

**मुंबई, एजेंसी**

विमानन कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को घोषणा की कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। यह अंतरिम भुगतान मूल कंपनी टाटा संस द्वारा पहले घोषित किए गए एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे के अतिरिक्त है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने वीडियो संदेश में कहा, तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एयर इंडिया प्रत्येक मृतक के परिवार और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये या लगभग 21,000 ब्रिटिश पाउंड का अंतरिम भुगतान करेगी।

उन्होंने बताया कि यह राशि 'टाटा संस' द्वारा पहले ही घोषित एक-एक करोड़ रुपये या लगभग 85,000 ब्रिटिश पाउंड की मदद के अतिरिक्त दी जाएगी। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उनका समूह अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक-एक करोड़ रुपये की राशि देगा। कैम्पबेल ने कहा कि 200 से अधिक प्रशिक्षित देखभालकर्ता मौजूद हैं और प्रत्येक परिवार को परामर्श और अन्य सेवाओं तक पहुंच के साथ-साथ समर्पित सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजन को उनके प्रियजन के शव एवं निजी सामान सौंपने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

एअर इंडिया प्रमुख ने कहा, इस प्रक्रिया में मदद के लिए हमारी टीम परिवारों और अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। 'एअर इंडिया' प्रमुख ने कहा कि कंपनी डीजीसीए के निर्देशानुसार, बोइंग 787 विमानों की एहतियाती सुरक्षा जांच पूरी करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा, ''हम विनियामक द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी जांच पूरी कर लेंगे। प्राधिकारियों ने इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि विमान का डेटा रिकॉर्डर बरामद कर लिया गया है, जो आधिकारिक जांच का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि एअर इंडिया इन जांचों में पूरी तरह से सहयोग कर रही है।



### दुर्घटना पीड़ितों के लिए बीमा कंपनियों ने आसान की दावा प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों – एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड शनिवार को कहा कि उन्होंने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने ऐसी स्थितियों में प्रक्रियात्मक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले भारी भावनात्मक तनाव को समझते हुए, तेजी से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने कहा कि दावा प्रपत्र, पॉलिसी दस्तावेज और केवाईसी तथा नामित व्यक्ति के बैंक खाते के विवरण जैसे न्यूनतम दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। दुखद हादसे में, एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई171 बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 241 यात्रियों समेत कुल 274 लोगों की मौत हो गई। एचडीएफसी लाइफ ने एक अलग बयान में कहा कि उसने प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए अपनी दावा प्रक्रिया को सरल बना दिया है। नामांकित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी अब स्थानीय अधिकारियों (सरकार, पुलिस या अस्पताल) से मृत्यु के प्रमाण के साथ ही दावा शुरू कर सकते हैं।

# भारत में औपचारिक नौकरियों में आया उछाल : इनडीड

**बेंगलुरु, एजेंसी**



- आठ महीने की गिरावट के बाद मई में नौकरियों की पोस्टिंग में 8.9 प्रतिशत वृद्धि

लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद इस वर्ष मई में नौकरियों की पोस्टिंग में जबरदस्त 8.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गयी है। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड द्वारा जारी नए आंकड़ों के मुताबिक हालांकि यह एक साल पहले के मुकाबले 1.8 प्रतिशत और अपने शिखर से लगभग 16 प्रतिशत कम है। हाल ही में हुई गिरावट के बाद भी भारतीय नौकरियों की पोस्टिंग कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत ज़्यादा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और स्विटज़रलैंड जैसे कई देशों में पोस्टिंग वॉल्यूम इस समय कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में कम है। अगर इस तुलना को देखा जाए, तो भारत में पोस्टिंग वॉल्यूम बहुत अच्छा है। भारत में लगभग 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरियों की पोस्टिंग पिछले तीन महीनों में काफी बढ़ी है। इस वृद्धि से डेंटल सेक्टर में नौकरियों में आई कमी की कुछ भरपाई हो सकती है, जो पिछले तीन महीनों में 10.2 प्रतिशत कम हुई हैं। इसके अलावा, कृषि और वानिकी (8.6 प्रतिशत), सामुदायिक और सामाजिक सेवा (6.8 प्रतिशत) और सॉफ़्टवेयर विकास (4.2 प्रतिशत) की कमी देखी गयी है।

हालांकि हाल ही में सॉफ़्टवेयर डेवलपमेंट में अवसर कम हुए हैं, पर इनडीड पर यह सेक्टर सबसे अधिक नौकरियां पोस्ट करता है, हर पांच भारतीय नौकरी की पोस्टिंग में एक पोस्टिंग इसी सेक्टर की होती है।

### किस सेक्टर में कितनी बढ़ी नौकरियां

सबसे ज़्यादा नौकरियाँ चाइल्डकेयर (27 प्रतिशत), पर्सनल केयर एवं होम हेल्थ (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) बढ़ीं है।

# 9 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की सुरक्षा जांच पूरी, उड़ान में देर संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने विमानन नियामक डीजीसीए के निर्देशानुसार अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की एक बार सुरक्षा जांच पूरी कर ली है। एयरलाइंस ने साथ ही कहा कि वह ऐसे बाकी 24 विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान की बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में घातक दुर्घटना के मद्देनजर, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को विमान बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का आदेश दिया था। एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787-8/9 विमान हैं। एयरलाइन ने एक्स पर पोस्ट किया, कुछ जांचों के कारण कुछ लंबी दूरी के मार्गों पर उड़ानों में अधिक समय लग सकता है और देरी हो सकती है। खासकर उन हवाई अड्डों पर, जहां परिचालन पर रोक है। ग्राहकों को किसी भी देरी के बारे में विधिवत बताया जाएगा। एयरलाइन ने कहा कि वह डीजीसीए द्वारा निर्देशित एक बार की सुरक्षा जांच पूरी करने की प्रक्रिया में है। बोइंग 787 बेड़े की जांच की जा रही है, क्योंकि वे परिचालन के लिए मंजूरी उेने से पहले भारत लौट रहे हैं।



- बाकी 24 विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में आगे बढ़ रही कंपनी

# रूस सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक बना रहेगा : एफएओ

**मॉस्को।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार रूस कम से कम दो साल तक सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश बना रहेगा। रूस की संवाद समिति ने एफएओ के हवाले से कहा है कि चालू तथा अगले कृषि वर्ष के दौरान गेहूं के कुल वैश्विक निर्यात में रूस का योगदान 20 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है।

एफएओ की रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 कृषि वर्ष में वैश्विक गेहूं निर्यात आठ प्रतिशत घटकर 19.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह चार साल के निर्यात का न्यूनतम स्तर होगा। संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन के अनुसार अगले कृषि वर्ष में वैश्विक स्तर पर गेहूं का निर्यात में ज्यादा से ज्यादा 3.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.06 करोड़ टन तक रहेगा। एफएओ के विश्लेषकों ने लिखा है, रूस दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक की स्थिति को बनाये रख सकता है।

# सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में आमजन केन्द्र में : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में आम आदमी को केंद्र में रखते हुये आर्थिक विकास के साथ-साथ जनकल्याण योजनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सीतारमण ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में आर्थिक क्षेत्रों को लेकर एक्स पर शेयर किए लेख में लिखा है कि नई तकनीकों की वजह से वित्तीय स्थिरता पर सवाल उठ रहे हैं। इन हालातों में भारत एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

11 साल में भारत की विकास यात्राः सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण से मजबूत अर्थव्यवस्था तक शीर्षक से लिखे गये इस लेख में वित्त मंत्री ने लिखा है कि दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं इस समय गंभीर अनिश्चितता के दौर से गुजर रही हैं। भू-आर्थिक विभाजन बढ़ रहा है, वैश्विक कर्ज ऊंचाई पर है। यह स्थिति वर्ष 2013 से बिलकुल अलग है क्योंकि तब भारत को 'फ्रैजाइल फाइव' देशों की सूची में शामिल किया गया था। उस समय देश को कम आर्थिक विकास, ऊंची महंगाई, भारी चालू खाता घाटा और कमजोर सरकारी वित्तीय स्थिति जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने लिखा है कि बीते 11 वर्षों में भारत ने इन सभी चुनौतियों पर काबू पाया है।



- भारत एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा
- मोदी के नेतृत्व में किए सुधारों और दूरदर्शी फैसलों का नतीजा

### 'फाइव बैलेंस शीट एडवांटेज' वाला देश बना भारत

अब भारत दोहरे घाटे (ट्विन डेफिसिट) वाली अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि 'फाइव बैलेंस शीट एडवांटेज' वाला देश बन गया है। यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए नीतिगत सुधारों और दूरदर्शी फैसलों का नतीजा है। वित्त मंत्री ने लिखा है कि 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता आर्थिक विकास को फिर से गति देना था। इसके लिए कई संरचनात्मक सुधार लागू किए गए, जिनमें जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर), आईबीसी (दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता), रेरा (रियल एस्टेट विनियमन कानून) जैसे कदम शामिल हैं। कोविड महामारी के दौरान उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के ज़रिए छोटे उद्योगों को संकट से उबरने में मदद दी गई।



# दक्षिण अफ्रीका के 27 साल का इंतजार खत्म

## ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती, एडन मारक्रम बने प्लेयर ऑफ द मैच

लंदन, एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा टीम के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लार्डस में 27 साल का लंबा इंतजार कर दिया। ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया। आखिरी बार द.अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।

**ऑस्ट्रेलिया ने लगाया पूरा जोर :** ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन भी पूरा जोर लगाना जारी रखा और कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने शुरुआती घंटे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। दिन के तीसरे ओवर में जब कमिंस की गेंद पर कप्तान तेम्बा बावुमा (66) विकेट के पीछे एलेक्स कैरी के द्वारा लपके गये तब लगा कि टीम पिछली कई बार की तरह एक बार फिर जीत के करीब पहुंच कर फिसल ना जाये। दिन की शुरुआत 102 रन से करने वाले शतकवीर एडेन मारक्रम (136) की अगुवाई में टीम ने हालांकि धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए किसी अनहोनी को टालते हुए 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड दिया। दक्षिण अफ्रीका की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने दो घंटे से अधिक के सत्र में सिर्फ तीन चौके लगाये और सुबह माकूल परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाजों को सिर्फ तीन विकेट झटकने के मौके दिए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट चटकाने के लिए पूरा प्रयास किया। टीम की बेताबी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने शुरुआती 90 मिनट के खेल में अपने तीनों डीआरएस गंवा दिए।

**मारक्रम ने पूरा किया काम :** जोश हेजलवुड की गेंद पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' मारक्रम जब आउट हुए तब तक मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल चुका था। उन्होंने छह घंटे और 23 मिनट की मैराथन पारी में 207 गेंद का सामना कर 14 चौके जड़े। काइल वेरेने (नाबाद चार) ने मारक्रम के पवेलियन लौटने के लगभग 15 मिनट के बाद विजयी रन जड़ कर दक्षिण अफ्रीका के खेमे को जश्न में डूबने का मौका दे दिया।

**मारक्रम और कप्तान बावुमा ने जीत की नीव रखी :** मारक्रम और कप्तान बावुमा ने इससे पहले शुक्रवार को मैच के तीसरे दिन 143 रनों की अटूट साझेदारी कर जीत की नींव रखी थी। यह जोड़ी हालांकि शनिवार को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह सकी। बावुमा बीते दिन के स्कोर में एक रन जोड़कर दूसरी पारी में कमिंस का पहला शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी ख्याति के उलट अति रक्षात्मक रवैया अपनाया और 43 गेंद में आठ रन बनाकर मिशेल स्टार्क (66 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर बोल्ड हुए। इस समय टीम को 41 रनों की जरूरत थी। मारक्रम ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और दूसरे छोर से डेविड बेडिंघम (नाबाद 21) ने स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा। टीम को जब जीत के लिए छह रनों की जरूरत थी तब हेजलवुड की गेंद पर मिडविकेट पर ट्रेविस हेड ने मारक्रम का कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने उनके विकेट का जश्न नहीं मनाया। उन्होंने मारक्रम की पीठ थपथपाई और उन्हें मैच जीतने वाली पारी के लिए बधाई दी।

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | 138 रन |
| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | 207 रन |

**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी**

**282/5** (83.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडन मारक्रम का हेड बो हेजलवुड | 136 |
| रेयान रिकल्टन का कैरी बो स्टार्क | 06 |
| वियान मुल्डर का लाबुशेन बो स्टार्क | 27 |
| तेम्बा बावुमा का कैरी बो कमिंस | 66 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो स्टार्क | 08 |
| डेविड बेडिंघम नाबाद | 21 |
| काइल वेरेने नाबाद | 04 |

गेंदबाजी : स्टार्क 14.4-1-66-3, हेजलवुड 19-2-58-1, कमिंस 17-0-59-1, लियोन 26-4-66-0, वेबस्टर 5-0-13-0, हेड 2-0-8-0



प्लेयर ऑफ द मैच एडन मारक्रम। ● एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और काइल वेरेन विजयी रन बनाने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: पैट कमिंस

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया। इस परिणाम ने दक्षिण अफ्रीका को उसका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब और 27 वर्षों में उसकी पहली आईसीसी पुरुष ट्रॉफी दिलायी।

### कई बार मंजिल पर फिसला है दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले आईसीसी टूर्नामेंटों में कई अहम मौकों पर खिताब के करीब पहुंच कर चूक गया है। टीम को बर्मिंघम 1999, ढाका 2011, ऑकलैंड 2015, कोलकाता 2023 और ब्रिजटाउन 2024 में मिली हार लंबे समय तक निराश करती रही लेकिन लंदन 2025 दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट में सबसे यादगार दिनों में से एक के रूप में जाना जाएगा। टीम ने जीत की प्रबल दावेदार और आईसीसी के अहम मैचों में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी।

### डब्ल्यूटीसी गदा उठाने के बाद दहाड़े बावुमा

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने जीत के बाद उन आलोचकों को एक मजबूत और भावनात्मक संदेश भेजा जिन्होंने उनके शिखर मुकाबले के रास्ते पर सवाल उठाए थे। बावुमा ने कहा एक टीम के रूप में हमने खुद को फाइनल में पहुंचाया, हमने जो रास्ता अपनाया, उस पर संदेह करने वाले थे, माना जाता है कि हमने कमजोर टीमों को हराया। यह उनके लिए है। प्रोटियाज को उनकी काबिलियत पर सवालों का सामना करना पड़ा था।

## एक नजर


अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के छठे दिन सेमीफाइनल मैच के दौरान चीन की किनवेन झेंग को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

### चोपड़ा की निगाह पेरिस डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीतने पर

**पेरिस :** लगातार दो प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहने के बाद स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी



नीरज चोपड़ा जब 20 जून को पिछले आठ साल में पहली बार पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे तो उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने फ्रांस की राजधानी में आयोजित किए गए ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है, लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि चोपड़ा और एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### मन्नत एमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद मामूली अंतर से बाहर

**नायरन (स्कॉटलैंड) :** मन्नत बरार ने 122वीं महिला एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इसके बावजूद प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी।

### तलवार ने चेक गणराज्य में कट में प्रवेश किया

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के दूसरे दिन एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुरुआती दौर में 72 का कार्ड खेलने वाले तलवार ने इवन पार 142 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 60वें स्थान पर रहते हुए कट में प्रवेश किया। तलवार ने दूसरे दौर दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाई। तालिका में शीर्ष पर काबिज चार खिलाड़ियों का स्कोर 10 अंडर है। इसमें स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया (65-67), इंग्लैंड के जोशुआ बेरी (68-64), वेल्श के स्टुअर्ट मैनले (66-66) और अमेरिका के पामर जैक्सन (65-67) के नाम शामिल है।

# टीम की जरूरत के अनुसार खेलना सीख लिया

● भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा इंग्लैंड में जारी रखना चाहते हैं फार्म

बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं। चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है।

प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा




आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें। लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों। इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें। उन्होंने कहा जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है। प्रसिद्ध ने कहा मुझे लगता है कि हम सभी इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि कब स्विच ऑन और कब स्विच ऑफ करना है। गुजरात टाइटंस की तरफ से आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में जगह बनाने वाले प्रसिद्ध ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले यहां कुछ अभ्यास मैच खेलने से टीम को काफी फायदा होगा।

# बीसीसीआई ने रणजी प्रारूप में किया बदलाव

● एक टीम को प्रमोट और एक को रेलीगेट किया जाएगा

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला किया कि 2025-26 रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो चरणों में एक संशोधित प्रारूप के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें मौजूदा दो टीमों के बजाय प्लेट समूह से एक टीम को रेलीगेट और एक को प्रमोट किया जायेगा।

बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में नौ टीमों को शामिल किया था। इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे हालांकि इस




प्रतियोगिता में क्रिकेट की गुणवत्ता प्रभावित हुई। मेघालय रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। बीसीसीआई के एक दस्तावेज में कहा गया, ''सभी बहु-दिवसीय पुरुष टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सत्र से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा और एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा।'' इस दस्तावेज की प्रति पीटीआई के पास भी है। लाल गेंद क्रिकेट में प्रारूप में बदलाव सभी आयु समूहों के बीसीसीआई टूर्नामेंटों पर लागू होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नॉकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो गयी है। और यह सत्र का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।

## प्रणति नायक ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली :** भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने दक्षिण कोरिया के जेचेन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली इस 30 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को 13.466 स्कोर करके पोडियम पर तीसरा स्थान पक्का किया। चीन की यिहान झांग ने 13.650 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की थी क्विन न्हू गुयेन ने 13.583 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

युवा भारतीय जिमनास्ट प्रोतिस्ता सामंता ने भी इस स्पर्धा में प्रभावित करते हुए 13.016 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। प्रणति ने इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक हासिल करते हुए अनुभवी जिमनास्ट दीपा करमाकर के दो पदकों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इससे पहले 2019 में उलानबटोर में वॉल्ट में और फिर 2022 में दोहा में कांस्य पदक जीता था।

# महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

● तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए किया पूरा प्रयास

लंदन, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए अच्छे प्रयास किए लेकिन आखिर में वह 2-3 से हार गई।

ऑस्ट्रेलिया ने कोर्टनी शोनेल (16वें मिनट), लेक्सी पिकरिंग (26वें मिनट) के मैदानी गोल और टैटम स्टीवर्ट (35वें मिनट) के पेनल्टी स्ट्रोक पर के गए गोल की मदद से 3-0 की बढ़त ले ली। भारतीय टीम ने हालांकि दीपिका और नेहा के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन वह हार नहीं टाल सकी। भारत ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहा। नौवें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने उसका अच्छी तरह से बचाव किया। इसके बाद 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर एलीशा पावर ने शानदार बचाव करके भारत के प्रयासों को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होने के एक मिनट बाद ही भारत की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शोनेल ने गोल कर दिया। इसके 10 मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया ने पिकरिंग के गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा और हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के पांच मिनट बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सुनीता टोप्पो ने खतरे को टाल दिया। आस्ट्रेलिया को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक मिला और स्टीवर्ट ने बिना कोई गलती किए अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर भारत के नाम रहा और अपने पहले पेनल्टी कॉर्नर से अंतर को कम किया, जिसे दीपिका ने बड़े ही शानदार तरीके से गोल में बदला।

**जीत का संघर्ष**


एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी की फेलिसिया विडेरमैन (बाएं) बेल्जियम की पेरिन डी क्लर्क के साथ गेंद के लिए लड़ती हुई। ● एजेंसी

# आखिरी क्षणों में गोल गंवाना फिर भारी पड़ा भारत को

**एफआईएच प्रो लीग**

● ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारा, लगातार पांचवीं असफलता मिली टीम को

एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को यहां अभिषेक के दो गोल की मदद से दो गोल की बढ़त के बावजूद टीम को आखिरी क्षणों में गोल गंवाने के कारण ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गया। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट में नीदरलैंड और अर्जेंटीना से दो-दो बार हार चुकी है। इस तरह से यूरोपीय चरण में यह उसकी लगातार पांचवीं हार है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और अभिषेक (आठवें और 35वें मिनट) के दो गोल की मदद से 35वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बना ली।

ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि मध्यांतर के बाद अधिक आक्रामक रवैया अपनाया तथा नाथन एफ्राम्स (42वें मिनट), जोएल रिंटाला (56वें मिनट) और टॉम क्रेग (60वें मिनट) के गोल से जीत



भारत के सुमित (बाएं) ऑस्ट्रेलिया के डेविस एटकिन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। ● एजेंसी

सुनिश्चित की। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के अपने पहले चार मैचों में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी प्रेरित दिखी और उसने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम कप्तान और शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना उतरी, क्योंकि अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में लगी चोट के कारण उन्हें विश्राम दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू में ही अपने इरादे जतला दिए थे और आठवें मिनट में अभिषेक के गोल से बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने मनप्रीत सिंह से पास पर सर्कल के ऊपर से गोल किया। आस्ट्रेलिया को 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोलकीपर सूरज करकेरा ने अच्छा बचाव करते हुए विपक्षी टीम को गोल करने से रोक दिया। अभिषेक जल्द ही अपना दूसरा गोल करने के करीब थे लेकिन उनका बैकहैंड फ्लिक गोल से कुछ इंच दूर रह गया। इसके बाद 19वें मिनट में करकेरा ने जोएल रिंटाला के नजदीकी प्रयास को शानदार तरीके से नाकाम कर दिया। भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में एक और मौका मिला लेकिन जुगराज सिंह इसका फायदा नहीं उठा पाए। मध्यांतर के बाद भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी जब सुखजीत सिंह ने सर्कल के सामने अभिषेक को गेंद थमाई जिन्होंने रिवर्स हिट से विपक्षी गोलकीपर को छकाते हुए दिन का अपना दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन करकेरा ने उसे बेहतरीन तरीके से बचा लिया लेकिन एफ्राम्स ने रिबाउंड से गोल कर दिया। भारत ने 48वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन वे गोल नहीं कर पाए। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 10 मिनट में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।

## जूडो खिलाड़ी ने कोच पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

● उत्तराखंड उच्च न्यायालय पहुंचा मामला

नैनीताल, एजेंसी

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अपने कोच पर प्रशिक्षण के दौरान यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली 19 वर्षीय जूडो खिलाड़ी द्वारा दायर जनहित याचिका पर अगली सुनवाई सोमवार को निर्धारित की है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई शुरू की। अब इसे 16 जून के लिए निर्धारित कर दिया गया है।

देहरादून की रहने वाली इस खिलाड़ी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि वह राष्ट्रीय स्तर की जूडो-कराटे खिलाड़ी है। पिछले सात वर्षों से देहरादून में सविता गुरुंग से प्रशिक्षण ले रही है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 2024 में भोपाल में आयोजित किए गए राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर के लिए उसका चयन हुआ था, लेकिन गुरुंग ने उसे भोपाल जाने की अनुमति देने के बजाय मुरादाबाद में कोच सतीश शर्मा के पास भेज दिया। वो गुरुंग का कोच भी रह चुका है। आरोप है कि 12 मार्च को प्रशिक्षण के दौरान शर्मा उसे अपने फार्महाउस पर ले गया। उसने गेट बंद कर दिया और उसका यौन उत्पीड़न किया। इस खिलाड़ी ने याचिका ने कहा है कि जब उसने इसका विरोध किया तो उसने उसका करियर बर्बाद करने और उसे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग न लेने देने की धमकी दी। बाद में जब वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गई तो मानसिक रूप से तैयार नहीं थी।

## तिरंगे से रोशन आसमान



हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को आयोजित 215वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड के दौरान भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एयरोबेटिक्स टीम 'सूर्य किरण' ने आसमान में अद्भुत करतब दिखाए। उनके लाल-सफेद विमानों ने अनुशासन, साहस और गर्व का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन में भारतीय वायु सेना के भावी अधिकारी देश सेवा की शपथ लेते नजर आए। वहीं वायुसेना के सूर्य किरण ने आसमान में ऐसे तीन रंगों को बिखेरा मानो जैसे पूरा आसमान ही तिरंगा मय हो गया हो। एजेंसी

# नार्को टेस्ट

## सच सामने लाने की तकनीक

न्यायिक जांच और अपराध की गुत्थियों को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का सहारा लिया जाता है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है नार्को टेस्ट। यह एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है जिसमें व्यक्ति को अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाकर उससे जानकारी प्राप्त की जाती है। इस टेस्ट में उपयोग की जाने वाली दवा व्यक्ति की सोचने-समझने और झूठ बोलने की क्षमता को सीमित कर देती है, जिससे वह अनजाने में सही तथ्यों को उजागर कर देता है। हालांकि यह प्रक्रिया विवादास्पद भी रही है, क्योंकि इसमें व्यक्ति की निजता और मानवाधिकारों से जुड़े पहलू भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसके स्वैच्छिक उपयोग पर जोर दिया है।



### क्या है नार्को टेस्ट

- नार्को एनालिसिस, जिसे नार्को टेस्ट कहा जाता है, एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति को सोडियम पेंटोथल जैसी दवा देकर अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाया जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति का मस्तिष्क पूर्णतः सचेत नहीं होता, जिससे वह अपनी इच्छा से झूठ बोलने या जानकारी छिपाने में सक्षम नहीं रहता। इस अवस्था को हाइपोथेटिक ट्रांस भी कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति के मन की बातों को आसानी से बाहर लाया जा सकता है।

### कैसे होती है जांच

- इस टेस्ट को प्रशिक्षित चिकित्सकों की निगरानी में किया जाता है।
- सबसे पहले व्यक्ति की जांच होती है कि वह दवा के प्रभाव को सह सके।
- फिर उसे सोडियम पेंटोथल या थायोपेन्टोन सोडियम इंजेक्शन देते है।
- व्यक्ति अर्ध-चेतन अवस्था में जाता है, और जांच एजेंसियां सवाल करती हैं।
- इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग होती है, अदालत में प्रमाण के रूप में रखते है।

### कैसे मिलती है मदद

- अपराध की जांच में नई जानकारी मिलती है।
- आरोपी की सच्चाई और झूठ की पहचान की जा सकती है।
- गुमशुदा लोगों के मामले, आतंकवाद, हत्या और बलात्कार जैसे जटिल मामलों में सहायक होता है।
- अन्य वैज्ञानिक परीक्षणों (पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग) के साथ मिलकर इसे उपयोग में लाया जाता है।

### कानूनी पहलू और विवाद

- भारत में नार्को टेस्ट को कानूनी रूप से तभी अनुमति है जब संबंधित व्यक्ति की सहमति हो। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य (2010) मामले में यह स्पष्ट किया कि नार्को टेस्ट को जबरन कराना असंवैधानिक है। संविधान का अनुच्छेद 20 (3) व्यक्ति को आत्म-अभियोग से बचाने का अधिकार देता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि व्यक्ति को खुद के खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

### जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण

- नार्को टेस्ट जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण हो सकता है, लेकिन इसकी वैधानिकता, नैतिकता और मानवीय अधिकारों का ध्यान रखते हुए ही इसका उपयोग होना चाहिए। यह वैज्ञानिक उपकरण अपराध की सच्चाई तक पहुंचने में मदद करता है, लेकिन इसे सबूत के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती, जब तक कि यह अन्य साक्ष्यों से समर्थित न हो।

## एक नजर

### मोदी 15 से साइप्रस, कनाडा व क्रोएशिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी 15 जून से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, वह कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और साइप्रस तथा क्रोएशिया भी जाएंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगी। मोदी सबसे पहले, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15-16 जून को साइप्रस जाएंगे। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे।

### मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से जबरन वसूली के आरोप में पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को थौबल, काकचिंग, इंफाल पश्चिम और तेंग्नौपाल जिलों से गिरफ्तारियां की गईं। यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक (यूपीपीके) के एक सदस्य को काकचिंग जिले के लैंगमीडोंग मैनिंग लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। संदिग्ध की पहचान अकोईजाम रॉबिन्सन (51) के रूप में हुई है, जिस पर इंफाल के स्कूलों से जबरन वसूली करने का आरोप है। उसके पास से .32 पिस्तौल जब्त की गई है।

### परिवार ने जहर खाया, तीन बच्चों की मौत, दंपति गंभीर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक ही परिवार के 5 लोगों ने जहर खा लिया जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई है तथा दंपति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार रात परतापुर थाना क्षेत्र में चंद्रपुर ग्राम पंचायत के परलकोट विलेज-70 की है जहां गांव के निवासी देवेंद्र बैरागी (36) ने खाने में जहर मिलाकर अपने बच्चों दीप्ती बैरागी (12), जुतिका बैरागी (नौ) और देवराज बैरागी (छह) को खिला दिया। इसके बाद बैरागी और उसकी पत्नी ने भी जहर खा लिया। तीनों बच्चों की मौत हो गई है तथा पति-पत्नी को गंभीर हालत में पंखाजूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### विस्फोट में सीआरपीएफ अधिकारी की मौत

**भुवनेश्वर/चाईबासा।** ओडिशा-झारखंड सीमा पर शनिवार को नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले एएसआई सत्यवान कुमार सिंह (34) उस टीम का हिस्सा थे जो 27 मई को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक पत्थर खदान के पास से माओवादियों द्वारा लूटे गए विस्फोटकों की तलाश में सारंडा जंगल में तलाश अभियान चला रही थी। ओडिशा पुलिस, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम का तलाश अभियान जारी था और इसी दौरान आईईडी विस्फोट हुआ।

### कामरा पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाने वाले गीत को लेकर स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जल्द शुरू होगी। वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कामरा ने एक्स पर विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही के बारे में समाचार को रीट्वीट किया और लिखा, वास्तविक विशेषाधिकार हनन लोगों को हर दिन परिवहन में मरने देना है। कामरा इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में हुए लोकल ट्रेन हादसे में चार लोगों की मौत की घटना की ओर इशारा कर रहे थे।

# भारत कर सकता है मध्य एशिया का तनाव कम

## इजराइली राजदूत बोले- भारत में इजराइल-ईरान के तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता



तेल अवीव पर हुए हमलों को रोकता इजराइली आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली।

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आशा व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारत में इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता है।

अजार ने कहा, भारत के पास दोनों पक्षों के साथ बातचीत के रास्ते हैं। यह वास्तव में भूमिका (मध्यस्थता में) निभा सकता है। हम भारत के साथ इस ईमानदार बातचीत से खुश हैं जो हमारा बहुत अच्छा मित्र है... हम आपकी चिंताओं को ध्यान से सुनते हैं। मुझे लगता है कि वे (चिंताएं) जायज हैं। इजराइल और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ हमले किए जाने से पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के बीच यह टिप्पणी आई है। नेतन्याहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन करके इजराइल की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

राजदूत ने इस कार्रवाई को ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के उद्देश्य से और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से उत्पन्न अस्तित्वगत खतरे का जवाब देने के लिए रक्षात्मक उपाय बताया। इस बात पर बल देते हुए कि इजराइल के पास निर्णायक कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं था, अजार ने कहा, ''दुनिया का कोई भी देश इस तरह के हालत पैदा करना नहीं चाहता है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी अधिकारियों का एक गुप्त समूह इजराइल को तबाह करने के इरादे से परमाणु हथियार तैयार करने का प्रयास कर रहा था और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई बार-बार यह बात कहते रहते हैं। आने वाले वर्षों में बैलिस्टिक मिसाइलों का विशाल शस्त्रागार बनाने की ईरान की योजनाओं की तरफ गौर कराते हुए अजार ने कहा, हमें एक आसन्न खतरे को दूर करना था और उनके परमाणु प्रतिष्ठानों एवं बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी थी।

### ईरान के पास विशाल शस्त्रागार, जो इजराइल के लिए खतरा



राजदूत ने कहा, ईरान तीन वर्षों में 10,000 और छह वर्षों में 20,000 बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने की योजना बना रहे हैं। उनके पास विशाल शस्त्रागार है जो इजराइल के लिए खतरा है। वे दक्षिणी मोर्चे से हम पर हमला कर सकते हैं, इसलिए हमारे पास इस परमाणु खतरे पर कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और हम इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए दृढ़ हैं। अजार ने कहा कि इजराइल के जारी अभियानों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान यूरेनियम को संवर्धित न कर सके, जो एक ऐसा लक्ष्य है जिसे कूटनीतिक या सैन्य दोनों तरीके से हासिल करने के लिए इजराइल दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 60-दिवसीय वार्ता अवधि का संदर्भ देते हुए कहा कि ईरान द्वारा इसे न मानने पर 61वें दिन इजराइल ने कार्रवाई की। अजार ने आरोप लगाया, ईरान दूसरे देशों को धोखा दे रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु खतरे के बेअसर होने तक इजराइल अपना अभियान जारी रखेगा। लक्षित हमलों में ईरान के सैन्य नेताओं और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत पर अजार ने कहा कि हमलों का उद्देश्य इजराइल को तबाह करने की आपराधिक साजिश को विफल करना है। उन्होंने कहा, इस साजिश के लिए जिम्मेदार लोगों को मिटा दिया गया है। हमें उम्मीद है कि उनके उत्तराधिकारी सबक सीखेंगे और ऐसी हरकतें करना बंद कर देंगे।

### इजराइली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा

**दुबई।** ईरान की ओर से ड्रोन और मिसाइल हमलों के मद्देनजर इजराइल का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने शनिवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर हमले किए थे। जवाब में ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमले किये जाने के बाद, तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया। लेबनान और जॉर्डन समेत क्षेत्र के विभिन्न देशों ने कहा कि वे शनिवार को अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोल रहे हैं।

### पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को लक्षित करेगा ईरान

**तेहरान।** ईरानी सेना ने कहा कि वह इजराइल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजराइल की ओर से किए हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक एजेंसी ने शनिवार को अज्ञात स्रोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया। यह युद्ध इज़राइली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था।

# ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी



इजराइल द्वारा ईरान पर बमबारी जारी रखने का संकल्प जताए जाने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से आग्रह किया कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के लिए शीघ्र समझौता करे। ट्रंप ने पश्चिम एशिया में इस नाजुक क्षण को ईरान के नेतृत्व के लिए एक संभावित दूसरे अवसर के रूप में प्रस्तुत किया ताकि और अधिक तबाही से बचा जा सके।

राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के विनाशकारी हमलों के बाद आगे की कठिन राह पर चर्चा करने के लिए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प जताया है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने तक हमले जारी रहेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि इन हमलों में उसकी कोई संलिप्तता नहीं है। ट्रंप ने रेखांकित किया कि इजराइल ने अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए विशाल हथियार भंडार का उपयोग ईरान के नातांज स्थित मुख्य परमाणु केन्द्र, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाने के लिए किया। ट्रंप ने सोशल मंच 'ट्रुथ' पर कहा कि उन्होंने ईरान को चेतावनी दी थी कि यह उससे भी कहीं अधिक बुरा होगा, जो वे सोचते हैं, अनुमान लगाते हैं, या उन्हें बताया गया है। अमेरिका सबसे घातक सैन्य उपकरण बनाता है, और इनमें से कुछ इजराइल के पास है और वे जानते हैं कि इसका उपयोग कैसे करना है।

### हमलों के बाद अमेरिका से वार्ता निरर्थक : ईरान


**दुबई।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि देश पर इजराइली हमलों के बाद अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता निरर्थक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई की टिप्पणियों से दोनों देशों के बीच रविवार को ओमान में होने वाली वार्ता पर संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। खबर में बाघेई के हवाले से कहा गया, अमेरिका ने ऐसा काम किया है कि बातचीत का कोई अर्थ नहीं बचा। इजराइल ने अपने हमलों के ज़रिए आपराधिक कृत्य करके सभी लक्ष्मण रेखाएं पार कर दी हैं। उन्होंने यह कहने से परहेज किया कि वार्ता रद्द कर दी गई है।

# भारत का गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए इजराइली सेना ने मांगी माफी

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान के हिस्से के रूप में दर्शाने वाला गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संबंधित मानचित्र सीमाओं को सटीक रूप से चित्रित करने में विफल रहा। इजराइली सेना की ओर से मानचित्र पोस्ट किए जाने के बाद भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आपत्ति जताई थी।

यह नक्शा इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट किया था, जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज दिखाई गई थी। इस पोस्ट की भारत में सोशल




मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आलोचना की थी। इस संबंध में उपयोगकर्ता ने एक्स पर टिप्पणी की, अब आपको समझ में आ गया होगा कि भारत तटस्थ क्यों रहता है। कूटनीति में कोई भी वास्तव में आपका मित्र नहीं होता। आईडीएफ ने स्वीकार किया कि मानचित्र सीमाओं को चित्रित करने में विफल रहा है। आईडीएफ ने कहा, यह पोस्ट क्षेत्र का चित्रण है। इस छवि के कारण पहुंची किसी भी ठेस के लिए हम क्षमा चाहते हैं। इसने पोस्ट में ईरान के खिलाफ ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू करने को उचित ठहराया था और साथ ही गलत मानचित्र पेश किया था। आईडीएफ ने लिखा, ईरान वैश्विक खतरा है। इजराइल अंतिम लक्ष्य नहीं है, यह तो शुरुआत है। हमारे पास कार्रवाई के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। इजराइली वायुसेना ने भी छोटा वीडियो पोस्ट किया जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज को दर्शाते हुए ऐसा ही नक्शा दिखाया गया।

# नीट अभ्यर्थियों से ठगी करने में दो को सीबीआई ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2025 के अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से ठगी के आरोप में महाराष्ट्र से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों ने दावा किया था कि वे अंकों में हेरफेर कर सकते हैं और इसके लिए वे प्रति उम्मीदवार 90 लाख रुपये वसूल रहे थे।


सीबीआई के अनुसार, संदीप शाह (सोलापुर) और सलीम पटेल (नवी मुंबई) ने दावा किया था कि उनके राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) से संपर्क हैं और वे अभ्यर्थियों के अंक बढ़वा सकते हैं। एजेंसी को तीसरे आरोपी की तलाश है और उसे पूरे प्रकरण का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर प्रति अभ्यर्थी 90 लाख तक की मांग की थी, बाद में मेधा सूची में स्थान सुनिश्चित कराने के लिए बातचीत के दौरान राशि घटाकर 87.5 लाख कर दी थी। सीबीआई ने बताया, आरोपियों के मोबाइल फोन में उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर, एडमिट कार्ड, ओएमआर शीट और लेनदेन के साक्ष्य हैं।

# मणिपुर : 300 से अधिक राइफल और गोला-बारूद हुए बरामद

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात खुफिया सूचना पर समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने हथियार बरामद किए।

अधिकारी ने कहा कि जब्त वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, 5 कार्बाइन, 2 एमपी5 बंदूक, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की 6 राइफल, 2 अमोघ राइफल, 1 मोर्टार, 6 पिस्तौल, 1 एआर-15 और 2 फ्लेयर बंदूक हैं। अधिकारी घाटी के इंफाल पूर्व और पश्चिम, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल में



भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छिपाए जाने की जानकारी के बाद अभियान शुरू हुआ। यह अभियान सामान्य स्थिति बहाल करने, लोक व्यवस्था बनाए रखने और जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में लोगों और उनकी संपत्ति की सुरक्षा करने के प्रयासों में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ नो किंग्स प्रदर्शन की तैयारी

फिलाडेल्फिया, एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पूरे अमेरिका में नो किंग्स नाम से शनिवार को होने वाले प्रदर्शन की बड़े पैमाने पर तैयारी चल रही है। अधिकारियों ने लोगों से शांति की अपील की है। इस प्रदर्शन की तैयारी ऐसे समय चल रही है जब नेशनल गार्ड के जवान एकत्र हुए हैं और ट्रंप सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाशिंगटन में एक सैन्य परेड में शामिल हुए हैं।

फिलाडेल्फिया में नो किंग्स मार्च और रैली की योजना बनाई गई है, लेकिन वाशिंगटन में कोई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना नहीं है, जहां ट्रंप के जन्मदिन पर सैन्य परेड होगी। अमेरिका के कई शहरों में पहले ही संघीय आव्रजन प्रवर्तन छापों और ट्रंप द्वारा नेशनल गार्ड सैनिकों और मरीन को लॉस एंजिलिस भेजने के आदेश के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और इनसे उन्हें (रैली के आयोजकों को) और बल मिल



रहा है। आव्रजन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने एक राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और कारों को आग लगा दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, रबर की गोलियों और फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया है, जबकि लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी शासित राज्यों के गवर्नर ने ट्रंप द्वारा गार्ड तैनाती को सत्ता का खतरनाक दुरुपयोग करार दिया है। उनका कहना है कि फैसला दिखाता है कि ट्रंप प्रशासन स्थानीय कानून प्रवर्तन पर भरोसा नहीं करता है।

**पराक्रम की गाथा** — डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने किया संबोधित

# ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित

## प्रमुख ने कहा- पहलगाम हमले के बाद वायुसेना ने अद्वितीय पराक्रम का उदाहरण किया पेश

हैदराबाद, एजेंसी

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का शानदार उदाहरण है। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि इस अभियान ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया।

यहां डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। उन्होंने युवा अधिकारियों से आह्वान किया कि वे सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाएं। वायुसेना



प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है जिसमें हमने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। आप वायुसेना का भविष्य हैं तथा आपको यह समझना होगा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहला कदम उठाने वाली रही है और रहेगी।

उन्होंने कहा, भारत के प्रत्येक नागरिक द्वारा भारतीय वायुसेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि युद्धक्षेत्र दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है तथा युवा अधिकारियों को भविष्य के संघर्षों में सफल होने के लिए लगातार प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना तेजी से एक एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है तथा कई युवा अधिकारी अंतरिक्ष में राष्ट्र की अगुवाई करेंगे।

### स्नातक प्रशिक्षुओं को प्रदान किया प्रेसिजेंट्स कमीशन

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित, नवोन्मेषी और जुनूनी होना होगा। सिंह ने इन अधिकारियों को स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक चुस्ती-फुर्ती तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में फ्लाइट कैडेट्स के सेवा में शामिल होने से पहले के प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने पर आयोजित किया गया। समारोह के दौरान वायुसेना प्रमुख ने स्नातक प्रशिक्षुओं को 'प्रेसिजेंट्स कमीशन' प्रदान किया। इस समारोह में भारतीय वायुसेना के फ्लाइट कैडेटों, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और वियतनाम के एक अधिकारी को प्रशिक्षण के सफल समापन पर 'विंग्स' प्रदान किए गए।